सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-234 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 03 फरवरी 2024
22 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### यूपी विधानसभा बजट सत्र की हंगामेदार शुरुआत, हंगामे के बीच राज्यपाल ने पढ़ा पूरा अभिभाषण

# रामराज्य स्थापित करने में सफल रही सरकारः आनंदीबेन पटेल

**बजट सत्र**

- आप नारा लगाने में रह गए और भाजपा ऊपर चली गई : राज्यपाल
- प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया सेंटर की हो रही स्थापना
- अयोध्या में जारी विकास परियोजनाएं गिनाईं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार को हंगामेदार ढंग से शुरू हुआ। पहले दिन सदन में जहां सत्ता पक्ष के सदस्यों के जय श्री राम के नारों की गूंज सुनाई दी तो वहीं विपक्षी सदस्यों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राज्यपाल-वापस जाओ के नारे लगाए। जब सपा सदस्यों ने नारेबाजी तेज की तो राज्यपाल ने कहा कि कौन जाएगा, यह बाद में पता चलेगा। मैं नहीं जा रही। इसके बाद भाजपा विधायकों ने मेज थपथपानी शुरू कर दी। पटेल ने यह भी कहा कि सात साल पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था आज देख लीजिए। अपना भाषण समाप्त करने से पहले, उन्होंने स्पष्ट रूप से सपा विधायकों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप नारा लगाने में रह गए और ये (भाजपा) ऊपर चली गई। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के अंत में कहा कि प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रदेश में रामराज्य स्थापित करने में सफल रही है। प्रदेश में दो बार हुई इंवेस्टर्स समिट, जी20, विश्वकप 2023 के आयोजन के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ है जिसने दुनिया के सामने प्रदेश की एक नई छवि रखी है। सत्र के पहले दिन उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरकार की कुशल एवं प्रभावी नीतियों की मदद से राज्य में लगभग छह करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। उन्होंने साथ ही कहा कि राम मन्दिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है।

### 11 को रामलला के दर्शन करेगी योगी की कैबिनेट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी कैबिनेट 11 फरवरी को रामलला के दर्शन करेगी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत विभिन्न दलों के विधायक भी मौजूद रहेंगे। पूर्व में सीएम योगी ने एक फरवरी को कैबिनेट के साथ दर्शन करने की घोषणा की थी। हालांकि अयोध्या में रोजाना दर्शन के लिए देश भर से उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया था।

## हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है सरकारः सीएम

**अपील**

- दलीय सीमाओं से उठकर सकारात्मक चर्चा का हिस्सा बने विपक्षः योगी
- विरोधी दल सकारात्मक चर्चा में लें हिस्सा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वर्ष 2024 के उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ के अवसर पर सभी विपक्षी सदस्यों से दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास के लिए सदन में सकारात्मक चर्चा की अपील की। सत्र शुभारंभ के पूर्व उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर सीएम योगी ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भी सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमने दलीय नेताओं की बैठक में इस बारे में बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार विधानमंडल की कार्रवाई का हिस्सा बनने वाले हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और उससे संबंधित जो तथ्यपरक और सही जानकारी होगी उसको सदन के समक्ष रखने और माननीय सदस्यों को अवगत कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्रवाई को सुचारू और नियमसंगत तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सभी का आह्वान करता हूं। लोकतंत्र के उन मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप सत्र की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में उनके सकारात्मक योगदान की भी अपेक्षा रखता हूं। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सकुशल संपन्न होने की आप सभी को हृदय से बधाई देता हूं और आज से प्रारंभ हो रहे वर्ष 2024 के उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का हृदय से स्वागत करता हूं।

# चंपई सोरेन बने झारखण्ड के सीएम

### कांग्रेस से आलमगीर और राजद कोटे से सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली

**ताजपोशी**

- 5 फरवरी को चंपई सोरेन की अग्निपरीक्षा
- विधानसभा में साबित करना होगा बहुमत
- शपथ ग्रहण से पहले शिबू सोरेन से मुलाकात की



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली। चंपई सोरेन को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री मनोनीत किया था। इससे पहले चंपई सोरेन ने शिबू सोरेन से मुलाकात की। इसके बाद चंपई ने कहा कि गुरुजी हमारे आदर्श हैं, शपथ लेने से पहले हम गुरुजी और माताजी (रूपी सोरेन) से आशीर्वाद लेने आए थे। मैं झारखंड आंदोलन से जुड़ा था और मैं उनका शिष्य हूं। शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही देर बाद ही झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंच गए हैं। हैदराबाद एयरपोर्ट से उन्हें बसों द्वारा एक रिसॉर्ट में ले जाया गया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हमें सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया था। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं ले सकते, क्योंकि भाजपा हमारे विधायकों से संपर्क करने की कोशिश कर सकती है।

गुरुवार को झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा जारी एक वीडियो में 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 43 विधायकों का समर्थन दिखाया गया। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर ने कहा कि चंपई सोरेन को अपनी सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है। कांग्रेस राज्य में झामुमो-नीत गठबंधन की सहयोगी पार्टी है। इससे पहले चंपई सोरेन ने कहा था कि हम एकजुट हैं। हमारा गठबंधन मजबूत है, इसे कोई तोड़ नहीं सकता।

### विनय चौबे बने मुख्यमंत्री सोरेन के प्रधान सचिव

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी विनय कुमार चौबे मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के प्रधान सचिव नियुक्त किए गए हैं। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। चौबे तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी प्रधान सचिव थे। हेमंत के इस्तीफा के बाद उन्होंने गुरुवार को स्वतः पदभार त्याग दिया था।

### क्राइम ब्रांच के घेरे में अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर शुक्रवार रात दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की एक टीम पहुंची है। क्राइम ब्रांच की टीम एक मामले में नोटिस देने पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक मौके पर एसीपी भी मौके पर हैं। क्राइम ब्रांच ने केजरीवाल पर विधायक खरीद फरोख्त के आरोप लगाए हैं। 27 जनवरी को केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा था कि बीजेपी ने उनके विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये का ऑफर दिया है और साथ ही पार्टी का टिकट देने का भी लालच दिया है। केजरीवाल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, पिछले दिनों इन्होंने हमारे दिल्ली के सात एमएलए को संपर्क कर कहा है कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद एमएलए को तोड़ेंगे। 21 एमएलए से बात हो गई है औरों से भी बात कर रहे हैं। उसके बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे। आप भी आ जाओ।

## अब सुप्रीम कोर्ट जाएगा जमीयत

**ज्ञानवापी**

- फैसला पूरी तरह गलत, हमारा पक्ष सुना नहीं गया
- वाराणसी जिला न्यायाधीश के फैसला पर हैरानी है



**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार मिलने के बाद मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट पर बात न सुनने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा है कि इस मामले में जल्द राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेंगे।

शुक्रवार को दिल्ली के जमीअत उलमा ए हिन्द कार्यालय में मुस्लिम पक्ष की बैठक हुई। बैठक के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि कोर्ट में हमें अपनी बात तक रखने का मौका नहीं दिया गया। जिस तरह से तहखाने में पूजा शुरू करवा दी गई वह प्रशासन के कार्य पर सवाल उठाता है। अदालत ने प्रशासन को इस काम के लिए सात दिन का समय दिया था। उन्होंने कहा कि वाराणसी जिला न्यायाधीश के फैसला पर हैरानी है। यह फैसला गलत और निराधार है। तहखाने में कभी भी पूजा नहीं हुई थी, एक निराधार दावे को बुनियाद बनाकर जिला जज ने सेवा के अंतिम दिन आपत्तिजनक फैसला दिया। हिंदू पक्ष ने गलत तथ्यों का आधार बनकर मामले पेश किया जिससे समाज में माहौल खराब हो गया है। यह रिपोर्ट महज एक दावा है। उन्होंने कहा कि जिला अदालत को भी मुस्लिम पक्ष को अपील का मौका देना चाहिए था जो कि उस का कानूनी अधिकार है। समस्या केवल ज्ञानवापी मस्जिद तक सीमित नहीं है, बल्कि जिस तरह मथुरा की शाही ईदगाह, दिल्ली की सुनहरी और अन्य मस्जिदों से जुड़ा हुआ है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह से सब चलता रहा तो देश में कही भी विवाद खड़ा होगा और इसमें मुस्लिम पक्ष की बात नहीं सुनी जाएगी। इस मौके पर जमीअत उलमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना सय्यद असद महमूद मदनी, जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष जनाब मलिक मोतसिम खान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस 40 सीट भी नहीं जीत पाएगी : ममता

**कटाक्ष**

- पता नहीं कांग्रेस को इतना घमंड क्यों है
- अगर हिम्मत है तो भाजपा को बनारस में हराए



**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस पार्टी को इतना अहंकार किस बात का है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस 300 में से 40 सीट भी जीत पाएगी या नहीं. कांग्रेस पार्टी पहले जहां-जहां जीतती थी, अब वहां भी हारती जा रही है। अगर कांग्रे में हिम्मत है तो वह बनारस में बीजेपी को हराकर दिखाए। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बंगाल आई थी. लेकिन मुझे बताया तक नहीं गया. हम इंडिया गठबंधन में हैं. लेकिन उसके बावजूद मुझे इसकी जानकारी नहीं दी गई. मुझे प्रशासन से इसके बारे में पता चला। ममता बनर्जी ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश में चुनाव नहीं जीते. आप राजस्थान में भी चुनाव नहीं जीते. हिम्मत है इलाहाबाद में जाकर जीतकर दिखाओ, वाराणसी में जीतकर दिखाओ. हम भी देखें कि आपमें कितनी हिम्मत है।

# तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : मोदी

**अर्थव्यवस्था**

- तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयारः पीएम
- पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी में कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि आज का भारत 2047 तक विकसित होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का आर्थिक शक्ति केंद्र बनने के करीब, परिवहन क्षेत्र को इसमें अहम भूमिका निभानी है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने उद्योग से बैटरी विनिर्माण के लिए स्थानीय तौर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करने के लिए अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने को कहा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले चरण में ट्रक, टैक्सी ड्राइवरों के लिए राजमार्गों के किनारे 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब मेरी पहली टर्म थी उस समय मैंने एक ग्लोबल लेवल की मोबिलिटी कांफ्रेंस प्लान की थी। उस समय की आप चीजें देखेंगे कि बैट्री पर हमारा फोकस क्यों होना चाहिए, इलेक्ट्रिक व्हीकल की तरफ हमें कैसे जल्दी जाना चाहिए इन विषयों पर विस्तार से वो समिट हुआ था। आज मैं अपनी दूसरी टर्म में देख रहा हूं कि खासी मात्रा में प्रगति हो रही है और मुझे विश्वास है कि तीसरी टर्म में भी यह तेजी से आगे बढ़ेगा। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के तीसरे टर्म में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत में बड़ी संख्या में नव मध्यम वर्ग बना है। जिसकी अपनी आशा है, अपनी आकांक्षाएं हैं। दूसरी ओर, आज भारत में मध्य वर्ग का दायरा भी तेजी से बढ़ रहा है। मध्य वर्ग की इनकम भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 10 साल में देश में करीब 12 करोड़ गाड़ियां बिकीं। हालाँकि, 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे गए हैं।

## सर्वाइकल कैंसर ने ली पूनम पांडे की जान

**सदमा**

- पूनम पांडे के इंस्टाग्राम पर मौत की न्यूज की गई है शेयर
- मौत की खबर से सदमे में बालीवुड



**मुंबई।** विवादों में रहने वाली एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे का निधन हो गया है। दो फरवरी को पूनम पांडे के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक्ट्रेस की मौत की खबर शेयर की गई। पूनम की अचानक मौत की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया है।

पूनम पांडे महज 32 साल की थीं। हालांकि एक्ट्रेस की मौत कब और कहां हुई है, इसे लेकर कोई जानकारी नहीं है। पूनम पांडे के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए पोस्ट में लिखा है, यह सुबह हमारे लिए कठिन है। आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है. उनके कॉन्टेक्ट में आने वाला हर इंसान उनसे प्यार से मिला. दुःख की इस घड़ी में, हम प्राइवेसी की रिक्वेस्ट करेंगे। हम उन्हें हमारे द्वारा शेयर की गई हर बात के लिए प्रेमपूर्वक याद करेंगे।

**चुनौती** — व्यासजी तहखाने मामले में मुस्लिम पक्ष को राहत नहीं

# तहखाने में होती रहेगी पूजाः इलाहाबाद हाईकोर्ट

**अपील**

- अगली तारीख के साथ ही सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश
- हिंदू पक्ष के वकील ने अपील की पोषणीयता पर उठाए सवाल

**प्रयागराज।** वाराणसी स्थित ज्ञानवापी तहखाना में पूजा अर्चना की अनुमति देने संबंधी जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को कोई फौरी राहत नहीं मिली।

अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने 31 जनवरी की स्थिति बहाल करने की मांग की है। अगली सुनवाई अब छह फरवरी को होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने कहा कि मस्जिद पक्ष पहले 17 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दे। इस आदेश से जिलाधिकारी वाराणसी को रिसीवर नियुक्त किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद जिला न्यायालय ने 31 जनवरी के अंतरिम आदेश से काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पुजारी के जरिए तलगृह में पूजा करने की अनुमति दी है। महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र का कहना था कि सरकार की जिम्मेदारी कानून व्यवस्था कायम रखने की है। डीएम सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं। अंजुमन इंतेजामिया कमेटी के वकील एसएफए नकवी से कोर्ट ने पूछा कि बेसिक आदेश 17 जनवरी 2024 का है। उसको क्यों चुनौती नहीं दी। कमेटी के वकील ने कहा कि 31 जनवरी का आदेश आने के कारण तुरंत आना पड़ा। बेसिक आदेश को भी चुनौती देंगे। क्योंकि आदेश होते ही जिलाधिकारी ने रात में तैयारी कर ली और नौ घंटे में पूजा शुरू करा दी। कहा कि जिला जज ने अपने ही आदेश के विपरीत अंतरिम आदेश देकर वस्तुतः वाद स्वीकार कर लिया।

### ज्ञानवापी मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न



**वाराणसी।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ज्ञानवापी मस्जिद में शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज संपन्न हुई। नमाजी ज्ञानवापी से बाहर निकल रहे हैं। ज्ञानवापी में नमाजियों के पुराने रिकॉर्ड टूट गए। आज 2000 के करीब नमाजियों की संख्या रही।

नमाज के बाद करीब 45 मिनट तकरीर चली। तकरीर में मुल्क में अमन और भाईचारे का संदेश दिया गया। वहीं, ज्ञानवापी तहखाने पर आए फैसले पर तकरीर में कोई चर्चा नहीं हुई। तकरीर के दौरान देश के लोकतंत्र पर चर्चा हुई। इशारे में कहा कि देश मे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। जुमे की नमाज को लेकर ज्ञानवापी नमाजियों से पूरी तरह फुल हो गई थी। ऐसे में नमाजियों को काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार पर रोका गया। पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों से यह बोलकर रोका गया कि अंदर बहुत ज्यादा लोगों की भीड़ हो गई है। लोगों से कहा गया कि शहर के अन्य मस्जिदों में नमाज अदा करें।

## हेमंत सोरेन को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**घोटाला**

- सिब्बल के सवाल पर कोर्ट ने कहा हम विचार करने के इच्छुक नहीं
- हाईकोर्ट जाएं हेमंत सोरेन



**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को शुक्रवार को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के पूर्व सीएम के लिए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। उन्हें 31 जनवरी को कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में हेमंत सोरेन की याचिका पर हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।

वहीं दूसरी तरफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा। सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन के वकील से कहा कि उन्हें पहले हाई कोर्ट जाना चाहिए था। हाई कोर्ट भी संवैधानिक अदालत है और वह भी मामले पर विचार करने में उतनी ही सक्षम है। सुप्रीम कोर्ट का नकारात्मक रुख देखते हुए हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने हाई कोर्ट जाने की छूट लेते हुए सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली। प्रवतर्न निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात दस बजे मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार कर लिया था।

# डीएम ने ली जनपदीय क्रियान्वयन, समन्वयन समिति की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अब डेवलपमेंट इंडेक्स के मानकों पर ग्राम पंचायतों की प्रगति परखी जाएगी। जिले में पंचायत डेवलपमेंन्ट इन्डैक्स÷ के क्रियान्वयन को लेकर डीएम के नेतृत्व में रणनीति बनी। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जनपदीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति की बैठक ली, संबंधित अफसरों को जरूरी निर्देश दिए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पंचायत डेवलपमेंन्ट इन्डैक्स एक बहुआयामी वार्षिक प्रकिया होगी, जिसमें पंचायत स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों यथा-स्थास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बालकल्याण, कृषि, पशुपालन, बैकिंग, आजीविका, खाद्य सुरक्षा, आवास, रोजगार तथा एन्फास्ट्रेक्चर आदि पर आधारभूत गुणवत्तापरक 577 इन्डीकेटर पर डाटा संकलन तथा उनका विभिन्न स्तर पर सत्यापन एक महत्वपूर्ण एवं समयवद्ध कार्य होगा, इसमें ग्राम पंचायतों के कार्यप्रदर्शन द्वारा उक्त क्षेत्रों में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे प्रयासों का आकलन किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से पंचायतों में क्रिटिकल गैप का चिन्हांकन कर बेहतर नियोजन, विशेषकर पंचायतों की वार्षिक कार्ययोजनाएं सहभागी एवं समन्वित रूप से तैयार किया जाना सम्भव हो सकेगा। निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स की प्रक्रिया में सहयोग देते हुए निर्धारित समय सीमा में जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने डीडीओ को निर्देश दिए कि सुनिश्चित कराए कि बीडीओ की अध्यक्षता में दो दिवस के भीतर ब्लॉक स्तरीय समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कर ली जाए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा मैप किए जाने वाले 577 इंडिकेटर में सतत विकास लक्ष्यो के राष्ट्रीय फ्रेमवर्क में उल्लेखित 146 इंडिकेटर से श्रेणीबद्ध है। जिसमें 403 इंडिकेटर अनिवार्य, 86 वैकल्पिक, 88 इंडिकेटर की पुनरावृत्ति है।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्तरों पर सभी इंडिकेटर की मैपिंग, डाटा सत्यापन करते हुए डाटा की फीजिंग का कार्य प्रत्येक स्तर पर 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। निर्देश दिए की सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर डाटा फीडिंग का कार्य सुनिश्चित कराए।बैठक में सहमति बनी कि ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित पंचायत सहायक फैसिलिटेटर के रूप में अपनी सेवाएं देगा, जहां पंचायत सहायक नहीं है, वहां रोजगार सहायक फैसिलिटेटर के रूप में काम करेगा। चयन की प्रक्रिया को संबंधित ग्राम पंचायतें समयबद्धता के साथ पूर्ण करेगी। फैसिलिटेटर को मानदेय ग्राम पंचायत की आबादी के आधार पर किया जाएगा। बैठक की शुरुआत में डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि पंचायतों के जरिए सतत विकास लक्ष्यो के स्थानीयकरण की प्रगति ऑकलन और पंचायत स्तर पर प्रमाण-आधारित नियोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत डेवलपमेंन्ट इन्डैक्स का ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वयन होगा। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## मौरंग भरे डंपर से टकराई डाक विभाग की गाड़ी, गाड़ी में सवार दो लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** सुबह सड़क हादसा हो गया। शहर में पंडित दीनदयाल चौराहे के पास डाक विभाग की गाड़ी मौरंग भरे डंपर से टकरा गई। हादसे में गाड़ी सवार दो लोगों की मौत हो गई। चार लोग गंभीर घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है डाक ले जाने वाली गाड़ी शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे गोला की ओर जा रही थी। गाड़ी को डाक रनर ही चला रहा था। गाड़ी में कुछ सवारियां भी बैठी थीं। पंडित दीनदयाल चौराहे के पास यह गाड़ी डंपर से टकरा गई। हादसे में गाड़ी सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हुई है एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। सभी को जिला अस्पताल भेजा गया है। एक मृतक की पहचान शिवकुमार के तौर पर हुई है। दूसरे मृतक के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। हादसे के बाद एसपी गणेश प्रसाद साहा ने घटनास्थल का जायजा लिया है।

# सपा नेता रमेश यादव की हत्या के मुख्य आरोपी हरेंद्र यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सपा नेता रमेश यादव की हत्या के मुख्य आरोपी हरेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बृहस्पतिवार को दिन में पुलिस ने आरोपी के घर के बाहर बुलडोजर खड़ा करा दिया था। रात में मुठभेड़ के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस एक अन्य आरोपी नेत्रपाल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है ऊचौलिया थाना क्षेत्र के गांव ढंढेल-मुस्तफाबाद निवासी समाजवादी युवजन सभा के विधानसभा उपाध्यक्ष रमेश यादव की मंगलवार रात करीब दो बजे लाठी-डंडों व धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी। पड़ोसी गांव के हमलावरों ने उनके भतीजे शुभम पर भी हमला किया और मरा समझकर छोड़कर भाग गए थे। शुभम को गंभीर हालत में शाहजहांपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया मामले में गांव ढंढेल निवासी चार सगे भाई हरेंद्र, सत्येन्द्र, कमलेश और राजीव समेत 10 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी नेत्रपाल को हिरासत में लिया था। पुलिस ने आरोपियों के परिजनों और अन्य संदिग्धों से पूछताछ की। मुख्य आरोपी हरेंद्र यादव पर दबाव बनाने के लिए उसके घर के बाहर बुलडोजर खड़ा करवा दिया रमेश सिंह यादव चार भाइयों में मृतक सबसे छोटा था। रमेश की वर्ष 2016 में शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। बेटी छाया (6) और चार वर्षीय बेटा रूपेश है। रमेश की मौत से पत्नी रोहिणी का रो-रो कर बुरा हाल है। रमेश के एक भाई राजेश की बीते दिसंबर में कैंसर से मौत हो गई थी रमेश की मां लक्ष्मी ने बिलखते हुए बताया कि उसके पति सोहन सिंह करीब 30 साल पहले घर से कहीं चले गए थे। उस समय रमेश करीब चार वर्ष का था। उन्होंने अकेले छोटे-छोटे बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा किया। मां ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई।

## पानी से भरे हौद में गिरकर हुई डेढ़ साल के मानस की मौत

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र में गांव पुनर्भूग्रंट निवासी श्रवण कुमार का डेढ़ साल का बेटा मानस पानी से भरे हौद में गिर गया, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत से मजदूरी पेशा परिवार में चीख-पुकार मच गई जानकारी के मुताबिक मानस शुक्रवार की सुबह घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते पड़ोस के मकान के बाहर बने पानी के हौद में गिर गया, जिससे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद जब उधर से गुजर रहे बच्चों ने उसे हौद में पड़ा देखा तो शोर मचाया परिजन घर से बाहर आए और मासूम को हौद से निकाला। जीवित होने की उम्मीद में परिजन बच्चे को सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम मानस अपने माता-पिता की तीन संतानों में इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। दो फुट गहरा था हौद ग्रामीण क्षेत्रों में अमूमन लोग घरेलू पानी के निकास के लिए घर के बाहर हौद बनवा लेते हैं, लेकिन ढकते नहीं हैं। गांव पुनर्भूग्रंट में खुला हौद मासूम के लिए मौत का कारण बन गया। जिस हौद में बच्चे की डूबकर मौत हुई है, वह दो फुट गहरा था, जिसमें बमुश्किल डेढ़ ही फुट पानी था। माना जा रहा है कि मासूम सिर के बल हौद में गिर होगा, जिससे वह उठ नहीं पाया और मौत हो गई।

## 01 नफर वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त रामलखन उर्फ हग्गू पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम श्रीनगर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त रामलखन उर्फ हग्गू के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## प्रीती सिंह को बनाया गया मोहम्मदी तहसीलदार

**लखीमपुर खीरी।** तहसीलदार मितौली प्रीती सिंह को मोहम्मदी तहसीलदार बनाया गया,पलिया से संतोष कुमार शुक्ला को मितौली भेजा गया।

## गैर जनपद से आये चारों बीडीओ को जनपद खीरी में मिली तैनाती

**लखीमपुर खीरी।** गैर जनपद से आये चारो बीडीओ को जनपद खीरी में मिली तैनाती सुमित कुमार सिंह को धौरहा अमित सिंह परिहार को मितौली श्रद्धा गुप्ता को बेहजम और ज्ञानेंद्र सिंह को लखीमपुर सदर की मिली कमान।

## अज्ञात तांत्रिक और उसकी शिष्या समेत छह आरोपियों पर छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने न्यायालय के आदेश पर अज्ञात तांत्रिक और उसकी शिष्या समेत छह आरोपियों पर छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज कराया है। मामला डेढ़ साल पुराना है महिला ने बताया कि उसके संतान नहीं है। गांव की ही रहने वाली आरोपी सरिता ने झांसा दिया कि उसके गुरुजी के आशीर्वाद से कई लोगों को संतान सुख मिला है। उसके पति झांसे में आकर पति और ससुर ने पूजा सामग्री के नाम पर तंत्र-मंत्र के लिए 25 हजार रुपये सरिता को दे दिए। आरोप है कि 19 सितंबर 2022 को एक तांत्रिक आरोपी सरिता के घर आया और पूजा के नाम पर उसे कमरे में रोक लिया। बाल खोलकर आसन पर बैठने को कहा। प्रसाद के नाम पर शराब पीने को दी मना करने पर तांत्रिक ने छेड़खानी की और मारा-पीटा। वह किसी तरह कमरे से बाहर निकली। जहां आरोपी सरिता के पति सोमपाल, ससुर चरंजू, जेठ राजपाल व सास कांती देवी ने गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अज्ञात तांत्रिक, सरिता, सोमपाल, राजपाल, कांती देवी पर चरंजू पर केस दर्ज किया है।

## सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने दिलाई शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार (जनमंच) में नगर निगम द्वारा उद्यमिता विकास संस्थान व नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कार्पोरेशन (एनएसकेएफडीसी) के सहयोग से नमस्ते (नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज़्ड सेनीटेशन इको सिस्टम) योजना के अंतर्गत सीवर और सेप्टिक टैंक की जोखिमभरी सफाई की रोकथाम को लेकर आज यहां एक कार्य शाला का सफ़लता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीवर सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य करने की शपथ भी दिलाई गयी।महानगर के अतिरिक्त जिले की अन्य निकायों से सम्बद्ध सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले सफाई मित्रों को आज जनमंच सभागार में प्रशिक्षण दिया गया, सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम व अधिशासी अभियंता जलकल विजय बहादुर ने सीवर सफाई मित्रों को बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर टैंक में उतरने के जोखिमों से अवगत कराते हुए कार्य के दौरान पूर्णतः सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। एनएसकेएफडीसी दिल्ली से आये प्रशिक्षक मौ. अख्तर व मौ.जफर ने सीवर मित्रों को प्रशिक्षण दिया। सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम ने सीवर सफाई मित्रों को शपथ दिलाई कि-काम पूरा करने के लिए सीवर या सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए लगाए गए श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से कभी समझौता नहीं करुंगा।

## मोदी सरकार का अंतरिम बजट चुनावी जुमलाः सांसद हाजी फ़ज़लुर्रहमान

सहारनपुर। लोकसभा सांसद हाजी फ़ज़लुर्रहमान ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए कुछ नहीं है। बजट में केवल अच्छे शब्द और जुमले थे। सांसद हाजी फ़ज़लुर्रहमान ने कहा कि अंतरिम बजट के बहाने मोदी सरकार ने जनता को चुनावी लॉलीपॉप थमाया है। यह बजट केवल सरकार के चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है जिसमें महंगाई और बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई खाका पेश नहीं किया गया है। यह कारपोरेट का हितैषी बजट है जिसमें गरीबों और आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। सांसद ने कहा कि बजट से मध्यमवर्ग, गरीबों और किसानों को निराशा हुई है। सरकार अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रही है जबकि पिछले 10 सालों में किसानों के लिए एमएसपी पर सरकार ने केवल वादे किए हैं और बेरोजगारी की समस्या भी दूर नहीं हुई है।

# मण्डल के प्रत्येक जनपद में होगा 75 आंगनवाडी केन्द्रों का कायाकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों के कायाकल्प से मण्डल के आंगनवाड़ी केंद्रों की तस्वीर जल्द बदलेगी। यूनिसेफके सहयोग से स्वच्छ पेयजल, बाल सुलभ शौचालय, हाथ धोने की व्यवस्था जैसी जरूरी सुविधाएं मुहैया होंगी। इसके लिए मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी आंगनवाडी केंद्रों के कायाकल्प के लिए जो इंडिकेटर्स तय किये गए हैं, उनके अनुरूप ही केंद्रों का कायाकल्प किया जाएगा जिसमें विभाग के सभी अफसरों को मिलकर कार्य करना होगा जिससे 31 मार्च तक लक्षित आंगनवाडी केन्द्रों का शत-प्रतिशत कायाकल्प हो सके। मण्डलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद सर्किट हाउस सभागार में बाल विकास विभाग द्वारा चलाये जा रहे विविध कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन एवं आंगनवाडी केन्द्रों में मूलभूत अवस्थापना, आंगनवाडी केन्द्रों के भवनों को कायाकल्पित करने के संबंध में एक दिवसीय मण्डलीय गोष्ठी में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मण्डल के बच्चों को शिक्षा और पोषण



की उचित शुरुआत देने में संबंधित सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सहयोग करें। मण्डल में संचालित आंगनवाडी केन्द्रों में छह वर्ष से कम उम्र तक के बच्चों और गर्भवती, स्तनपान वाली माताओं को पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सुविधाएं और सेवाएं बच्चों के अनुकूल बनाई जाएंगी। प्रथम चरण में मण्डल के प्रत्येक जनपद में 75-75 आंगनवाडी केन्द्रों के कायाकल्प अभियान के तहत 18 बिंदुओं पर काम होगा। इनमें समूह में बच्चों के अनुकूल हाथ धोने की इकाइयां, विकलांग बच्चों के लिए रेलिंग, रैंप, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल प्रावधान, लड़के, लड़कियों के लिए अलग शौचालय, बिजली व्यवस्था, आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण कार्य आदि शामिल हैं। इसके तहत हर ब्लॉक में एक मॉडल आंगनवाड़ी कायाकल्प लर्निंग लैब विकसित होगी। आंगनवाड़ी केंद्रों की निगरानी के लिए रियल टाइम मॉनिटरिंग डैशबोर्ड भी विकसित होगा। उन्होने कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित वातावरण हर बच्चे का अधिकार है।

## नगर निगम ने चलाया लोहानी सराय से चौकी सराय तक अतिक्रमण हटाओ अभियान

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज लोहानी सराय से चौकी सराय तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया और करीब दस दुकानों का सामान जब्त किया गया।

शहर के लोहानी सराय में अतिक्रमण के कारण जाम की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगरायुक्त के निर्देश पर नगर निगम ने आज अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में लोहानी सराय से चौकी सराय तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिन दुकानदारों का सामन बाहर सड़क पर फैला था, ऐसे करीब दस दुकानदारों का सामान जब्त किया गया। जब्त किये गए सामान में दो तख्त, दो लोहे के ड्रम, दो काउंटर के अलावा टब व लकड़ी के सामान शामिल है।

# डीएम ने गौशाला नोडल अधिकारियों संग की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर ने स्थायी और अस्थायी गौशालाओ के निरीक्षण के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों के साथ विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में बैठक की। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि निरीक्षण में दिए गए बिंदुओ के आधार पर जो भी रिपोर्ट नोडल अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई जाए उसकी भी उच्च अधिकारियों के द्वारा जांच की जाए। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में पशुओं की चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिया जाए। रिपोर्ट में खानापूर्ति नहीं चलेगी। यदि कोई गोवंश बीमार है तो उसका चिकित्सकीय विवरण अवश्य देखा जाए तथा अभी तक इस मामले में क्या-क्या कार्रवाई की गई है उसकी भी जांच की जाए। पशुओं के चारा स्टाक का गंभीरता से निरीक्षण किया जाए। हरा चारा अवश्य दिया जाए। अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

निरीक्षण के दौरान गोशालाओं की समस्याओं को छोटी और बड़ी समस्यों में बांट के रिपोर्ट तैयार की जाए। शासन के स्तर पर इसे गंभीरता से लिया जाता है अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न कि जाए। नोडल अधिकारी अपने-अपने गोशालाओं की समय से रिपोर्ट भेजेंगे। जिन छब्बीस बिंदुओं पर रिपोर्ट देनी है उनमे गोशालाओं के शेड,चारा,पानी, प्रकाश,चिकित्सा और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार के अतिरिक्त सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाले तीन आरोपी दबोचे

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने मात्र 15 घण्टे में तमंचे के साथ वीडियों बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर अराजकता फैलाने वाले 03 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार किया है। गौरतलब रहे कि 01 फरवरी 2024 को सूचना प्राप्त हुई कि इन्स्टाग्राम आईडी से एक वीडियो अपलोड की गयी थी, जिसमें चार अज्ञात व्यक्ति गाडी में बैठे तमंचा लेकर रील बना रहे है, जिसके सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना जनकपुरी पर धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के पंजीकृत किया गया। थाना जनकपुरी के प्रभारी निरीक्षक जनकपुरी के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना जनकपुरी पुलिस ने अभियुक्त सैकी यादव पुत्र भीम सिंह निवासी चकहरेटी, आदित्य पुत्र कंवरपाल निवासी सरकारी शौचालय के पास शान्ति नगर थाना जनकपुरी, दीपक कश्यप पुत्र स्व. सोमपाल निवासी चकहरेटी थाना जनकपुरी को खुर्द अड्डे के पास से गिरफ्तार किया।

## प्रेस क्लब महराजगंज के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडे के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार व पत्रकार जगत के पुरोधा के नाम से जाने जाने वाले दादा सुभाष पांडे को हार्ट अटैक पर जाने से हुई मौत पर कस्बा सहित क्षेत्र वासियों में शोक की लहर दौड़ गई है। तथा वरिष्ठ पत्रकार के घर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। बताते चलें कि, कल दिनांक 1 फरवरी को शाम 7:00 बजे घर पर ही वरिष्ठ पत्रकार दादा सुभाष पांडे को हार्ट अटैक पड़ गया। जिसके चलते परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गए जहां पर चिकित्सकों ने दादा सुभाष पांडे को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही इसकी खबर कस्बा सहित क्षेत्र वासियों को हुई वैसे ही उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का हुजूम उमड पडा और आज दिनांक 2 फरवरी को उनका अंतिम संस्कार डलमऊ गंगा घाट पर विधि विधान पूर्वक किया गया। वहीं डलमऊ गंगा घाट पर मौजूद पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, विधायक श्याम सुंदर भारती, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, जगदीप वर्मा, केशव चौधरी, राजन सिंह डोमापुर, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप चौधरी, दीपू चौधरी, संतलाल लोधी, सुशील पासी, बाला प्रसाद मौर्या, नंद कुमार पांडे, अंजनी पांडे, वीरेंद्र वर्मा प्रधानाचार्य, शशिकांत शर्मा प्रबंधक, रामकुमार सभासद, हलीम सभासद, नूरुल हसन सभासद धर्मेंद्र वर्मा सभासद, बाल किशोर त्रिपाठी, पुनई काका, अरविंद सिंह, कुन्नू नई, विजय धीमान, कंचन वर्मा, अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू सिंह, सहित हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा घाट पर पहुंचकर अंतिम यात्रा में शामिल होकर भावभीनी विदाई दी।

## स्वच्छ भारत मिशन को हरी झंडी दिखा कर टीम को रवाना किया गया



**अमावा (रायबरेली)।** भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 ,पंचायतीराज विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा के अंतर्गत आज जनपद रायबरेली के विकास खण्ड अमावा से खण्ड विकास अधिकारी पंचायत संदीप सिंह तथा सहायक विकास खण्ड अधिकारी पंचायत कमलेश कुमार और ब्लॉक खण्ड कर्मचारियों के उपस्थिति मे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता संबंधित के विषय में जानकारी देते हुए हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को रवाना किया गया जिसमे जिला सामान्य वयक मेराज अनवर, आड़ी पीसी आदित्य पाण्डेय, एडिटर अफ़रोज़ आलम ,शिल्पी तिवारी, रंजना तिवारी, विजया शर्मा, पूजा मौर्य, कल्पना यादव, सतीश शुक्ला, शिवा बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

## अलग-अलग गावों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**नवाबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के दो अलग गांवों में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सेमरा शेख पुर निवासी जगराम पासवान ने थाने पर दी गयी तहरीर में बताया कि बुधवार कि रात आठ बजे वह अपना बकाया रुपया मांगने गांव के ही जगन्नाथ पासवान के घर गया था। किन्तु रुपया देने से मना करते हुए गाली देने लगे। विरोध करने पर अपने बेटे सुनील के साथ लाठी डंडे से मारने लगे। बचाव में आयी परिवार की मुन्नी, रामनाथ व आँचल को भी मारा पीटा। वहीं लौवावीरपुर गांव के मजरे धुनियन पुरवा की रहने वाली शायरा बानो ने दी गयी तहरीर में बताया कि ब्रहस्पतिवार को शाम करीब साढ़े तीन बजे मेरे विपक्षी उस्मान अली, मेहंदी हसन, इस्लाम व साफरीन मेरे दरवाजे के सामने रास्ता मांगने लगे। जब मना किया तो मारे पीटे। बचाने आयी घर की समिरुन निशा, मुस्कान बानो, साफिया व गुल्लन हुसैन को भी मारा पीटा। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों मामलों में छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अंतरिम बजट से विकसित भारत को बल मिलेगाः घनश्याम जायसवाल



*अवधनामा संवाददाता*

**तरबगंज गोंडा।** चुनाव सर पर है भाजपा सरकार ने लोक लुभावना बजट न जारी करके देश के आर्थिक हितों को प्राथमिकता दी है। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी नवाबगंज नगर मंडल प्रभारी घनश्याम जायसवाल ने नवाबगंज में गांव चलो अभियान के मंडल कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य व मंडल प्रभारी घनश्याम जायसवाल ने बताया कि अंतरिम बजट यह बता रहा है कि मोदी सरकार की निगाह विकसित भारत के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और वह तीसरी सबसे बड़ी आर्थिकी बनने की राह पर हैं । अंतरिम बजट का सामर्गता में आकलन करें तो वित्त मंत्री ने मुश्किल माहौल में प्रभावी संतुलन साधने का काम किया है। चुनावी साल होने के बावजूद मुक्त रेवाडियो और लोक लुभावनावाद का मोह को त्याग कर विकसित भारत के संकल्प को दोहराया है। मंडल प्रभारी घनश्याम जायसवाल ने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को गांव चलो अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मजरे में 24 घंटे प्रवास कर सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी के साथ-साथ जनता की समस्याओं को सुनने का आग्रह किया है। बैठक में मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दबंगों ने बेकरी की दुकान में मचाया उत्पात

**नवाबगंज (गोण्डा)।** थाना क्षेत्र के नगवा गांव के बाबा पुरवा निवासी शिवा पुत्र राजेंद्र ने थाने पर शुक्रवार को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि कस्बे में डेयरी चलाने वाले दबंग पर गंभीर आरोप लगाये हैं। शिवा ने तहरीर में कहा कि उसकी दुकान सुनील बेकर्स नगवा मोड़ पर स्थित है। उसने कई बार कस्बे के झिलिया चौराहे पर स्थित अनंत डेयरी पर केक की सप्लाई दी थी। गुरुवार को जब उसने डेयरी मालिक विष्णु निषाद और लाली से अपना रूपया मांगा तो उन्होंने बकाया राशि में सिर्फ 1500 रूपये आनलाइन दे दिए बाकी पैसा देने से इंकार कर दिए। इसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद गुरुवार की देर शाम को लगभग 08 बजे विपक्षी 20 अन्य अज्ञात लोगों के साथ मेरी दुकान पर आये और गल्ले में रखा रुपये निकाल लिये विरोध करने पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडे से मारे-पीटे ।दबंगों ने दुकान में जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की और दुकान में रखा सामान भी बाहर फेंक दिया।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहा है संगठनः राधामोहन

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा इकाई के तत्वावधान में 9वीं बार निर्वाचित हुए जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा 24 वीं बार निर्वाचित माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री डॉ पवन प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री राजेश सिंह, संयुक्त मंत्री दिलीप सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य मजहरूल हक अंसारी का भी अभिनंदन शाखा इकाई द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राधामोहन पांडेय रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राधा मोहन पांडेय एवं जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला मंत्री राधामोहन पांडेय ने कहा कि



शिक्षक हित में जिला संगठन अपनी आवाज बुलंद करता रहा है और करता रहेगा। माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षकों की समस्याओं के लिए हमेशा संघर्षरत रहा है। जो भी उपलब्धि आज तक मिली है, वह संगठन व शिक्षकों की एकता के बल पर मिली है। हम सभी को एकजुटता के साथ लंबित कार्यों को निपटाना होगा। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों ने अपना भरोसा पूर्व की भांति एक बार पुनः प्रदान किया है। इस भरोसे को कभी व्यर्थ नहीं जाने दूंगा। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता के बल पर हमें जनपद में सारी सफलताएं मिली हैं। आगे भी मिलती रहेंगी। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री डॉ पवन प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, राजेश कुमार सिंह एवं मजहरूल हक अंसारी आदि ने भी संबोधित किया। शाखा इकाई के शाखा मंत्री डॉ पदम नाथ पांडेय ने समस्त पदाधिकारियों का स्वागत कर आभार प्रकट किया। संचालन अशोक कुमार ने किया। स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्रा अनुष्का पांडेय, शौर्य मिश्रा, सौम्या मिश्रा ने किया। इस अवसर पर शैलेंद्र प्रताप सिंह मोनू सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बेलसर, आनंद कुमार पांडेय, सुग्रीव प्रसाद, राकेश कुमार शुक्ला, अनिल सिंह, कन्हैयालाल, सतपाल सिंह, पवन प्रताप सिंह, मनीष सिंह, पवन कुमार सिंह, कृष्ण गोपाल गुप्ता, सतीश कुमार, चंद्रशेखर, शशि कुमार सिंह, राजेश चंद्र पांडेय, उमेश चंद्र गुप्ता, रंजीत कुमार, संजीव सिंह, अमित वर्मा, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, पवन गुप्ता, विशाल वर्मा, अशोक सिंह, सुजीत श्रीवास्तव, रघुनाथ द्विवेदी, मोहम्मद यूनुस, रामेश्वर प्रताप सिंह, देवेंद्र कुमार यादव, महेश प्रताप मिश्रा, कुंवर भगवती सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, मोहम्मद हनीफ, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## फेसबुक के माध्यम से ठगी करने वाले दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज (गोण्डा)।** थाना क्षेत्र के खरगूपुर गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने फेसबुक के माध्यम से ठगी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के खरगूपुर गांव के रहने वाले राजेंद्र कुमार पुत्र स्व दुखी ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि उसकी फेसबुक आईडी पर एक चारा मशीन का विज्ञापन आया जिसे वह लेना चाहता था। मशीन खरीदने के लिए विज्ञापन के लिंक में दिए गए 04 अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर उसने संपर्क किया जिस पर बात करने वालों ने अपना नाम हसन मोहम्मद और रामतीरथ बताया। मोबाइल नंबर पर बात करने वाले विपक्षियों ने पीड़ित को एक यूपीआई स्कैनर दिया जिस पर पीड़ित ने विपक्षियों के द्वारा बताई गई अलग-अलग तारीखों में 84000 रूपरे भुगतान कर दिए। पीड़ित ने बताया कि बीती 11 तारीख जब उसने विपक्षियों से फोन पर बात की तो उसे ठगे जाने का एहसास हुआ जिसके बाद उसने अपने पैसे विपक्षियों से वापस मांगे। जिसके बाद ठगों ने पैसा वापस करने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पीडित की तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ ठगी-धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# परेड को सैन्य परंपराओं के साथ किया गया आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-245 के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में आज औपचारिक परेड आयोजित की गई। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया।

नारी शक्ति को सलाम के रूप में, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज की कमांडेंट, ओआईसी एएमसी रिकॉर्ड्स और कर्नल कमांडेंट एएमसी की प्रतिष्ठित नियुक्ति पानेवाली पहली महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, एसएम, वीएसएम ने परेड की समीक्षा की। ड्रिल स्क्वायर में इस परेड का नेतृत्व 2136 फील्ड अस्पताल की एक महिला अधिकारी कैप्टन सुरभि, परेड एडजुटेंट द्वारा किया गया। 341 मीडियम रेजिमेंट के कैप्टन तनुज चोपड़ा को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंड ऑफिसर चुना गया और उन्हें कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वही 46 राष्ट्रीय राइफल बटालियन के कैप्टन अमित सिंह को फील्ड इवेंट में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी होने के लिए मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। युवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने उन्हें पेशेवर दक्षता के उच्चतम क्रम को बनाए रखते हुए सेना चिकित्सा कोर की परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिए गए ज्ञान को लगातार उन्नत करने और आगे बढ़ाने की भी सलाह दी। सशस्त्र बलों द्वारा प्रदान किए गए अवसरों पर जोर देते हुए, उन्होंने उन्हें अपनी पेशेवर आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करने और क्षेत्र और शांति में हमारे सैनिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने परेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन और सावधानीपूर्वक संचालन के लिए उन सभी की सराहना की।

## बेबी रानी मौर्य ने मृतक आश्रित कोटे से 16 लोगों को दिया नियुक्ति पत्र



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश की महिला कल्याण एवम बाल विकास पुष्टाहार मंत्री,बेबी रानी मौर्य ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग में कार्यरत रहे 16 कर्मचारियों के निधन के उपरांत उनके परिजनों को मृतक आश्रित कोटे से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया, जिसमें मुख्य सेविका ब्रह्म कुमारी के निधन के बाद मृतक आश्रित कोटे से पौत्र बद्री विशाल, सरला देवी के पुत्र जितेंद्र कुमार, मायावती मिश्रा के पुत्र रवि कुमार मिश्र, बिसलावती देवी के बेटे विवेक गौतम, गीता शर्मा के पुत्र आदित्य शर्मा, रीता देवी के पुत्र सूरज कांत, रामसुमेर पाल के पुत्र राजकुमार पाल, राम प्रसाद वर्मा के पुत्र आनन्द वर्मा, राजेश जायसवाल के पुत्र उज्ज्वल जायसवाल, चंद्रशेखर दयाल के पुत्र प्रेम कुमार, तारा देवी के पुत्र हरीश कुमार, दिलीप मान सिंह के पुत्र अंशुमान सिंह, सुरेश चंद्र के पुत्र पीयूष राजपूत, राधाकृष्ण के पुत्र मयंक सिंह धाकड़, राजू शर्मा की पत्नी रजनी शर्मा, राजेश कुमार के पुत्र रूपेश मिश्र को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर निदेशक निदेशक बाल विकास पुष्टाहार सरनीत कौर ब्रोका तथा संयुक्त निदेशक गरिमा स्वरूप सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा की गांव चलो, बूथ चलो अभियान की कार्यशाला सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 4 फरवरी से 11 फरवरी तक पार्टी के द्वारा चलाए जाने वाले गांव चलो अभियान की कार्यशाला नगर पालिका के दीनदयाल सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हर गांव और हर बूथ पर भाजपा को विजय दिलाने का संकल्प लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक नित्यानंद पांडे ने कहा कि मंडल के प्रत्येक बूथों पर भाजपा को विजय दिलाने के लिए हर कार्यकर्ता को बूथ समितियों के सदस्यों और लाभार्थियों से संपर्क करके सरकार की उपलब्धियों को बताना होगा। कार्यकर्ता मतदाता सूची में जो भी नाम छूट गए हैं उनका नाम सूची में डलवाने का कार्य करें तथा हर वोट को भाजपा के पक्ष में करने का प्रयास करें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अभियान के नगर प्रभारी रमेश सिंह ने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र वाले गांव में 24 घंटे का प्रवास करना है तथा सभी वोटों को सहेजने का कार्य भी करना है। लाभार्थियों से संपर्क करना तथा बूथ समितियों से संपर्क करके पन्ना प्रमुखों को सक्रिय कराना इनकी जिम्मेदारी होगी। लोकसभा चुनाव की तैयारी बड़ी तेजी के साथ राष्ट्रीय स्तर से लेकर गांव स्तर तक की जा रही है, हर कार्यकर्ता के लिए कार्य और हर कार्य के लिए कार्यकर्ता पार्टी का मोटो है। कम से कम 1000 की आबादी वाले गांवों में बूथ संयोजक बनाकर तथा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की सूची बनाकर व्यापक रूप से घर घर संपर्क करना ही गांव चलो अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी के चिन्ह पर चुने गए ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी तथा ग्राम प्रधानों को हर गांव में प्रवासी बनाकर भेजा जाएगा जो 24 घंटे अपने प्रवास वाले गांव में प्रवास करेंगे। सभी वर्गों के लोगों से संपर्क और संवाद करना ही गांव चलो अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यशाला का संचालन दुर्गेश नाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रमेश वर्मा, बलराम उपाध्याय, अंगद मणि, अमरनाथ सिंह, प्रेम अग्रवाल, गोविंद मणि, रमेश मणि, संजू सोनी, मकसूदन सोनी सहित नगर मंडल के सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें कांग्रेस कार्यकर्ता: पुनीत पाठक




अवधनामा संवाददाता

**सलेमपुर, देवरिया।** कार्यकर्ताओं के बल पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की जरूरत है । इसी के बल पर आगामी चुनाव में आम जनता को भाजपा के कुशासन से मुक्ति मिल सकती है। उक्त बातें कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी एआईसीसी मेम्बर पुनीत पाठक ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर संसदीय क्षेत्र के कायकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन से देश की जनता को सिर्फ कांग्रेस ही निजात दिला सकती हैं। जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि जनता के बीच में जाकर पार्टी के जनहितकारी नीतियों के प्रचार प्रसार करने व संगठन को और ताकतवर बनाने का काम पदाधिकारी व कार्यकर्ता करें। बैठक में जयप्रकाश पाल धनगर, डॉ धर्मेन्द्र पांडेय, मार्कण्डेय मिश्र, प्रेमलाल भारती, जनार्दन वर्मा, गोविंद मिश्र, सत्यम पांडेय, बदरे आलम, उपेन्द्र कुमार, जवाहर लाल चौहान, जगरनाथ यादव, जयप्रकाश यादव, संजय यादव, सलीम अली, चंद्रमोहन पांडेय, नागेन्द्र शुक्ल, ऋषिकेश मिश्र, विराट यादव, कमलेश मिश्र, पन्नालाल पाठक, उत्तेज मिश्र, सुबाष राय,मनोज मणि, अशोक कुमार,पवन दुबे, आशीष शुक्ल, हीरानंद राय, राजमंगल, जयराम उपाध्याय, गिरिराज तिवारी, सरोज पांडेय, धर्मेन्द्र कुमार पांडेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन स्कीम की तहत हो रहे निर्माण कार्यों से ग्रामीण परेशान

अवधनामा संवाददाता



**पकड़ी बाजार।** क्षेत्र में हो रहे जल जीवन मिशन स्कीम के तहत काल्यकारी योजना को ठेकेदारों और ग्राम प्रधान के मिली भगत से, ग्रामीण परेशान हैं, ठिकेदारों के द्वारा अपने दबंगई के बल से मानक के विपरित कार्य कराया जा रहा है, गांवों में पाईप लाईन पहुंचाने के नाम पर, सभी प्रमुख सड़कों को तोड़ दिया गया है।

गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री द्वारा जल जीवन मिशन स्कीम योजना की शुरुआत की गई है, ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के लिए शुरू किये गये योजना से सभी नागरिकों तक घर घर पानी उपलब्ध कराना है, इस मिशन के लिए केन्द्र सरकार व0प्रदेश सरकार द्वारा अलग अलग बजट दिया जाता है। पकड़ी बाजार क्षेत्र में पेयजल और स्वच्छता विभाग जल मंत्रालय द्वारा जल जीवन मिशन स्कीम के तहत ग्राम पंचायत बरडीहा दल, पकड़ी देउवारी, बरडीहा अली ग्राम पंचायतों में तेजी से पाइप लाइन पहुंचाने कार्य चल रहा है, ठिकेदारों और ग्राम प्रधान के मिली भगत से विपरित दिसा में पाइप लाइन पहुंचाने के नाम पर गढ्ढा खोदा जा रहा है, ग्राम पंचायत बरडीहा अली हरिजन बस्ती में सड़क के पटरियों पर आज लगभग दो सप्ताह पहले गढ्ढा खोल कर छोड़ दिया गया है, जामवंत प्रसाद का कहना है कि दो फरवरी को हमारे लड़की की शादी है, दरवाजे पर गढ्ढा खोल ठिकेदार द्वारा छोड दिया गया है। इसी गांव के शुभम् तिवारी का कहना है कि मेरे खेत में पाईप लाइन पहुंचाने के नाम पर 15 दिन पहले मानक के विपरित गलत दिशा में ठिकेदार द्वारा गढ्ढा खोदा कर दुसरे ग्राम पंचायत नगवा में पाइप डाल गया है, विरोध करने पर उसी तरह खुला गढ्ढा छोड़ दिया गया जो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ग्राम पंचायत बरडीहा दल निवासी विरेन्द्र तिवारी का कहना है कि मेरा खेत परसिया हिरामन में है जो पकड़ी देउवारी ग्राम पंचायत में पड़ता है,खेत में गेहू की फसल है, ठिकेदार और ग्राम प्रधान के मिली भगत से, मेरे खेत में मनमर्जी और जबरन पाईप लाईन पहुंचाने के नाम पर गढ्ढा खोद कर हजारों का क्षति किया गया है जिससे गेहू की फसल नुकसान हो गया है।

## मार्च के बाद मिलेगा प्रो-पूअर टूरिज्म डेवलपमेंट योजना का लाभ

**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र कुशीनगर में पर्यटक विश्वबैंक की सहायता से चल रहे प्रो-पूअर टूरिज्म डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का लाभ मार्च के बाद उठा सकेंगे। प्रोजेक्ट के तहत लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से बौद्ध विपश्यना उपवन का सुंदरीकरण, राही पर्यटक आवास गृह का उच्चीकरण, फूड प्लाजा व फुट ओवर ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा केके कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विपश्यना उपवन का सुंदरीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसमें दो तालाब, तीन पवेलियन, इकोलाजी सेंटर, रेन हार्वेस्टिंग पिट, आठ मेडिटेशन सेंटर, एक ग्रुप मेडिटेशन सेंटर, दो वाटर एटीएम लगभग बनकर तैयार हैं। राही पर्यटक आवास गृह, फूड प्लाजा व फुट ओवरब्रिज लगभग तैयार हैं। क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि कुशीनगर में प्रो-पूअर टूरिज़्म डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अंतिम चरण में है। प्रोजेक्ट 31 मार्च तक पूर्ण हो जाएगा।

## दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठानों में शिडयूल को छोड़कर शेष के लिए साप्ताहिक बंदी दिवस घोषित हुए

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने उ.प्र. दुकान वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 (2) तथा तत्सम्बन्धी नियमावली 1963 की धारा-6 व 7 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र कुरावली, बेबर, भोगांव, करहल तथा घिरोर स्थित दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठानों में शिड्यूल को छोडकर शेष के लिए साप्ताहिक बंदी दिवस घोषित किये है। उन्होने बताया कि शिड्यूल के अंतर्गत आने वाले दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठानों यथा सिनेमा, ऑटोमोबाइल, नाई की दुकान, ट्रांसपोर्ट, साइकिल रिक्शा, तॉगा रिपेयरिंग आदि पर सप्ताहिक बन्दी लागू नही होगी। श्री सिंह ने बताया कि साप्ताहिक बंदी के तहत नगर पालिका में प्रत्येक रविवार के दिन टाइप राइटिंग इन्सटीट्यूट, फोटोस्टेट, कम्प्यूटर शॉप, फोटो स्टूडियो, बुक सेलर्स, थोक गल्ला, आढतें बंद रहेंगी, प्रत्येक सोमवार को समस्त गैस एजेन्सियां, प्रत्येक गुरूवार को उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य समस्त दुकानें एंव वाणिज्य अधिष्ठान बंद रहेंगे। उन्होने बताया कि नगर पंचायत कुरावली, भोगांव, बेवर, करहल, घिरोर, में प्रत्येक रविवार को समस्त टाइप राइटिंग इन्सटीट्यूट, फोटोस्टेट, कम्प्यूटर शॉप, फोटो स्टूडियो, बुक सेलर्स थोक गल्ला, आढतें बंद रहेंगी, नगर पंचायत कुरावली में प्रत्येक बुधवार को, नगर पंचायत बेवर में प्रत्येक गुरूवार को, नगर पंचायत भोगांव में प्रत्येक शुक्रवार को, नगर पंचायत करहल मे प्रत्येक मंगलवार को एवं घिरोर में प्रत्येक शनिवार को उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य समस्त दुकाने एंव वाणिज्य अधिष्ठान बंद रहेंगे।

## 15 तक अपना प्रथम रिफिल निःशुल्क सिलेण्डर पाएं

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी ने बताया कि आयुक्त खाद्य तथा रसद उ.प्र. शासन के पत्र के क्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के ऐसे लाभार्थी जिन्होंने प्रथम चरण के अंतर्गत माह नवम्बर, दिसंबर में 31 दिसम्बर तक निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेंडर रिफिल नहीं कराया है, लाभार्थी अपना प्रथम निःशुल्क रिफिल दि. 31 दिसम्बर 2023 तक प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वह 15 फरवरी 2024 तक अपना प्रथम रिफिल निःशुल्क सिलेण्डर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ पाने से वंचित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पुनः निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है, लाभार्थी तत्काल लाभ प्राप्त करें।

# मोटे अनाज में है अच्छी सेहत का राज: डीएम

## मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत आज मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समृद्धि होटल में किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्टोरेन्ट द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि श्रीअन्न (मोटे अनाज) विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों से परिपूर्ण होते हैं। पारंपरिक रूप से बाजरा, रामदाना ज्वार, कोदो, रागी, मडुआ और सांवा से कई तरह के लजीज व्यंजन बनते है, जो अब लुप्तप्राय स्थिति में हैं। इन पारंपरिक व्यंजनों की रेसिपी से अधिक से अधिक लोगों को रूबरू कराया जाए जिससे मोटे अनाज का प्रयोग लोगों की दिनचर्या में आ सके।

मोटे अनाज में अच्छी सेहत का राज छिपा है। सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने मिलेट्स के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली बनाने के लिए लोगों को मोटे अनाज का प्रयोग बढाना होगा। मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता श्री अन्न गौरीबाजार, जेडको न्यू एग्रोटेक फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, आहार सुपर फूड्स रूद्रपुर, राजकीय फल संरक्षण केन्द्र देवरिया, तन्दूरी फ्यूजन, देवरिया, बियान्ड फ्लेवरस् राघव नगर, तमाश रेनुका इन देवरिया, होटल गोल्डेन लोरियम इन (मोती महल डीलक्स) देवरिया, कृषक इण्टर कालेज बलटिकरा, अशोक इण्टर कालेज डुमरी रामपुर कारखाना द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिता कार्यक्रम में चयन समिति द्वारा रेसिपी चखा गया, जिसमें तन्दूरी फ्यूजन, देवरिया को प्रथम, आहार सुपर फूड्स, रूद्रपुर को द्वितीय एवं बियान्ड फ्लेवरस्, राघव नगर, देवरिया को तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को व अन्य सभी प्रतिभागियों को शील्ड, शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक राजेश कुमार सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य), गोरखपुर राजकुमार गुप्ता, डॉ पूनम बाला, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी इरम, उद्यान निरीक्षक सीताराम यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार मौर्या, जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय सिंह, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव एवं शिवेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# डाक टिकटों पर भी छाया रामराज

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से लेकर रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर जारी हुए हैं डाक टिकट

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भगवान श्री राम की महिमा डाक टिकटों के माध्यम से भी देश-दुनिया में प्रसारित हो रही है। भारत के साथ-साथ विश्व के 20 से ज्यादा देशों ने रामायण से जुड़े चरित्रों और कथानकों पर समय-समय पर डाक टिकट जारी किये हैं। यानी की डाक टिकटों पर भी राम राज छाया हुआ है।

वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 18 जनवरी, 2024 को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को समर्पित 6 विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किए। इनमें श्री राम जन्मभूमि मंदिर के साथ भगवान गणेश, भगवन हनुमान, जटायु, केवटराज और माता शबरी पर जारी डाक टिकट शामिल हैं। सोने का वर्क से सुसज्जित और चंदन की खुशबू से सुवासित इन डाक टिकटों में सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि के साथ पुण्य नदी सरयू का चित्र भी है और मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी' चौपाई के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना है। इन डाक टिकटों के मुद्रण में अयोध्या की पवित्र मिट्टी और सरयू के पवित्र जल का इस्तेमाल करते हुए इसे पंच महाभूतों के दर्शन से भी जोड़ा गया है। ये डाक टिकट अब वाराणसी प्रधान डाकघर स्थित फिलेटली ब्यूरो में भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इससे पूर्व भी डाक विभाग ने रामायण के सभी महत्वपूर्ण प्रसंगों को दर्शाते 11 स्मारक डाक टिकटों का सेट 22 सितंबर, 2017 को जारी किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसे तुलसी मानस मंदिर, वाराणसी में जारी किया था। इन डाक टिकटों में सीता स्वयंवर, राम वनवास, भरत मिलाप, केवट प्रसंग, जटायु संवाद, शबरी संवाद, अशोक वाटिका में हनुमान-सीता संवाद, राम सेतु निर्माण, संजीवनी ले जाते हनुमान, रावण वध व भगवान राम के राजगद्दी पर बैठने के आकर्षक दृश्य समाहित हैं। इन डाक टिकटों पर देखकर ऐसा एहसास होता है मानो पूरा रामराज ही डाक टिकटों पर उतर आया हो।

## सूचना

सूचित करना है कि मेरा टीईटी जूनियर कक्षाओं का अंक पत्र अनुक्रमांक 16062252 वर्ष 2011 कहीं खो गया है।

**अनुराधा चौरसिया पुत्री शिव शंकर चौरसिया पत्नी राजीव चौरसिया निवासी रायपुर राजा कोतवाली देहात जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश**

## शंकराचार्य वैभवं नाटक का हुआ मंचन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अनादि सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ के स्थानीय संगीत नाटक एकेडमी, गोमती नगर के वालमीकि सभागार में शंकराचार्य वैभवं नाटक का सुन्दर मंचन किया गया। डॉ नवलता द्वारा लिखित नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन श्रीमती मुन्नी देवी का रहा। नाटक का शुभारंभ पण्डित बेअदब लखनवी की वाणी वन्दना व गृह लक्ष्मी की आरती जय जय हे घरवाली माता कविता पाठ से हुआ।

## जुमे की नमाज पर पुलिस-प्रशासन रहा चौकन्ना

**कोंच अवधनामा संवाददाता।** जुमा की नमाज एवं ज्ञानवापी मामले को लेकर गुरुवार को उपजिलाधिकारी ने नगर की मस्जिदों बाले इलाके में शांति व्यवस्था रखने को लेकर फ्लैग मार्च किया है। जुमा की नमाज पर शासन प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा जिसमें एसडीएम अतुल कुमार प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र कुमार पाठक इंस्पेक्टर क्राइम बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने पुलिस बल के साथ तहसील से वह मुहल्ला खैरा चौराहा आजाद नगर भगतसिंह नगर कसाई मंडी मालवीय नगर आदि इलाको में पहुँचे और लोगो से शांति व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। काशी में स्थित ज्ञानवापी को लेकर हाल ही में कोर्ट ने दायर वाद पर फैसला सुनाते हुए व्यासजी के तहखाने में पूजा के अधिकार की अनुमति दी है जिसको लेकर कही कोई चूक न हो सके इसलिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा और उन्होंने लोगो से अपील भी की है। इस दौरान एसएसआई उदय प्रताप सिंह बलराम शर्मा सन्दीप कुमार सिंह नितिन कुमार आदि मौजूद रहे है।

## प्रधान की मनमानी से ग्रामीण परेशान, घनी आबादी में संक्रमण फैलाने का कर रहा इंतजाम



**उरई जालौन अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड महेबा की ग्राम पंचायत नूरपुर के ग्राम प्रधान पर मनमानी करने तथा जबरन घनी आबादी में कूड़ादान बनवाने का आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत नूरपुर के दर्जनों ग्रामीणों नें आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम प्रधान ने गांव की घनी आबादी मे एक वृहद कूड़ादान का नया निर्माण कर संक्रमण फैलाने का इंतजाम कर रहा है, जबकि वहां पर घनी व सघन आबादी क्षेत्र है तथा प्रधान अपनी मनमानी करके वहां पर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है। जबकि प्रार्थी गणों के मकान वहां पर बने हुए है। यदि वहां पर वृहद कूड़ादान का निर्माण हो जाएगा तो आस पास के लोगो का वहां पर रहना मुश्किल हो जाएगा। जब प्रार्थी गणों ने कूड़ादान वहां बनाने से मना किया तो ग्राम प्रधान लालसिंह सेंगर व अपने आदमियों से प्रार्थीगणों के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान काफी दबंग व्यक्ति है और प्रधान सर्वण जाति से है इसलिए वह जानबूझकर हरिजन बस्ती में कूड़ादान का निर्माण करवा रहे है। प्रार्थी के गाँव मे 7 तालाब है। जिसमे गाँव के प्रधान व लेखपाल उन खाली पड़े तालाबो पर निर्माण नही कर रहे है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से उचित जांच करके वृहद कूड़ादान का निर्माण पर अविलम्ब रोक लगायें जाने की मांग की है।

## बर्ड वाच डे मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखबाद।** नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल के तहत वन विभाग द्वारा 2 फरवरी को बर्ड वाच डे मनाया जाता है। शुक्रवार को इसी के तहत वन विभाग के अधिकारियों ने कुठिला झील पर पहुंचकर ग्रामीणों एव संविलियन विद्यालय नगलाहूशा के छात्र छात्राओं को कुठिला झील पर एकत्र कर कार्यक्रम के संबंध में बताया गया।मानव जीवन के लिए पशु पक्षियों का क्या योगदान है इसकी विस्तृत जानकारी दी। क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्नेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया मानव जीवन को संरक्षित करने मे पक्षियों का बहुत बड़ा योगदान है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है कि मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए हम लोग पक्षियों को संरक्षित करें। कोई भी व्यक्ति पशु पक्षियों को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाने की कोशिश न करे। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा झील पर मौजूद लोगों को कुठिला झील पर आए प्रवासी पक्षियों के विषय मे जानकारी दी गई। प्रवासी पक्षियों की पहचान कराई गई। प्रधानाध्यापक ओमदत्त शुक्ला ने कहा प्रत्येक पशु पक्षी किसी न किसी प्रकार से मानव जीवन को सरल बनाता है। पर्यावरण को शुद्ध रखने मे यह महती भूमिका निभाते हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी राजकुमार ने बताया कुठिला झील का सौंदर्यीकरण होने से इस बार अधिक मात्रा मे प्रवासी पक्षी आए हैं। जिसमे कोंच, पनडुब्बी, सारस आदि प्रजातियां हैं। प्रवासी पक्षियों के साथ साथ स्थानीय पक्षियों के विषय मे भी जानकारी दी। इस मौके पर संविलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमदत्त शुक्ला, एसडीओ ओमप्रकाश, क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्नेश कुमार श्रीवास्तव,उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजकुमार, वन दरोगा मोहित कुमार, रामसनेही, सत्यम सिंह, राहुल कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।


## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

त्रिलोक नाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)

फोन:0522-2612639, फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल nnlko@up.nic.in, website : https://etender.up.nic.in

पत्रांक: 16474/पी0/उ0वि0 दिनांक: 02/02/2024

**शुद्धि-पत्र**

उद्यान विभाग, नगर निगम लखनऊ द्वारा 19 कार्यो हेतु पत्र संख्या- 16369/पी0/उ0वि0 दिनांक- 23/01/2024 के माध्यम से दिनांक 07/02/2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की गयी है। जिसकी निविदा दिनांक 07/02/2024 को अपर नगर आयुक्तमहोदय के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को दिनांक 07/02/2024 को अपराहन् 4 बजे अपर नगर आयुक्तकक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जानी है। पूर्व प्रकाशित निविदा के क्र0सं0 13, 14, 15 व 16 पर अंकित कार्यो की धनराशि में आंशिक संशोधन किया जा रहा है, जो निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू. में | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रति. जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | जोन-05 में चित्रगुप्त नगर, रामजीलाल-सरदार पटेल नगर, गीतापल्ली व सरोजनी नगर-द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत स्थित कुल 09 पार्को का एक वर्ष हेतु औद्यानिक अनुरक्षण का कार्य। (पार्ट-ए) | 823522.00 | 82353.00 | 01 वर्ष | 824.00 | 148.00 | 972.00 |
| 14 | जोन-05 में गुरू गोविन्द सिंह, सरोजनी नगर-प्रथम व सरोजनी नगर-द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत स्थित कुल 06 पार्को का एक वर्ष हेतु औद्यानिक अनुरक्षण का कार्य। (पार्ट-बी) | 806909.00 | 80691.00 | 01 वर्ष | 807.00 | 145.00 | 952.00 |
| 15 | जोन-05 में सरोजनी नगर-प्रथम, गुरू गोविन्द सिंह व सरोजनी नगर-द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत स्थित कुल 07 पार्को का एक वर्ष हेतु औद्यानिक अनुरक्षण का कार्य। (पार्ट-सी) | 833478.00 | 83348.00 | 01 वर्ष | 833.00 | 150.00 | 983.00 |
| 16 | जोन-05 में सरोजनी नगर-प्रथम व सरोजनी नगर-द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत स्थित कुल 04 पार्को का एक वर्ष हेतु औद्यानिक अनुरक्षण का कार्य। (पार्ट-डी) | 834847.00 | 83485.00 | 01 वर्ष | 834.00 | 150.00 | 984.00 |

शेष निविदा पूर्ववत् रहेगी। निविदा पूर्व नोटिस के अनुसार दिनांक 07/02/2024 को अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगी जिसे उसी दिन दिनांक 07/02/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे अपर नगर आयुक्त कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

**अधीक्षक उद्यान-1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8**
**नगर निगम लखनऊ**

# सपा मुखिया के काफी करीबी रहे जग जीवन बाबू के निधन पर समाज वादी पार्टी में शोक की लहर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व मुख्य मंत्री स्व मुलायम सिंह यादव के निजी सचिव तथा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ओएसडी रहे पूर्व एमएलसी जगजीवन बाबू के आकस्मिक निधन पर समाजवादी पार्टी कि नेताओं कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया। सपा मुखिया के काफी करीबी रहे जग जीवन बाबू के निधन पर समाज वादी पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई। एमएलसी भी रह चुके हैं जग जीवन बाबू। इनका अंतिम संस्कार भैसा कुंड लखनऊ में हुआ उनकी अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव विधायक अभय सिंह सपा पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री अमृत राजपाल श्रीराम यादव सहित काफी संख्या में पार्टी के नेताओं ने लखनऊ जाकर उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए जगजीवन बाबू के आकस्मिक निधन पर अयोध्या जनपद में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया सपा के प्रदेश महासचिव पूर्व विधायक जयशंकर पांडे पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव जिला महासचिव बख्तियार खान महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव दान बहादुर सिंह राहुल सिंह छोटे लाल यादव सरोज यादव अपर्णा जायसवाल जेपी यादव गौरव पांडे अंसार अहमद बबन जगन्नाथ यादव विशाल यादव डॉ अनुराग यादव आदि ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया ।



# मण्डलायुक्त व आईजी ने मंदिर के दर्शन मार्ग, निकास द्वार, पीएफसी परिसर सहित अन्य प्रमुख स्थलों का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में प्रशासन एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के मध्य बेहतर समन्वय बनाने के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित एलएण्डटी सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।मण्डलायुक्त ने कहा कि परिसर की साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखते हुये एक सुनियोजित व्यवस्था अपनायी जाय, जिसके तहत नियमित साफ सफाई सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि पीएफसी परिसर में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था रहे, आने वाले दर्शनार्थियों के सामान यथा उचित स्थानों पर रखें जाय तथा जूता चप्पल काउंटर पर ही रखने के लिए दर्शनार्थियों को प्रेरित किया जाय,जिससे कि इधर उधर जूता चप्पल बिखरे न रहे। इसके अलावा परिसर में प्रवेश द्वार के अलावा अन्य स्थलों पर भी व्हील चेयर की व्यवस्था रहे। परिसर में प्रमुख स्थानों पर दर्शनार्थियों को विभिन्न प्रकार की जानकारियों के लिए एलईडी स्क्रीन लगाने के सम्बंध में चर्चा की गई।बैठक में मंदिर निर्माण के साथ साथ आने वाले दर्शनार्थियों के दर्शन मार्ग में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हों इसके सम्बंध में भी चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त ने सुझाव दिया कि मंदिर परिसर के विभिन्न स्थलों पर जो एआई बेस्ड कैमरे लगाए जाने है उनमें फेस रिकॉग्निशन(पहचान)की व्यवस्था होती है इसलिए एक ऐसा ऐप या स्कैनर विकसित कर लिया जाय, जिससे दर्शन करने हेतु आये दर्शनार्थी मंदिर परिसर में एआई कैमरों में ली गयी उनकी फोटो परिसर के बाहर लगाये गये क्यूआर कोड को स्कैन कर या ऐप के माध्यम से मंदिर परिसर के अंदर की अपनी फोटो प्राप्त कर सकें। इसके विषय में ट्रस्ट द्वारा एलएण्डटी के तकनीकी अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, ट्रस्ट के सदस्य डा0 अनिल मिश्र, गोपाल दास, एसपी सुरक्षा पंकज, एलएण्डटी के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक के पूर्व



मण्डलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार ने मंदिर के दर्शन मार्ग, निकास द्वार, पीएफसी परिसर सहित अन्य प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा दर्शन करने हेतु विभिन्न प्रदेशों से आये दर्शनार्थियों से दर्शन व्यवस्था में सुधार हेतु सुझाव मांगे और उनसे फीडबैक भी प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थलों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से दर्शनार्थियों की हरसम्भव मदद करने के निर्देश दिए।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय बृहद पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन आज

**अयोध्या।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय बृहद पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन 03 फरवरी 2024 को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक ग्राम मांजनपुर विकासखण्ड मवई, तहसील रूदौली में आयोजित किया गया है। आरोग्य मेला के मुख्य अतिथि लल्लू सिंह सांसद व विशिष्ट अतिथि रामचन्द्र यादव विधायक रूदौली, आयुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी रहेंगे। उक्त जानकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जगदीश सिंह ने दी है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त मेले में आये हुये पशुओं के इलाज एवं उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया जायेगा।

## एनईपी स्नातक व परास्नातक की परीक्षा में 4477 परीक्षार्थी शामिल

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी परास्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा शुक्रवार को सकुशल सम्पन्न हुई। वही एनईपी स्नातक परीक्षा 14 फरवरी को सम्पन्न होगी। विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के द्वितीय एवं तृतीय पाली की परीक्षा में 4477 परीक्षार्थी शामिल रहे। जिनमें 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें 2662 छात्र व 1815 छात्राएं रही। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि इस परीक्षा में 4477 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं विश्वविद्यालय की एनईपी परास्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हो गई है। स्नातक एनईपी सेमेस्टर की परीक्षा 14 फरवरी को सम्पन्न होगी। इस परीक्षा के द्वितीय पाली में 540 व तृतीय पाली में 3937 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

# सुचित्तागंज पुलिस चौकी हनुमान मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ विशाल भंडारा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज में मौजूद पुलिस चोकी पर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा करके विशाल भंडारे का आयोजन किया गया 7 मुख्य जजमान अमर सिंह रहे । जिन्होंने संपूर्ण विधि विधान से पूजा-अर्चना की 7 मंदिर के मुख्य पुजारी राजेश सिंह ने बताया कि मंदिर में पहले से मोजूद मूर्ति खंडित हो जाने की वजह से श्री हनुमान जी की नई मूर्ति आज स्थापित की गई है 7 श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे का आयोजन श्री हनुमान जी के आशीर्वाद व सभी जनमानस के सहयोग से हो रहा है 7 इस मोके पर कृष्ण कुमार गुप्ता, अनूप गुप्ता, रमेश विश्वकर्मा, पंकज पांडेय, विकास रावत, संतोष गुप्ता, रवींद्र कसौधन, निशांत वर्मा, तेज बहादुर सिंह, सुरेश जयसवाल, राम कुमार गुप्ता, सत्य प्रकाश पांडेय, उमेश विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे

## गुंडा नियंत्रण अधिनियम के आरोपी महेश जनपद की सीमा से निष्कासित

**अयोध्या।** रौनाही थाना में कई गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी महेश कुमार को समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आधार पर अयोध्या जनपद की सीमा से दो माह की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया गया है।अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस की रिपोर्ट पर सुनवाई के बाद शुक्रवार को आदेश पारित किया है। पारित आदेश के मुताबिक थाना रौनाही क्षेत्र के पूरे दुनिया सिंह ठेउंगा निवासी आरोपी महेश कुमार पुत्र केशव राम बिना अनुमति के ट्रायल केस की तिथि को छोड़कर जिला की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा।

# भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों को समाज के निचले पायदान पर रखा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी ने रुदौली विधानसभा के भेलसर चौराहा स्थित कार बाजार हाल में पीडीए जन पंचायत का बाबा फरीद जी सौजन्य आयोजित किया गया है। जिसका संचालन जिला सचिव राजित राम रावत अध्यक्षता रुदौली विधानसभा अध्यक्ष छोटे लाल यादव ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव रही।प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव ने कहा कि जन पंचायत का सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पीडीए पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों, पीड़ित अगड़ो और आधी आबादी का एक सच्चा लोकतान्त्रिक गठजोड़ है और यह आम जनता का दिल का बंधन है और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों को समाज के निचले पायदान पर रखा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समाज के उन वर्गों को आगे लाने का प्रयास कर रहे हैं, जो सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक के माप पर सदियों से बंचित और शोषित रहे हैं। जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का हर वर्ग के कार्यकर्ता पीडीए का सद्भावना दूत हैं जो हर गांव, पुरवा, बस्ती, गली, मोहल्ले व शहर में जमीन पर उतरकर जनता के बीच राजनीतिक चेतना और एकता का संदेश लेकर जा रहे है। सदियों के शोषण और उत्पीड़न से बचने के लिए, यदि पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की एकता हो गयी तो देश और प्रदेश की सरकार भी हमारी होगी और भविष्य भी पीडीए का होगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नारा दिया है इस बार पीडीए सरकार। इसमें सभी वर्गों के लोग शामिल हैं। ये सभी लोग हर मतभेद व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस जनबंधन से जुड़ रहे हैं। रुदौली विधानसभा महासचिव मंजू



रावत, अर्चना लोधी, भवर कला लोधी, सुग्गन लोधी, गीता लोधी, रामावती लोधी, धर्मादेवी लोधी,प्रमोद यादव, प्रमोद यादव, कनक यादव, नगर अध्यक्ष आमिर खान, सुखराम यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।



## बजट सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी है

**अयोध्याधाम।** नए बजट सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी है बजट युवाओ छात्रों एवं महिलाओं के का विशेष ध्यान रखा गया , यह बजट में खेल एवं प्रोत्साहन ,स्किल डेवलपमेंट, स्टार्ट अप जिससे युवा स्वावलंबन आत्मनिर्भर हो एवं नए शिक्षण संस्थाओं का आवंटन व निर्माण हो नए बजट में युवाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

# पुलिस के लिए अबूझ पहेली बनी कारोबारी के बेटे की ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री की कहानी

*अवधनामा संवाददाता*

**तारुन -अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलगरा मजरे मिश्राने निवासी कारोबारी के आठ वर्षीय बेटे की ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री की कहानी मुकामी पुलिस के लिए अभी अबूझ पहेली बना हुआ है। क्षेत्र में कई पुलिस टीमें भले ही हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए बीते करीब 24 घण्टे से घटना स्थल चटनियां बाबा जंगल सहित आस पास खाक छान रही है। लेकिन उन्हें अभी कोई खास कामयाबी नही मिली हैं। जिस व्यक्ति पर बालक की हत्या करने का आरोप उसके पिता ने आशंका जताई थी पुलिस उसे मुख्य अभियुक्त बनाकर पहले ही जेल भेजकर अपनी वाहवाही बटोरने की भरपूर कोशिश की।परन्तु यह क्षेत्रवासियों सहित किसी के गले नही उतर रही है। चर्चाओं में लोगों का कहना है कि बालक की निर्मम हत्या कहाँ क्यू किस लिए किसने की इसका जबाब अभी किसी के पास नही है। पुलिस घटनास्थल और अन्य हत्यारो को नही ढूढ पा रही है। क्योंकि जिस गड्ढे से लाश को निकाला गया था वहाँ पर खून के कुछ छीटे उन खरपतवारो पर मिले थे, जिनसे लाश छिपाई गई थी। लेकिन बालक को अगवा करने के बाद उसकी हत्या कहाँ कौन किसने कैसे की यह अभी एक अबूझ पहेली बना हुआ है। जो जमीन बालक की हत्या की वजह बताई जा रही है। वह जमीन मृतक के चाचा पंकज ने पुलिस द्वारा जेल भेजे गये जय प्रकाश यादव के पिता छोटेलाल यादव से सात माह पहले खरीदी थी।लेकिन उस जमीन को लेकर आरोपी व मृतक बालक के चाचा से कभी कोई कोई विवाद नही था।ऐसे में पंकज के बड़े भाई सूर्यदेव उर्फ मनोज के बेटे की हत्या जय प्रकाश यादव ने क्यो की। यह बात समझ से परे हैं। इस घटना का असली सूत्रधार कौन है इस मामले में पुलिस मौन है।थानाध्यक्ष ओम प्रकाश राय का कहना है कि मामले की गहराई तक जाने के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गयी हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में उचित दर दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन से लिंक ई-पास मशीनों की स्थापना के सम्बंध में हुई बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उचित दर दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन से लिंक ई-पास मशीनों की स्थापना के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 994 उचित दर की दुकानें है इन सभी पर ये मशीनें उपयोग की जायेंगी। जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन से लिंक ई-पास मशीनों की स्थापना हेतु चयनित संस्था को शीघ्र ही जनपद में मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने उसके उपरांत विधिक बाट एवं माप विज्ञान विभाग ई-कांटों की स्टांपिंग कार्य को तेजी से करे तथा उचित दर विक्रेताओं को प्रशिक्षित कर नियमानुसार उन्हें मशीनें उपलब्ध करायी जायें इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद में शासन द्वारा प्राप्त मॉडल शॉप उचित दर के दुकानों के लक्ष्य (75) के सापेक्ष प्रगति की भी समीक्षा की। इस पर डीएसओ ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद को प्राप्त लक्ष्य 75 के सापेक्ष 103 ग्राम पंचायतों में भूमि का चयन पूर्ण है, जिसमें से 08 मॉडल शॉप का कार्य पूर्ण है तथा 29 पर कार्य चल रहा है।

जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को अन्य स्थानों पर भी मॉडल शॉप के निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने तथा तीव्र गति से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्त कार्यों को अपेक्षित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के विद्यालयों के कायाकल्प से आच्छादन के स्थिति की भी गहन समीक्षा की।

उन्होंने एक-एक करके समस्त खण्ड विकास अधिकारियों से कायाकल्प के स्थिति की जानकारी ली तथा अवशेष समस्त विद्यालयों को कायाकल्प के सभी 19 मानकों से शीघ्र आच्छादन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की भी समीक्षा की। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि अब तक इस योजना में जनपद में कुल 19000 आवेदन प्राप्त हुए है जिस पर जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को शासनादेश के अनुसार पात्रता की जांच करते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि इस योजना को प्राथमिकता पर लें तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभान्वित करें। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी बीकापुर ध्रुव खाडिया, एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल, एसडीएम सदर राजकुमार पांडेय, एसडीएम मिल्कीपुर, जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, तहसीलदार सोहावल व रुदौली, सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व बाट माप विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिग्निफाई ने अयोध्या सोलर सिटी लाईटिंग प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन की घोषणा की

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** लाईटिंग में विश्व की अग्रणी कंपनी सिग्निफाई ने अयोध्या सोलर सिटी लाईटिंग प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन की घोषणा की है इस अभियान का उद्देश्य अयोध्या को स्मार्ट सोलर लाईटिंग सिटी का प्रतीक बनाना है इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत भगवान राम और मंदिरों के पवित्र शहर, सोलर सिटी, अयोध्या में 600 से ज्यादा फिलिप्स अर्बनस्पार्क सोलर वर्टिकल इंटीग्रेटेड पोल सॉल्यूशन स्ट्रीट लाईट स्थापित करने का रिकॉर्ड बनाया गया, क्योंकि यहाँ पर 2024 में लाखों श्रृद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट के बारे में सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया के सीईओ सुमित जोशी ने कहा सिग्निफाई को विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अयोध्या में अत्याधुनिक स्मार्ट सोलर लाईटिंग समाधानों द्वारा शहर को रोशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर गर्व है अयोध्या सोलर सिटी लाईटिंग प्रोजेक्ट सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन और गतिशील शहरी वातावरण का निर्माण करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस प्रोजेक्ट ने शहर को खूबसूरत बनाते हुए हरित भविष्य के लिए अत्याधुनिक लाईटिंग समाधान प्रदान किए हैं। हमारी इस बड़ी उपलब्धि ने उद्योग में लीडर के रूप में हमारी स्थिति मजबूत की है और इनोवेशन एवं सस्टेनेबल शहरी विकास की ओर हमारी प्रतिबद्धता को बल दिया है।उत्तर प्रदेश में रिन्युएबल एनर्जी की नोडल एजेंसी, उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्युएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, डिपार्टमेंट ऑफ एडिशनल सोर्स ऑफ एनर्जी, उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरूप किया गया यह क्रियान्वयन रिकॉर्ड समय में 600 से ज्यादा यूनिट्स का दुनिया का सबसे बड़ा क्रियान्वयन है। इसके लिए अयोध्या में सोलर वर्टिकल इंटीग्रेटेड पोल सॉल्यूशन के साथ फिलिप्स अर्बनस्पार्क और लीथियम-आयन बैटरी (6 मीटर पोल, 400डब्लूपी सोलर पैनल और 100 एंपियरघंटा एलआईएफईपीओ04 बैटरी, 44 वॉट सोलर स्ट्रीट लाईट) का उपयोग किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के अंतर्गत सिग्निफाई ने अयोध्या में राम कथा पार्क, बटी बाबा, सिया राम पार्क, गुप्तार घाट, जमतारा घाट, गोंडा पुल, महाराणा प्रताप पार्क, मेरी माता मंदिर, राम पौड़ी, लक्ष्मण किला, सूर्य कुंड, अयोध्या एयरपोर्ट, और सुल्तानपुर रोड पर स्ट्रीट लाईट लगाईं। अयोध्या पूरी दुनिया में इस बात का जगमगाता उदाहरण पेश कर रहा है कि सोलर इनोवेशन किस प्रकार शहरों में परिवर्तन लाकर देश में नए मानक स्थापित कर सकता है।



## हिन्दू महासभा ने व्यास तहखाने में पूजा की अनुमति का स्वागत किया

**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास तहखाने में पूजा के लिये वाराणसी जिला न्यायालय की अनुमति का स्वागत करते हुये इसे सनातनियों की जीत बताया है। हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज यहां जारी बयान में कहा कि तीन दशकों से अधिक समय के बाद व्यास तहखाने में पूजा शुरू होने से पूरे देश में एक बार फिर हिन्दू समाज में खुशी का माहौल पैदा हुआ है और उनमें भरोसा जगा है कि देश में काशी मथुरा के साथ देशभर में मुगल आंक्रान्ताओं की शिकार हुयी हिन्दू धर्मस्थल पूरी तरह मुक्त होंगे। हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि व्यास तहखाने में शुरू हुयी पूजा से साफ हो गया है कि देश में मुगलों के शासन में हिन्दू धार्मिक स्थलों को क्षतिग्रस्त कर जबरन मस्जिदों का निर्माण किया गया था।

# एचटी लाइन के करंट की चपेट में आये मजदूर की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मांगलिक समारोह में टेंट लगा रहे मजदूर की एचटी लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना दरियाबाद थाना क्षेत्र के दनापुर मजरे परमा का पुरवा गांव की है। यहां के निवासी सत्य नारायण यादव के यहाँ शुक्रवार को तिलकोत्सव समारोह की तैयारी चल रही थी। इसको लेकर गंगौली मजरे मुजेहना गांव निवासी अंकुर 22 वर्षीय आयोजन स्थल पर टेंट लगा रहा था। यहां पर ऊपर से गुजरी 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन की चपेट में टेंट की लोहे की रॉड आने से अंकुर गंभीर रूप से झुलस गए। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरा नगर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही अंकुर को मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मजदूर के घर में कोहराम मच गया। परिजन भागते हुए सीएचसी पहुंचे। सूचना पर पहुंची दरियाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## झूमते नजर आए रेंजर्स, वीडियो वायरल

सोशल मीडिया में वायरल हो रहें एक वीडियो पर अयोध्या मंडल से आए हुए, वन संरक्षक मनोज सोनकर के संग बैठे फतेहपुर वनक्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार सिंह शराब के नशें में डूबे हुए नजर आए।वे कभी सो रहे थे तो कभी झूमते नजर आ रहे। वहीं उनके सम्बोधन पर जुबां लड़खड़ा रही थी। जबकि इस कार्यक्रम पर बच्चों के साथ में जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित थे। अंत में वे मीडिया कर्मियों से भी अभद्रता पर उतारू हो गए। तो वन कर्मियों का स्टाप उन्हें संभलने में लगा रहा।

# विश्व वेटलैंड दिवस पर भगहर झील में कार्यकर्म का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सूरतगंज,बाराबंकी।** विश्व वेटलैंड दिवस का आयोजन शुक्रवार दोपहर महादेवा ईको पर्यटन स्थल (भगहर झील)पर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए अयोध्या एवं गोंडा मंडल के वन संरक्षक ( आईएफएस ) मनोज कुमार सोनकर ने इस धरोहर को संजोकर रखने के संग में पक्षियों और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से सूरतगंज विकास खंड स्थित 78.09 हेक्टेयर में फैली हुई भगहर झील के किनारे विश्व वेटलैंड दिवस में निबंध,कला एवं भाषण की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।वहीं निबंध में अंश पटेल प्रथम,काव्या वर्मा को द्वितीय व शालू गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कला में आर्य सिंह जानी को प्रथम,मुकेश कुमार को द्वितीय और साक्षी यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया। भाषण में दिलीप सोनी को प्रथम स्थान रंजना वर्मा को द्वितीय व काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसमें बिगपुरवा गांव का गुरुकृपा पब्लिक स्कूल व जीआईसी के संग रामसरन वर्मा इण्टर कालेज के बच्चे मौजूद रहे। बच्चों ने पर्यावरण व पक्षियों पर विचार रखें। बच्चों को मेडल और प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री सोनकर ने वेटलैंड डे के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह जीवन अनमोल है,इससे बचाएं रखने के लिए पर्यावरण के संग पशु पक्षियों के संरक्षण हेतु सब को ध्यान देना होगा।इस मौके पर आईसीएफ अरूण प्रताप सिंह, बर्डर नवीन कुमार और अतुल चौहान,फतेहपुर रेंजर्स पीके सिंह, वन दरोगा विनीत जायसवाल आदि मौजूद रहा।



## गला दबाकर की गई थी मजदूर की हत्या, अब सीसीटीवी फुटेज की तलाश

**बाराबंकी।** ओबरी मोहल्ले के एक घर में एक युवक का शव मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर मारने की बात सामने आई है। अब उसकी हत्या गला दबा कर क्यो की गई इसके खुलासे के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। बताते चलें कि जहांगीराबाद के गनौरा गांव निवासी रामू पांडे (44) पुत्र स्व. होली पांडे मेहनत मजदूरी का काम करते थे। वह नगर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ रोड स्थित ओबरी मोहल्ले में दीपक अवस्थी के मकान के एक कमरे में रहते थे। मंगलवार की शाम इनका शव कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था। मृतक के गले में रस्सी से कसे जाने जैसे कुछ निशान थे। हालांकि परिजनों ने किसी पर कोई आप नहीं लगाया था। मृतक रामू पांडे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। इसमें गला व मुंह दबा कर हत्या की पुष्टि हुई है। पीएम रिपोर्ट के बाद से श्रमिक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है।

# झटका मशीन स्टे वायर में फंसकर युवक का गला जला व कटा

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोयड़ी के पूरे शुक्ल गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन आयम पानी टंकी में काम कर रहे मजदूर का झटका मशीन स्टे वायर में गला फंस गया। स्टे वायर में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर युवक का गला जलकर कट गया। मजदूर युवक के घायल होने की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस टीम ने घायल युवक को इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गोयड़ी शुक्ल के पूरवा गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण चल रहा है, जिसमें पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़नपुर गांव निवासी युवक रविंद्र कुमार मोर्य पुत्र स्वर्गीय राम अवधेश मजदूरी पर काम कर रहा था। ग्राम वासी माता प्रसाद शुक्ल ने अपने घर से खेत के लिए सड़क रास्ता पार कर झटका मशीन का स्टे वायर खींचा था। स्टे वायर काफी नीचे लटक रहा था। काम करने जाते समय युवक रविंद्र कुमार का गला इसके वायर में फस गया स्टे वायर में विद्युत करंट प्रवाहित था। जिसकी चपेट में आकर युवक रविंद्र का गला जलकर कट गया। हादसे की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पीआरबी पुलिस टीम को 112 नंबर डायल कर दी गई। सूचना पाकर पीआरबी 0943 के चालक काशी नाथ तिवारी एवं हेड कांस्टेबल संजय तथा अवधेश मौके पर पहुंचे और उन्होंने आनन फानन में घायल मजदूर युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टरों ने युवक की हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कुमारगंज थाने के बीट प्रभारी उप निरीक्षक अर्जुन यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में है।

# जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कर्मी सेवानिवृत्त

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सेवा निवृत्त एक एसएमओ, फार्मेसिस्ट, एक वार्डबॉय और एक स्वीपर कम चौकीदार का विदाई समारोह एक होटल में आयोजित किया गया।

जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और रामायण देकर विदाई दी। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय के बाबू व फार्मेसिस्ट राजकीय होम्योपैथी चिकित्सालय मोहाना रमेश चन्द्र गुप्त, एस एमओ राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सिद्धार्थनगर डा सूर्यभान गुप्त, वार्डबॉय दीनानाथ पांडेय और स्वीपर कम चौकीदार राम पियारे को जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ अजय कुमार ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, रामायण आदि देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ



कई मेडिकल अफसरों ने सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों को मोमेंटो अंगवस्त्र व फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए विदाई दी। इस अवसर पर डॉ सूर्यभान गुप्त की धर्मपत्नी व फार्मेसिस्ट रमेशचंद्र गुप्त की धर्मपत्नी को महिला डॉक्टरों ने पुष्पगुच्छ व पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। विदाई समारोह में जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि नौकरी एक रेल की यात्रा है जिसका स्टेशन जहाँ और जिस समय आ जायेगा। उसे वहाँ उतरना पड़ता है। कोई सेवानिवृत्त नहीं होता है बल्कि उसकी जिम्मेदारियां और बढ़ जाती हैं। ऐसे लोगों को आध्यात्म के तरफ बढ़ने का अवसर मिलता है। विदाई समारोह में डॉ राम अजोर ने कहा कि बाबू रीढ़

- एसएमओ, फार्मेसिस्ट, वार्डबॉय व स्वीपर कम चौकीदार को दी गयी विदाई

की हड्डी की तरह होते हैं जो स्तम्भ की तरह सबको बांधे रहते हैं। डॉ कविता ने कविता के माध्यम से विदाई गीत गायीं। डॉ वीरेन्द्र कुमार,डॉ अरविंद कुमार मिश्र, जितेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, डॉ पिंकेश कुमारी, डॉ विश्वाश कुमार, डॉ अमृत लाल, डॉ नरेंद्र, डॉ सुधीर कुमार, डॉ इतिका सिंह, डॉ कमल दीप,डॉ रत्नेश चंद्रा ने विदाई समारोह को सम्बोधित कर विदाई दी। इसके अलावा फार्मासिस्ट में प्रेम कुमार पाठक, जावेद, श्याम करन, जगदीश प्रसाद प्रजापति, अभय गुप्ता, आदित्य गुप्ता, उर्मिला देवी,चन्दन चौधरी, गणेश गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ विश्वाश कुमार और प्रेम कुमार पाठक ने किया।

## पीड़ित के लिये मालिपुर थाना में मुकदमा दर्ज कराना आसान नहीं

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मालीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराना पीड़ितों के लिए आसान नहीं है यहां बिना पुलिस अधीक्षक के आदेश के मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता है ऐसा ही एक प्रकरण देखने को मिला है जहां पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद मालीपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रधान के पास मजदूरी मांगने गए मजदूर को विपक्षी ने भद्दी भद्दी गालिया देते हुए लात घुसो से पिटाई किया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विपक्षी के खिलाफ एससी/ एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। प्रकरण मालीपुर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित राहुल निवासी हुसैनपुर विपहन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 25 जनवरी को लगभग 5 बजे ग्राम प्रधान के पास अपनी मजदूरी का बकाया मांगने हेतु गया था तत्समय ग्राम प्रधान महेशपुर बाजार मे मौजूद रहे जहां पर विपक्षी चंद्रेश निवासी दरियापुर थाना मालीपुर शराब के नशे में धुत होकर मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और मना करने पर लात घूँसों से मारा पीटा।

# खुलूस के साथ किया गया काम हमेशा याद किया जाता है: मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जो भी इस दुनियां में अच्छा काम करे चाहे वो मर्द हो या औरत हो तो खुदा उसको उसका इनाम अता करता है। इस का वादा खुदा ने क़ुरान में किया है लेकिन दूसरी तरफ से मौला अली अस का फरमान भी है कि वही आमाल बुलन्द दर्जे तक पहुँच पाता है जो खुलूस के साथ अंजाम दिया जाए।

उक्त उदगार क्षेत्र के हल्लौर स्थित दरगाह हज़रत अब्बास अ में गुरुवार शाम अंजुमन फरोग मातम रजि0 हल्लौर की जानिब से आयोजित बराए इसाले सवाब इक़बाल रज़ा इब्ने गुलाम हैदर की मजलिस को संबोधित करते हुए इमाम जुमा व जमात मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब ने कही। उन्होंने कहा कि खुलूस और एखलास का मतलब ये है कि उस काम को सिर्फ खुद की ख़ुशनूदी और रेज़ायात को हासिल करने के लिए किया जाए। इन दोनों बातों से ये पता चलता है कि इस दुनियां में अगर कोई इंसान किसी



अच्छे काम को सच्चे दिल से खुदा की खुशी के लिए करे तो वो आमाल खुदा की बारगाह में क़बूल भी किया जाता है और उसपे इनाम भी मिलेगा। ज़ाकिरे फ़ातेहे फुरात मरहूम इक़बाल रज़ा भी मौला का ज़िक्र मीर अनीस के मरसिया की सूरत में करते थे जो हर साल बड़े खुलूस से अपने वतन में ज़िक्र फरमाते थे।

उनका खुलूस ही आज उनके इस काम की याद को लोगों के दिल मे बसाये हुए है। मौलाना शारिब ने इस सिलसिले में मरसिया निगारी की तारीख को पेश करते हुए मीर अनीस की मरसिया निगारी और उसकी अदायगी की खूबियों की तरफ भी भरपूर रोशनी डाली। अंत मे हज़रत अब्बास अ व जनाबे सकीना का मसाएब बयान किया।

मजलिस के दौरान जानशीन किसान, अमानत, आफताब प्रेस, नौशाद, मोजिज़ हुसैन सरदार, वज़ीर हैदर विलयम, काज़िम रज़ा, जैग़म इकबाल, समर हैदर, इक़बाल मेंहदी पप्पू, तंजीम पंजतन, महफूज, शम्स हैदर, असगर जमील, नायाब मास्टर, जलाल मास्टर, नौशा, मुमताज, अजीम बाग, ताज़ीम, तसकीन हैदर, शबीह हैदर मास्टर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एडीएम ने गरीबों में वितरित किया कम्बल



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सदर तहसील सभागार में एडीएम उमाशंकर सिंह ने शुक्रवार को जरुरत मंदों को कम्बल वितरित किया। कम्बल वितरित करने के बाद सम्बोधित करते एडीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी जरुतर मंद कम्बल पाने से बंचित न रहे,इसके लिए सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। व्यक्ति को भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय नौगढ़ के क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल रंजन, मुख्य प्रबंधक विभूति कुमार के तरफ से कम्बल की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर तहसीलदार सदर देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार माधर्य यादव, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, मथुरा प्रसाद, लेखपाल रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, योगेन्द्र वर्मा, बिन्दुसार, अनूप यादव, अमीन राजेश मिश्रा, महेश्वर मिश्र, विजय श्रीवास्तव, रमन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## घरों के दूषित पानी के जलभराव से चलना मुश्किल



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तारित क्षेत्र उस्मानपुर पूर्वी वार्ड 19 अली कालोनी में घरों से निकले दूषित जलभराव से सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है।नाली निर्माण नहीं होने से सड़कों पर पानी जमा हो रहा है जिससे राहगीर परेशान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी विद्यालय में पढ़ने वाले नौनिहालों को हो रही है। अली कालोनी में स्थापित निजी स्कूल में पढ़ रहे नौनिहालों को आने जाने में दिक्कत उठानी पड़ रही है। पालिका विस्तार के बाद लोगों को मूलभूत सुविधाऐं मिलने की आस जगी थी। लेकिन वार्ड के बाशिंदे अभी तक जल निकासी को लेकर चिंतित हैं। वार्ड निवासी अली अकबर, जफर हसन, मोहम्मद तकी, मुन्नू सय्यदैन, झीनक कुरैशी ने पालिका परिषद से अविलंब जल निकासी एवं नाली निर्माण कराने की मांग की है जिससे आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो सके।

## दस वर्षीय बेटे की गला दबाकर जान लेने का किया प्रयास

**जलालपुर अम्बेडकर नगर।** बड़ी मां ने अपने देवरानी के 10 वर्षीय बेटे को गला दबाकर जान से करने का प्रयास किया गया। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महिला के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया हैं। घटना जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इस्माइलपुर के मजरे अल्लीपुर की है। गांव निवासिनी ज्ञानमती पत्नी दुर्बल यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि बीते गुरुवार की शाम 7 बजे दस वर्षीय लड़का खेल रहा था उसी समय छोटे छोटे बच्चो में विवाद हो गया उसी समय खुन्नश खायी बडी़ जेठानी गीता पत्नी बीरबल 10 वर्षीय बच्चे का गला दबाकर करने का प्रयास किया गया। लड़का अचेत होकर गिर गया आनन फानन में परिजनों द्वारा चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर इलाज चल रहा है। पुलिस ने ज्ञानमती की तहरीर पर आईपीसी की धारा 307 के तहत गीता पत्नी बीरबल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# वेटलैंड पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता का महत्वपूर्ण अंग है: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** वेटलैंड एक विशिष्ट प्रकार का पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता का महत्वपूर्ण अंग है। भूमि या जल क्षेत्र में वन्य प्राणी प्रजातियो व वनस्पतियों की प्रचुरता होने से वेटलैंड समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र है। यह ताल, झील ,पोखर ,जलाशय, दलदल आदि के रूप में जाना जाता है। हम सभी को वेटलैंडस व पक्षियों का संरक्षण एवं संवर्धन करने का वैज्ञानिक प्रयास करना चाहिए।

उक्त बातें सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सिद्धार्थनगर द्वारा मझौली सागर तट पर विश्व वेटलैण्ड दिवस व वर्ल्ड फेस्टिवल अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहीं। मुख्य विकास अधिकारी जयेद्र कुमार ने कहा कि मझौली सागर में तमाम प्रकार के प्रवासी पक्षी आते हैं। उनकी सुरक्षा व इस वेटलैंड भूमि का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। क्योंकि वेटलैंड्स भूमि व जलाशयों में पक्षियों के लिए प्रचुर खाद्य पदार्थ प्राप्त होने से वेटलैंड का संवर्धन आवश्यक है। पुष्प कुमार के. प्रभागीय निदेशक ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों को बुके प्रदान कर स्वागत किया। उक्त अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच बर्ड फेस्टिवल व वेटलैंड्स पर भाषण, निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर स्कूली बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में आर




ढींगरा, कमांडेंट एसएसबी, नितेश पांडे विधायक प्रतिनिधि, डॉ जीवन लाल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सतीश कुमार पशुधन प्रसार अधिकारी अमरनाथ सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी नौगढ़, सुशील कुमार क्षेत्रीय वन अधिकारी खेसरहा, शिवकुमार गुप्ता क्षेत्रीय वन अधिकारी बासी, इलियास अहमद क्षेत्रीय वन अधिकारी इटवा, पंकज त्रिपाठी जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति, हिमाचल सिंह जेआरएफ, डिप्टी रेंजर ओंकार नाथ बरुण, फॉरेस्टर जगदीश प्रसाद, निखिल कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र, फॉरेस्ट गार्ड महेश कुमार तथा सहायक मोहम्मद वारिस, सुजीत कुमार सिंह समेत तमाम लोग व नागरिक तथा स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर ने किया।

## डायट में प्रस्तुत किए गए जागरूकता नाटक बोलने लगीं रंग बिरंगी कठपुतलियां



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** वेक्टर जनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, इंसेफेलाइटिस आदि के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए डायट में शिक्षकों ने कठपुतली नाटकों के माध्यम से तैयारी पूरी कर ली है। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी की ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में चल रही कार्यशाला में प्राचार्य उपेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने.. दूर होगी मलेरिया बीमारी, जब होगी हम सब की भागीदारी, नन्हे मच्छर के प्रहार बड़े, क्या हम देखें खड़े-खड़े ... जैसे कई नाटक तैयार किए। भारतीय विज्ञान लेखक संघ के तारिक बदर ने कठपुतली के माध्यम से इनके प्रस्तुतीकरण के बारे में बारीकियों को समझाया। वरिष्ठ प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने संवाद रोचक रखने पर जोर दिया । विज्ञान संचारक संतोष त्रिपाठी ने बताया कि कठपुतली नाटक में एक ही व्यक्ति आवाज बदल बदल कर कई पात्रों का अभिनय कर सकता है। वहीं प्रतिभागियों ने भी विज्ञान नाटकों के पात्रों के आधार पर बनाई गई रंग बिरंगी कठपुतलियों के माध्यम से अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों के कई विद्यालयों में भी प्रतिभागियों ने कठपुतली नाटक प्रस्तुत किए और लोगों को जागरूक किया।

# स्वच्छता ओलंपियाड विजेताओं को बीएसए ने किया सम्मानित



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्र स्तर पर आयोजित स्वच्छता ओलंपियाड में जनपद से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने अपने कार्यालय पर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों मे विकासखंड बंसी के कंपोजिट विद्यालय गोल्हौरा के दीपक चौधरी, प्राथमिक विद्यालय वरदही नानकार की रागिनी और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शोहरतगढ़ की जागृति उमर के नाम सम्मिलित हैं। इन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्वच्छता सामग्री प्रदान की गई। साथ ही संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापको को हाइजीन ओलंपियाड में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बनेगा स्वस्थ इंडिया के जिला प्रमुख रंजीत कुमार ने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर से लगभग 12000 बच्चों ने हाइजीन ओलंपियाड में भाग लिया था। बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत हमारा यह मुख्य उद्देश्य है कि बालावस्था से ही बच्चों में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वच्छ आदतों को अपनाने हेतु प्रेरित करना एवं उनके व्यवहार में परिवर्तन कर उन्हें स्वच्छता दूत के रूप में विकसित करना है। कार्यक्रम मे जिला समन्वयक रितेश कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव व संदीप कुमार सहित रूद्रेश,नीलम चतुर्वेदी, पुनवासी, सुनील त्रिपाठी एवं अमन शर्मा मौजूद रहे।

# जिला जजी का वाटर कूलर खराब पेयजल के लिए तरस रहे वकील

अवधनामा संवाददाता

**उरई।** जिला जजी परिसर में अधिवक्ताओं के मुकदमों की पैरवी के लिए आने वाले लोगों के पेयजल की व्यवस्था के लिए लगा वाटर कूलर पिछले कई माह से खराब पड़ा हुआ है। जिसके चलते जजी परिसर में पेयजल का संकट बना हुआ है। इसके लिए अधिवक्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन से कई बार समस्या बताई लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। जिला जजी परिसर में नगर पालिका की ओर से वाटर कूलर कुछ साल पहले लगवा गया था। जिससे अधिवक्ताओ में जिला जजी परिसर में आने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल मिलने लगा था। लगभग तीन माह पहले वाटर कूलर खराब हो गया जिससे अधिवक्ताओं व मुकदमों की पैरवी के लिए आने वाले वादकारियो को वाटर कूलर का पानी नही मिल पा रहा है। जिससे लोगो को खासा परेशान होना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने नगर पालिका को वाटर कूलर खराब होने की जानकारी दी लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी वाटर कूलर को सही नही कराया गया जिससे लोग पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। अधिवक्ता अमित शाहू मंगलेश




तिवारी कुलदीप सैनी के के शर्मा शिवशंकर त्रिपाठी पंचम लाल सैनी सुधीर मिश्रा अंशुमन दिक्षित ब्रजेंद्र कुशवाहा रविरंजन अतर यादव कर्म क्षेत्र अवस्थी राजेश चतुर्वेदी योगेश पाल राहुल पिप्पल मयंक चतुर्वेदी अलम बैग हेमंत द्विवेदी धीरेंद्र तिवारी विश्वदीप राव गोविंद भदारी प्रदुम सिरोठिया भगवानदास प्रजापति राज संजीव तिवारी पंकज सुलेखा आलोक दीक्षित ऋषि पटेल रत्नदीप तिवारी विनोद यादव संजय यादव भरत कुमार यादव मुकेश कुमार विनय चौरसिया का कहना है की गर्मी शुरू होने से पहले वाटर कूलर सही कराया जाए जिससे लोगो को पेयजल की समस्या से जूझना न पड़े। वहीं ईओ नगर पालिका विमलापति का कहना है की खराब वाटर कूलर की जानकारी मिली है। वाटर कूलर को जल्द ही सही कराया जाएगा।

## सपा नेताओं ने पीडीए पखवाड़ा के तहत आयोजित की जल चौपाल

**कोंच।** समाजवादी पार्टी का एक कार्यक्रम ग्राम सलैया बुजुर्ग में पीडीए पखवाड़ा-जन चौपाल लगाई गई जिसमें सरकार द्वारा पंचायत में अधिकारों के हनन,महंगाई, बेरोज़गारी, भर्तियों में आरक्षण की धांधली,बदहाल क़ानून-व्यवस्था जैसे तमाम मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार के विरुद्ध पार्टी वरिष्ठ नेता एव कार्यकर्ताओ के साथ चौपाल लगाई गई। विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम सलैया में समाजवादी पार्टी ने पिछड़ें, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) पखवाड़ा शुरू किया है। यह पखवाड़ा 15 दिन तक चलाया जा रहा है इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्र के सेक्टरों में जन पंचायत की जा रही है जिसमे शनिवार को कार्यकर्ताओ के समक्ष बोलते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह गुर्जर ने संबोधित करते हुए कि भाजपा सरकार द्वारा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है बदहाल व्यवस्था बनी हुई है। गरीबो के लिए कोई सुविधा नही है भाजपा सरकार केवल शोषण करने में जुटी हुई इस दौरान मंत्री धनौरा सतीश रामेंद्र शम्भू ब्यास शान्तनु यादव मुलायम सिंह प्रभाकर शर्मा आदि मौजूद रहे है।

## डीएम व एसपी ने किया विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने टांडा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में किया भ्रमण। जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने आज पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली टांडा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों कश्मीरिया चौराहा, तलवापार, छोटी बाजार, सकरवार, गोठ्वा, जुबैर चौराहा से घूरनशाह होते हुए छज्जापुर पुलिस चौक का जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित नागरिकों से गंगा जमुनी तहजीब के तहत आपसी सद्भाव के साथ रहने के अपील की। साथ ही साथ जनपद वासियों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल की अपील किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर जिस अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह वहां उपस्थित होकर दिए गए जिम्मेदारी का निर्वहन करें। भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी टांडा सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी टांडा,थाना अध्यक्ष टांडा मौके पर उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक




**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** यातायात जागरूकता के तहत सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज, कुर्की बाजार में पहुंचकर छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस प्रभारी द्वारा कॉलेज प्रबंधन व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वालिंटियर के साथ छात्राओं को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए शपथ दिलाई गई। छात्राओं को बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट सदैव लगाए चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट धारण करें। तेज गति से वाहन न चलाए,वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तथा छात्राओं को गुड सेमेरिटन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) उस व्यक्ति को कहते हैं जो दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सड़क दुर्घटना में घायल अस्पताल पहुचाता है, अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को किसी भी प्रकार से परेशान नहीं किया जाएगा, गुड सेमेरिटन द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर एक घंटा में अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने पर सरकार द्वारा 5000 का पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने पर टोल फ्री नंबर 112 यातायात हेल्पलाइन नंबर 1073 जनपद कंट्रोल रूम 9454 41 73 73 पर कॉल करें।

## ड्रोन का उपयोग कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित कृषि संकाय में शुक्रवार को ड्रोन आधारित कृषि विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अजय कुमार यादव (ड्रोन प्रशिक्षक, ड्रोनियर एविगेशन) ने कृषि के क्षेत्र में ड्रोन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ड्रोन का उपयोग कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत है। श्री यादव ने ड्रोन के कृषि में उपयोग को बताते हुए कहा की ड्रोन से फील्ड सर्वे, इंसेक्टिसाइड, पेस्टीसाइड व नैनो यूरिया का छिड़काव एवं जियोफेंसिंग भी की जा सकती है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित नमो ड्रोन दीदी व ड्रोन से संबंधित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिससे युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने उन तरीकों की भी जानकारी दी जिससे विद्यार्थी और ग्रामीण युवा इसका लाभ ले सकते हैं । यह कार्यक्रम संकाय के अधिष्ठाता डॉ विमल कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर नामित किए गए पर्यवेक्षक, सुपर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट

अवधनामा ब्यूरो

- 7 फरवरी तक समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में रहेंगे भ्रमणशील
- 3 पर्यवेक्षक,19 सुपर जोनल, 13 जोनल, 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट की हुई है तैनाती

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपद कुशीनगर में सुरक्षा व्यवस्था तथा शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु 7 फरवरी 2024 तक पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/ तहसील/पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।

जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र कप्तानगंज, सम्पूर्ण क्षेत्र कप्तानगंज/रामकोला,व तहसील क्षेत्र खडडा, नगर क्षेत्र छितौनी हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी को नामित किया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, नगर क्षेत्र सुकरौली, मथौली,सम्पूर्ण क्षेत्र पड़रौना हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में अनिल कुमार डिप्टी कलेक्टर को तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, संपूर्ण नगर क्षेत्र फाजिलनगर, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, नगर क्षेत्र सेवरही, दुदही हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में मो. जफर डिप्टी कलेक्टर को नामित किया गया है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कुल 19 अधिकारियों को नामित किया है जो ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिला मजिस्ट्रेट/जनपद स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने इसके अलावे 13 जोनल मजिस्ट्रेट व 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित किए हैं जो जनपद स्तरीय/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी हैं।रिजर्व में 07 जोनल व 07 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि सार्वजनिक स्थल पर कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी। उन्होंने सभी को निर्देशित किया है कि दिनांक 07 फरवरी तक समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र थाना क्षेत्र में भ्रमण सील रहेंगे, तथा आवश्यकतानुसार संबंधित एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेंगे। यदि कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस अधीक्षक /जिलाधिकारी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिसका न0 05564-240590 है, कंट्रोल रूम के प्रभारी विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी मो0 न0 7518024041 व आलोक प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी मो0 न0 7834948507 को बनाया गया है जो अपने अपने स्टाफ के साथ कंट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे।

# खुलेआम बिक रहा जंक और फास्ट फूड, जिम्मेदार मौन

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सवाल ये उठता है कि संबंधित सरकारी एजेंसियां इस पर रोक क्यों नहीं लगा पा रही हैं? कभी भी जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? अवैध रूप से चल रहे ऐसी खतरनाक दुकानों या औद्योगिक इकाइयों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए क्यों नहीं किए जा रहे ठोस उपाय? फास्ट फूड ही सेहत का सबसे बड़ा दुश्मन है। बच्चों से लेकर बड़े तक फास्ट फूड के लिए घर का बना ताजा व शुद्ध खाना छोड़ देते हैं जबकि जो फास्ट फूड खाया जा रहा है। बह बीमार कर रहा है। चिकित्सक भी लगातार फास्ट फूड से दूरी बनाने की सलाह दे रहे हैं। इसके बाद भी लोगों की पहली पसंद फास्ट फूड है। चिकित्सकों के अनुसार फास्ट फूड लीवर, दिल को नुकसान पहुंचाने के साथ ही पेट की कई बीमारियों को जन्म देता है। वजन बढ़ाने में भी फास्ट फूड का ही बड़ा योगदान है। फास्ट फूड से सबसे बड़ा नुकसान नौजवानों को हो रहा है। उनकी सेहत बिगड़ती जा रही है। वजन बढ़ने के साथ ही एसिडिटी की समस्या आम हो गई है।शासन व डीएम के निर्देश पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने अभियान चलाया जा रहा है। इसके पश्चात भी जनपद मुख्यालय की सभी सड़कों पर फास्ट फूड जंक फूड की दुकान सैकड़ो की तादात में दिखाई पड़ेगी।खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तय करने वाली व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा भी हर किसी को होने लगा। बाजारों में तैयार एवं खुले बिक्री के लिए उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मापने के लिए पर्याप्त कानून तो है, लेकिन इसे लागू करने वाले हमेशा से पैसे के आगे बौने हो जाते हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आशुतोष शुक्ला ने बताया कि फास्ट फूड खाने से कोलेस्ट्रॉल ज्यादा होता है। इससे ही हार्ट अटैक होता है। बीपी की समस्या हो जाती है। बीपी बढ़ने से जान तक चली जाती है। फास्ट फूड खाने से बचना ही चाहिए। यही नुकसान मिलावटी खाद्य सामग्री खाने से होता है।

## बजट से मुखातिब हों

यह अन्तरिम बजट है। कुल 47.66 लाख करोड़ का बजट है। बजट में सौर ऊर्जा, रेल, कृषि, स्वास्थ्य और रक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। इनकमटैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं है क्योकि इनकमटैक्स जमाकर्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है और कलेक्शन भी उत्साहबर्धक आ रहा है। राज्यों को 50 वर्षीय ब्याज कर्ज़ जारी रहेगा। कुछ बकायादारों को सरकार माफभी करेगी इससे एक करोड़ करदाताओं को लाभ मिलेगा। कुल मिलाकर मोदी सरकार अगले चुनाव में फ़िर आ रहे है उसका विश्वास इस अन्तरिम बजट में झलकता है। मोदी कह रहे है इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नीव को मजबूत करने की गारन्टी है।

बजट में गरीबों, महिलाओं, युवा किसानों पर खास ध्यान दिया गया है। लखपती दीदी बनाने का लक्ष्य तीन करोड़ रक्खा है। कौशल विकास मिशन को और सशक्त बनाये जायेगा। जिससे युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिले। विश्वकर्मा योजना द्वारा कारीगरों को लाभ देने की भी योजना है। चुनाव वर्ष होने के बावजूद मुफ्त सहायता पहुचाने का कोई इरादा नहीं है। राजकोर्षीय घाटा कम करने में सरकार ने सराहनीय काम किया है। राजकोषीय घाटा 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे मुफ्त वितरण, टीकाकरण, किसानों को लाभ आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाना मुफ्त बिजली आदि का वित्तीय सेहत पर बुरा असर पड़ेगा। जिसे झेलने के लिये सरकार को तैयार रहना पड़ेगा। पर बजट में एमएसपी की कोई घोषणा नहीं की है। 25 करोड़ लोगो को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का दावा सरकार करती है पर 80 करोड़ लोगो को मुफ्त राशन देती है दोनो में मेल नही बनता है।

पिछ्ले दस सालों में प्रत्यक्ष कर से ग्रह तीन गुना से आगे निकल गया है। रिटर्न दाखिल करने वालो की गिनती 24 गुना बढ़ गई है। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अगले 5 सालों में एक करोड़ घर बनाये जायेगे। बजट सरकारी और निजी भागीदारी बढ़ाने वाला है। जो विकास की गति को बनाये रक्खेगा। वित्त मंत्री ने बजट को साधने में पूरी शाक्ति लगाई है और उन्हें अनुकूल वित्तीय सहायता भी स्कीमो से प्राप्त हुई है। ग्रोथ रेट सन्तोषजनक रहा, इनफ्लेशन चार प्रतिशत से भी नीचे चला गया है। एक्सटर्नल एकाउन्ट मैनेजबुल रहा। कैड जीडीपी का 1.3 प्रतिशत रहा रूपया ऊपर बढ़ता गया। विश्व में युद्ध का खतरा बढ़ता जा रहा है। इन सबके बीच वित्तीय मैनेजमेन्ट में नियन्त्र रक्खा गया है। इससे सीतारमन काम लाभ आसान होता गया।

मोदी को वापस आने का पूरा भरोसा है, इसीलिये मुफ्तखोरी को बढ़ावा न देते हुये वित्तीय नियन्त्रण को फ़िक्स कर दिया है। उनका सन्देश है लोग मुझमें विश्वास बनाये रक्खे हालात बेहतर बनाता जाऊंगा। मेरी शक्ति युवा, महिलायें, गरीब लोग है। वे उन्ही से प्रेरित होते रहते है।

मोदी सरकार का अगर पिछले दस सालों का रिपोर्ट कार्ड देखा जाए तो दस में से सात योजनाओं के केंद्र बिंदु में महिलाएं होती हैं। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सशक्त नारी के जरिए समृद्ध भारत की राह गढ़ने की सोच है और इस सोच को सरकार ने अपनी कार्यशैली में पूरी तरह से उतारा भी है। वित्तमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के लिए दस सालों में किए कामों की उपलब्धियां गिनाईं। जिसमें महिलाओं को तीन तलाक के शाप से मुक्त करने के लिए कानून लाए जाने और महिला उद्यमियों को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण देने को प्रमुखता से उजागर किया।

# बजट में दिखी भविष्य के भारत की तस्वीर



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट लोकसभा में पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड छठा बजट है। अंतरिम बजट में मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया गया और अर्थव्यवस्था, विकास की हरी-हरी तस्वीर पेश की गई। मसलन-भारत विश्व-गुरु के तौर पर उभर रहा है। जनता खुश है और सशक्त हुई है। उसमें उम्मीद और आशावाद जागा है। सरकार के 10 सालों में सकारात्मक अर्थव्यवस्था रही है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हुई है। सामाजिक समावेश का आर्थिक विकास हुआ है। भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद खत्म हुआ है। भारत 2047 में 'विकसित राष्ट्र' होगा। अंतरिम बजट से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को आम चुनाव जीतने की कोई चिंता नहीं है, लिहाजा वित्त मंत्री ने दावा किया है कि जुलाई के पूर्ण और आम बजट में विकसित भारत के व्यापक विकास का रोड-मैप पेश किया जाएगा।

सामाजिक ताने-बाने और पहचान की राजनीति के साथ प्रक्रियात्मक न्याय सुनिश्चित करने के लिए मोदी सरकार एक नया प्रतिमान स्थापित करने की कोशिश कर रही है। देश में सभी को संसाधन और संपत्ति में समुचित भागीदारी मिले, इसके लिए नई ऊर्ध्वाधर पहचान पर लगातार काम हो रहा है, जिसका जिक्र इस बजट और इसके बाद के प्रधानमंत्री के भाषण में किया गया है। ये पहचान हैं युवा, महिला, गरीब और किसान।

मोदी सरकार की सभी नीतियों, कार्यक्रमों और अभियानों के केंद्र में ये चारों समूह हैं जो समाज के विभिन्न हिस्सों का प्रतिनिधित्व करते हैं। मोदी सरकार के पास आज इन चारों वर्गों में निहित तमाम उपवर्गों के लिए कोई न कोई योजना है। स्टार्टअप, स्टैंडअप से लेकर उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री अन्न योजना का प्रभावशाली क्रियान्वयन दर्शाता है कि कैसे समाज के सबसे कमजोर तबके तक जनधन योजना के तहत अकाउंट खोले गए और डायरेक्ट बेनिफ़िट ट्रांसफ़र से सभी तक आवंटित राशि पहुंच रही है।

मोदी सरकार का अगर पिछले दस सालों का रिपोर्ट कार्ड देखा जाए तो दस में से सात योजनाओं के केंद्र बिंदु में महिलाएं होती हैं। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सशक्त नारी के जरिए समृद्ध भारत की राह गढ़ने की सोच है और इस सोच को सरकार ने अपनी कार्यशैली में पूरी तरह से उतारा भी है। वित्तमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के लिए दस सालों में किए कामों की उपलब्धियां गिनाईं। जिसमें महिलाओं को तीन तलाक के शाप से मुक्त करने के लिए कानून लाए जाने और महिला उद्यमियों को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण देने को प्रमुखता से उजागर किया। सरकार ये मानती है कि अगर देश को समृद्ध और सशक्त करना है तो उसके लिए महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना होगा। इसके लिए महिलाओं के जीवन को सुगम बनाना, उन्हें शिक्षित करना और सुरक्षा के



साथ ही उनके सम्मान की रक्षा सुनिश्चित करनी होगी। इन चीजों को ध्यान में रखकर ही सरकार ने पिछले दस वर्ष की योजनाएं और कार्यक्रम चलाए। सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा ऋण योजना शुरू की और महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिये गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ा है। साइंस, टेक्नालाजी, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में 43 प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है जो दुनिया में सबसे अधिक है। इन सभी उपायों का असर कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागेदारी के रूप में दिखाई दे रहा है। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के भय से मुक्त करने के लिए तीन तलाक को गैर कानूनी ठहराने वाला कानून लागू किया गया।

राजनैतिक रूप से महिलाओं को सशक्त करने और उनकी एक निश्चित भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रविधान है। महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें अधिकार संपन्न करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहलू उन्हें घर का मालिकाना हक मिलना भी है। पीएम आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को एकल या संयुक्त मालिकों के रूप में 70 प्रतिशत से अधिक घर देने से उनका सम्मान बढ़ा है। महिलाओं के स्वास्थ्य और किशोरियों के पोषण पर भी सरकार का काफी ध्यान है अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पोषण पीएम) योजना में पिछले वर्ष 10000 करोड़ खर्च हुए थे जबकि इस वर्ष अंतरिम बजट में उसे बढ़ा कर 12467 कर दिया गया है।

मिशन शक्ति (महिला संरक्षण और सशक्तिकरण मिशन) का बजट भी पिछले वर्ष 2326 करोड़ था जो कि इस अंतरिम बजट में बढ़ा कर 3146 करोड़ कर दिया गया है। एलपीजी कनेक्शन का भी सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं को मिलता है उन्हें धुएं वाले चूल्हे से मुक्ति मिलती है और उनका जीवन आसान हो जाता है इस दिशा में देखा जाए तो सरकार ने गरीब परिवारों को एलपीजी कनेक्शन देने का बजट भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ा दिया है। अंतरिम बजट में नौ से 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगाने की योजना हो या आंगनवाड़ी और आशा वर्कर को आयुष्मान कार्ड में कवर करने की योजना ये सब दिखाती हैं देश की नारी को स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना इस सरकार का लक्ष्य है। इससे देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में आधी आबादी की बराबरी की भागेदारी सुनिश्चित होगी। अंतरिम बजट में किसी महत्त्वपूर्ण और नई परियोजना की घोषणा नहीं की गई है और न ही आयकर-व्यवस्था में कोई बदलाव किया गया है। फ़िर भी कुछ घोषणाएं ऐसी हैं, जो मौजूदा परियोजनाओं का विस्तार हैं, लेकिन उनमें लोकलुभावन भाव भी निहित है। सरकार ने आगामी 5 साल में 2 करोड़ पक्के घर बनाने की घोषणा की है, जबकि 3 करोड़ घर बनाने का दावा किया गया है। अंतरिम बजट में 5 साल की योजना की घोषणा की प्रासंगिकता कितनी है?

जाहिर है कि भाजपा आगामी सत्ता को लेकर भी आश्वस्त है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 फीसदी मकानों का स्वामित्व महिला के नाम है। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में बताया है कि एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बना दिया गया है और आगे 3 करोड़ को 'लखपति' बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह मोदी सरकार की 'महिला सशक्तिकरण' की राजनीति को सत्यापित करती है। सरकार के 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी-मुक्त किया गया है और यह सरकार की प्रतिबद्धता है। इसके मायने हैं कि देश में गरीबी-रेखा के नीचे जीने वालों की संख्या नगण्य हो गई है! लेकिन यह हकीकत नहीं है। बहरहाल 43 करोड़ को 'मुद्रा ऋण' के तहत 22.57 लाख करोड़ रुपए के कर्ज मुहैया कराए गए हैं। स्वरोजगार के लिए 34 लाख करोड़ रुपए के कर्ज भी दिए गए। इनमें 78 लाख रेहड़ी-पटरी वाले भी हैं, जिन्हें आर्थिक मदद दी गई है।

## अंतरिम बजट : बड़े ऐलानों से दूरी, इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर विकसित भारत की ओर



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत पूरी दुनियां में तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में विख्यात हो चुका है, जिसने ब्रिटेन को पछाड़कर पूरी दुनियां की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, अब दुनियां की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रही है और भारत अपना विजन बन चुका है कि 2047 के पूर्व दुनियां की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाना है। अर्थव्यवस्था नंबर वन बनना, याने विकसित भारत का पर्याय माना जाता है और अर्थव्यवस्था का नंबर वन बनने के लिए सबसे सटीक आधार हमारा वार्षिक बजट है जिसके आधार पर पूरी आर्थिक व्यवस्था का रोडमैप दर्ज होता है। चूंकि आज 1 फरवरी 2024 को माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा अंतरिम बजट पेश किया गया है, इसलिए कि लोकसभा चुनाव संभावित तौर पर अप्रैल 2024 में हो सकते हैं और 17वीं लोकसभा का यह आखिरी बजट है, इसलिए ही अंतरिम बजट पेश किया गया है। फिर पूर्ण बजट संभावित जुलाई 2024 में लाया जा सकता है। फिक्की के एक कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री पहले ही इशारा दे चुकी है कि यहअंतरिम बजट है, इसलिए इस पर अधिक उम्मीदें नहीं लगाना चाहिए। यह लेखा-जोखा का चार माह का हिसाब किताब तैयार करना है और कुछ जरूरी संशोधनों को लाना है, फिर जुलाई 2024 में पूरी तरह से विचार विमर्श कर अनेक स्कीमों सुविधाओं को सम्मिलित करने के लिए अनेक योजनाओ की घोषणा और स्कीम सम्मिलित की गई है उनके कहने का सटीक परिणाम हमने आज देख लिया है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरिम बजट 1 फरवरी 2024 में लोकसभा चुनाव 2024 के दबाव का अंशका प्रभाव नहीं दिखनें को रेखांकित करना जरूरी है

साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2024 को घोषित बजट की मुख्य बातों की करें तो, वित्त मंत्री ने कहा कि इस बजट में हमारा 4 जातियों पर फोकस है। उन्होंने कहा कि महिला, गरीब, युवा और किसान ही हमारे फोकस में हैं। सरकार ने इस बार आयकरदाताओं को कोई राहत नहीं दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं होगा। सरकार ने मिडिल क्लास के लिए बड़ा एलान किया है 10 साल पुराना 10 हज़ा ररुपए तक का टैक्स माफ होगा 3 करोड़ और महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का ऐलान। 40 हज़ार रेल बोगी वंदे भारत बोगी में बदलने का ऐलान रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफार्म की बातें की गईवित्त मंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही हाउसिंग प्लान लाने की तैयारी में है, जिससे सभी को सस्ता घर मिलेगा। देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हो गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया है। सरकार के राज में उद्योगों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ी है। वित्त मंत्री ने कहा कि महिलाओं की उद्यमशीलता में 28 प्रतिशत का उछाल आया है। सरकार 3 करोड़ मकानों के लक्ष्य के करीब है और अगले 5 सालों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू कर रहे हैं।2025 में बुनियादी ढांचे के लिए बजट बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। घरेलू पर्यटन कोबढ़ावा देने के लिए, लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीपों पर पोर्ट कनेक्टिविटी, टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर और फैसिलिटी के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए राज्यों में कई सुधारों की आवश्यकता है। इन सुधारों में मदद करने के लिए इस वर्ष 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित । देश में तीन प्रमुख रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रोग्राम लागू किए जाएंगे।ये हैं एनर्जी, मिनरल और सीमेंट कॉरिडोर; पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर और हाई ट्रैफिक डेंसिटी कॉरिडोर। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए पीएम गति शक्ति के तहत परियोजनाओं की पहचान की गई है। ये रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार करेंगे और लागत कम करेंगे।कृषि क्षेत्र की और वृद्धि के लिए, सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में सार्वजनिक और निजी निवेश को और बढ़ावा देगी। रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक प्रौद्योगिकियों को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी। हमारी सरकार विभिन्न विभागों के तहत मौजूदा अस्पतालों के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की योजना बना रही है, इस उद्देश्य के लिए एक समिति गठित की जाएगी।

# हर बार भाजपा के करीब आ जाते हैं नीतीश

2014 के लोकसभा चुनाव में जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की पूर्ण बहुमत से सरकार बनी तो दूसरी ओर जदयू महज दो लोकसभा सीटों तक सिमट गई। इस करारी हार का जिम्मा स्वंय लेते हुए नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और महादलित समाज से आने वाले जदयू नेता जीतन राम मांझी को मई 2014 में बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। हालांकि मांझी का 9 महीने का कार्यकाल विवादों में रहा। उनके बेबाक बयान एवं पार्टी में बढ़ती अंदरूनी कलह को थामने के लिए नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी की जगह खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली।



बलिराम सिंह

जनता दल (यू) और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन 17 सालों तक चला। भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में जनता दल यू के वरिष्ठ नेता जॉर्ज फर्नांडिज, शरद यादव और नीतीश कुमार को रक्षा, उड्डयन एवं रेलवे जैसे भारी-भरकम मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। इसके अलावा नीतीश कुमार के नेतृत्व में दोनों दलों ने मिलकर 2005 से लेकर 2013 तक सरकार चलाई। लेकिन इस गठबंधन में दरार उस समय पड़ गई , जब भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने 2013 में गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया। इस घोषणा के साथ ही जदयू की राहें अलग हो गई।

लोकसभा चुनाव 2014 से पहले नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी के विजय रथ को रोकने के लिए महागठबंधन बनाने की कोशिश की। यहां तक कि उन्होंने जनता पार्टी से निकले सभी दलों को एक बार फिर एक मंच पर लाने की कोशिश की। वह खुद अपनी पार्टी को मर्ज करने के लिए तैयार हो गए थे और इसका अध्यक्ष सपा के तत्कालीन प्रमुख मुलायम सिंह यादव को बनाने की पेशकश की , लेकिन उनका यह प्रयास सिरे नहीं चढ़ सका। कहा जाता है कि खुद मुलायम सिंह यादव के चचेरे भाई प्रो.राम गोपाल यादव इसके पक्ष में नहीं थे। और इस तरह 2014 में नीतीश कुमार का प्रयास अधूरा रह गया।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की पूर्ण बहुमत से सरकार बनी तो दूसरी ओर जदयू महज दो लोकसभा सीटों तक सिमट गई। इस करारी हार का जिम्मा स्वंय लेते हुए नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और महादलित समाज से आने वाले जदयू नेता जीतन राम मांझी को मई 2014 में बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। हालांकि मांझी का 9 महीने का कार्यकाल विवादों में रहा। उनके बेबाक बयान एवं पार्टी में बढ़ती अंदरूनी कलह को थामने के लिए नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी की जगह खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली। 2015 में उन्होंने कांग्रेस एवं लालू यादव की पार्टी के साथ महागठबंधन किया और विधानसभा चुनाव लड़ा। इस चुनाव में महागठबंधन को भारी जीत मिली। इस जीत के बाद देश के राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा शुरू हो गई। कहा जाने लगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजेय नहीं हैं, उन्हें हराया जा सकता है।

2015 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी। लेकिन यह गठबंधन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सका। नीतीश कुमार का झुकाव एक बार फिर भाजपा



की तरफ बढ़ा। उन्होंने नरेंद्र मोदी की नोटबंदी और जीएसटी संबंधी नीतियों का समर्थन किया। जबकि महागठबंन के अन्य घटक दलों ने इसका विरोध किया। दूसरी ओर, लालू यादव एवं उनके रिश्तेदारों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई का शिकंजा कसना शुरू हो गया। जिसकी वजह से नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव का इस्तीफा मांगा, लेकिन लालू यादव ने इस्तीफा देने से मना कर दिया, जिसके बाद नीतीश कुमार ने 2017 में राजद का साथ छोड़कर एक बार फिर भाजपा गठबंधन में शामिल हो गए और बिहार का मुख्यमंत्री बने। इस बार भाजपा और जदयू का साथ पांच सालों तक चला। नीतीश कुमार ने बीजेपी के राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर पर आपत्ति जतायी थी। गठबंधन में दरार उस समय और बढ़ गई, जब 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए की घटक दल लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने जदयू प्रत्याशियों के खिलाफ अपने उम्मीदवार उतार दिए। खास बात यह है कि भाजपा से जिन प्रत्याशियों को टिकट नहीं मिला, उन्हें लोजपा से टिकट मिल गया। इसकी वजह से नीतीश कुमार की पार्टी को गहरा झटका लगा। चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू महज 45 सीटों पर सिमट गई और तीसरे नंबर पर चली गई। इसके बाद महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की सरकार गिरने और शिवसेना में फूट पड़ने व शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में जून 2022 में भाजपा व शिवसेना (शिंदे गुट) की नई सरकार के गठन के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई कि बिहार में भी नीतीश कुमार की पार्टी टूट सकती है। अंततः अनेक मतभेदों के बाद नीतीश कुमार ने अगस्त 2022 में भाजपा से नाता तोड़ लिया और राजद, कांग्रेस के साथ मिलकर बिहार में नई सरकार का गठन किया।

भाजपा से अलग होने के बाद नीतीश कुमार ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पूरे देश में विपक्ष को एकजुट करने का अभियान चलाया। शुरूआती स्तर पर उन्हें विपक्ष का समर्थन भी मिला। उन्होंने जून 2023 में पटना में विपक्षी पार्टियों को एक मंच पर बुलाकर देश की जनता को बड़ा संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने बिहार में सामाजिक न्याय से संबंधित बड़ा काम करते हुए जातीय आधारित सर्वे कराया और उसकी रिपोर्ट जारी कर दी। मजे की बात है कि नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन के तले देश की विपक्षी पार्टियों को एक मंच पर लाने का बड़ा कार्य तो कर लिया, लेकिन गठबंधन ने उन्हें संयोजक नहीं बनाया और न ही विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित किया। इतना ही नहीं तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नीतीश कुमार की जगह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संयोजक बनाने का प्रस्ताव आगे बढ़ा दिया। ममता बनर्जी एवं अरविंद केजरीवाल की इस कुटिल चाल के बाद नीतीश कुमार का सपना धरा का धरा रह गया। नीतीश कुमार चाहते थे कि इंडिया गठबंधन के मेनिफेस्टो में जातीय जनगणना को प्रमुखता दिया जाए, लेकिन कहा जाता है कि ममता बनर्जी ने जातीय जनगणना का विरोध किया। खास बात यह है कि इस मामले में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी खामोश रहे, लेकिन नीतीश कुमार के 'इंडिया' गठबंधन से मोहभंग और एनडीए में जाते ही उन्होंने नीतीश कुमार को पीएम मैटेरियल बता दिया।

कुल मिलाकर नीतीश कुमार 2014 से हर बार लोकसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए एक महागठबंधन तैयार करने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन असफल होने पर फिर से भाजपा के करीब पहुंच जाते हैं।

# प्रतियोगिता के प्रेशर से असमय बुझते चिराग

एक आंकड़े के मुताबिक कोटा में ज़्यादातर छात्रों की उम्र 15 और 17 के बीच में है। उनके लिए शहर में अकेले रहना, परिवारों की उम्मीदें, हर दिन 13-14 घंटों की पढ़ाई, टॉपर्स के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के दबाव के साथ रहना आसान नहीं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक़, भारत में साल 2021 में लगभग 13 हज़ार छात्रों ने आत्महत्या की थी। ये आंकड़े साल 2020 के आंकड़े से 4.5 प्रतिशत ज़्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक़, हर साल करीब सात लाख लोग आत्महत्या करते हैं और 15-29 साल के उम्र में आत्महत्या मौत का चौथा सबसे बड़ा कारण है।



रोहित माहेश्वरी

देश में कोचिंग हब के रूप में प्रसिद्ध राजस्थान के कोटा में छात्रों की आत्महत्या के मामले रुक नहीं रहे हैं। बीते सोमवार को एक और छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। साल के शुरुआती जनवरी महीने में ही स्टूडेंट की आत्महत्या का दूसरा मामला सामने आया है। कोटा के बोरखेड़ा क्षेत्र में रहने वाली छात्रा निहारिका सिंह ने घर पर ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले लिखे पत्र में उसने लिखा- 'मम्मी-पापा, मैं जेईई नहीं कर सकती, इसलिए सुसाइड कर रही हूं। आई एम लूजर, यही लास्ट ऑप्शन है।' जाहिर है बच्ची इतनी भयाक्रांत थी कि परीक्षा से पहले ही आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। जाहिर है इस फैसले में परिवार की उम्मीदों का बोझ ही शामिल होगा, जिसके चलते परीक्षा की विफलता को उसने जीवन का अंत मान लिया।

एजुकेशन सिटी कोटा में हर साल देशभर से 1 से 2 लाख बच्चे अपने और माता पिता के सपने पूरा करने पहुंचते हैं। कोटा में इंजीनियरिंग और मेडिकल की कोचिंग करने आये सभी स्टूडेंट्स सफल नहीं हो पाते कुछ ऐसे स्टूडेंट होते हैं जिन्हें असफलता हाथ लगती है। कई ऐसे स्टूडेंट भी होते हैं जो पढ़ाई का प्रेशर और माता-पिता की उम्मीद को पूरा नहीं कर पाते, तो सुसाइड जैसे कदम उठा लेते हैं। कोटा में बढ़ते हुए सुसाइड के मामलों को लेकर कोचिंग प्रशासन, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन अपने-अपने स्तर पर कई प्रयास कर चुका है, लेकिन कोटा में कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड रुकने का नाम ही नहीं ले रहे। कोचिंग सिटी की शुरुआत 1991 में हुई थी तब से लेकर अब तक लगभग 35 से 40 लाख स्टूडेंट कोटा से आईआईटी और मेडिकल की कोचिंग कर चुके हैं। लेकिन यहां सुसाइड के मामले लगातार बढ़ रहे है। यूपी और बिहार के लाखों स्टूडेंट आईआईटी और मेडिकल की कोचिंग करने यहां आते हैं ऐसे में अब तक के हुए सुसाइड मामलों में जो मामले निकल कर आए है मूलतः वह है माता-पिता और पढ़ाई का प्रेशर, टीनएज में लव अफेयर, ब्रेकअप।

एक आंकड़े के मुताबिक कोटा में ज़्यादातर छात्रों की उम्र 15 और 17 के बीच में है। उनके लिए शहर में अकेले रहना, परिवारों की उम्मीदें, हर दिन 13-14 घंटों की पढ़ाई, टॉपर्स के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के दबाव के साथ रहना आसान नहीं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक़, भारत में साल 2021 में लगभग 13 हज़ार छात्रों ने आत्महत्या की थी। ये आंकड़े साल 2020 के आंकड़े से 4.5 प्रतिशत ज़्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक़, हर साल करीब सात लाख लोग आत्महत्या करते हैं और 15-29 साल के उम्र में आत्महत्या मौत का चौथा सबसे बड़ा कारण है। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि आखिर क्यों मां-बाप बच्चों के साथ ऐसा सहज संवाद नहीं बना




पाते कि इस आत्मघाती फैसले से पहले वह किसी तरह का विमर्श उनके साथ कर सके? क्यों हम बच्चों के सामने ऐसे हालात पैदा कर देते हैं कि उन्हें लगता है कि परीक्षा में उत्तीर्ण न हुए तो जीवन ही खत्म हो जाएगा? प्रश्न यह भी है कि उम्मीदों का कब्रगाह बनते कोटा भेजने से पहले क्या अभिभावकों ने सोचा है कि क्या जेईई में निकलना निहारिका का पैशन भी है?

पिछले दिनों जब 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में देश के करोड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों से दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम व वर्चुअल संवाद के जरिये प्रधानमंत्री परीक्षा भय से मुक्त होने की बात कर रहे थे, देश के कई भागों से छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आ रही थीं। जाहिर है अभिभावक व शिक्षक इन बच्चों के मानसिक द्वंद्व व वास्तविक दिक्कतों को नहीं समझ पा रहे हैं, जिसके चलते इन बच्चों को मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प नजर आ रहा है।

निश्चित रूप से परीक्षा का भय इस कदर बच्चों पर हावी है कि उन्हें लगने लगता है कि परीक्षा में असफलता के बाद जीवन में कुछ शेष नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस संबोधन में इन तमाम चुनौतियों को संबोधित किया। उन्होंने गहरी बात कही कि 'बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं।' यह एक हकीकत है कि अपने जीवन में शैक्षिक व रोजगारपरक लक्ष्यों को हासिल न कर पाने वाले अभिभावक अपने बच्चों से आईएएस, डॉक्टर व इंजीनियर बनने की उम्मीद पाल बैठते हैं। जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करते हुए यह नहीं सोचते कि बच्चे की क्षमताएं क्या हैं और हमारी उम्मीदों का बोझ वे किस सीमा तक बर्दाश्त कर पाएंगे।

बीते दिनों संगरूर में मेरिटोरियस स्कूल के हॉस्टल से एक छात्र के पिता को फोन जाता है कि तुम्हारे बच्चे के नंबर कम आए हैं। उसे हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा। इसके तीन घंटे बाद खबर आई कि छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यहां इस फोन करने वाले शिक्षक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए कि उसने ऐसा संवेदनहीन व्यवहार क्यों किया। क्या नंबर कम आने के लिये छात्र को हॉस्टल से निकाल देना समस्या का समाधान है? यह दबाव अभिभावकों पर बना तो छात्र तनाव में आ गया। क्या उन कारणों की पड़ताल नहीं की जानी चाहिए थी जिसकी वजह से छात्र के नंबर कम आए? नये दौर में संक्रमण काल से गुजर रहे छात्रों को समझने में क्या शिक्षक जिम्मेदार भूमिका निभा रहे हैं? मनोचिकित्सकों के अनुसार स्टूडेंट इंजीनियर और डॉक्टर की कोचिंग करने आते हैं। वह जब यह देखते हैं कि एक से बढ़कर एक होनहार छात्र-छात्राएं हैं और पेपर में अपने कम नंबर देखते हैं, तो इतने बड़े कदम उठा लेते है। कारण यही है कि मां-बाप की उम्मीद को पूरा नहीं कर पाते। इसलिए बिल्डिंग से कूदकर या फिर पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं। वहीं विशेषज्ञ यह सलाह भी देते हैं कि कोचिंग प्रशासन को इन बच्चों का पहले ही टेस्ट ले लेना चाहिए, ताकि उसे पता लग सके कि बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर बनने के लायक भी है या नहीं। दूसरी बात हर मां-बाप को नहीं सोचना चाहिए कि हमारा बच्चा जीवन में डॉक्टर या इंजीनियर ही बने और भी कई रास्ते हैं जिससे सफलता हासिल की जा सकती है। हर पेरेंट्स को ऐसे नहीं सोचना चाहिए कि बच्चों को कोटा भेज दो तो इंजीनियर या डॉक्टर में सिलेक्शन हो जाएगा हां लेकिन बच्चे को अपना हंड्रेड परसेंट परफॉर्मेंस देना चाहिए। कई पेरेंट्स ऐसे हैं जो बच्चों पर पढ़ाई को लेकर दबाव बनाते हैं।

हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है। ईश्वर उसे किसी निश्चित लक्ष्य के लिये रचता है। दुर्भाग्य से मां-बाप उसकी रुचि व रुझान को नहीं समझ पाते। अपनी इच्छाएं थोपकर उसे कैरियर की दिशा निर्धारित करने के लिए कह देते हैं। यहीं से उसके जीवन में द्वंद्व शुरू होते हैं। जो पाठ्यक्रम छात्र-छात्राओं के मन का होता है उसमें वे जीवन में आशातीत सफलता प्राप्त करते हैं, विशिष्टता हासिल करते हैं। राज्य सरकार ने कोचिंग संस्थानों को कहा है कि 9वीं क्लास के पहले एडमिशन न लें।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2024 का आयोजन

■ तराई सीमा क्षेत्र के 08 जनपदों में महोत्सव का होगा आयोजनः जयवीर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के तराई सीमा क्षेत्र के जनपदों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2024 कार्यक्रमों का 09 फरवरी से 29 फरवरी, 2024 तक किया जाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तराई सीमा क्षेत्र से संबंधित जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों को प्रदेश के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करना है। यह महोत्सव 09 फरवरी को सिद्धार्थनगर जनपद से प्रारम्भ होकर महराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी एवं पीलीभीत में 29 फरवरी, 2024 को समाप्त होगा।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने गुरूवार को दी। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए तराई क्षेत्र के 08 जनपदों- सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी तथा पीलीभीत के जिलाधिकारियों को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2024 का आयोजन 09 से 11 फरवरी को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर में किया जायेगा। इसी प्रकार 13-14 फरवरी को जनपद महराजगंज के जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज में किया जायेगा और 16 फरवरी को बुद्ध पीजी महाविद्यालय कुशीनगर तथा 18-19 फरवरी को राजकीय संग्रहालय इमिलिया कोडर-राजकीय एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर में किया जायेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि 21 फरवरी, 2024 को जिला मुख्यालय भिनगा/सत्यनारायण उच्चशिक्षण संस्थान, तुलसीपुर बलरामपुर में तथा 23-24 फरवरी को जनपद बहराइच के सीमान्त डिग्री कालेज/लार्ड बुद्धा इण्टर कालेज में महोत्सव सम्पन्न होगा। इसके पश्चात 26 फरवरी को राजकीय एकलव्य आश्रम पद्धति इण्टर कालेज, लखीमपुर में महोत्सव का आयोजन होगा तथा अंतिम चरण 28-29 फरवरी को एलबीएस महाविद्यालय गॉधी स्टेडियम प्रेक्षागृह पीलीभीत में महोत्सव का समापन होगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य द्वारा जारी निर्देशों में संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों से अपर जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी स्तर के किसी अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही आयोजन स्थल पर साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। कार्यक्रम स्थल हेतु प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाते हुए साइनेज लगाने के भी निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए यात्रा के साथ पुलिस स्कार्ट की व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

## दया ,करुणा,ममता व त्याग की प्रतिमूर्ति थी मां अकलेश देवी

**गोरखपुर।** मां अकलेश स्मृति सेवा परिषद, डा अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस क्लब व् शीतला प्रसाद फूलमती देवी शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मां अकलेश की 25 वीं (पुण्यतिथि) स्मृति दिवस पर प्रमुख रूप से प्रमुख समाजसेवी श्री दुर्गा प्रसाद (बाबु जी) व परिवार के सदस्यों सहयोगियों के द्वारा पुष्पांजलि व् श्रद्धांजलि के उपरांत झरवा , बड़गो स्थित गोकुलधाम(वृद्ध असहायो एवम् विक्षिप्त जानो के रहने का घर) पर सभी उपस्थित वृद्ध असहायों को उनके जीवन यापन संबंधित सामाग्री प्रदान किया गया ,साथ ही साथ उनके साथ सभी लोगो भोजन भी कराया गया । आज के इस पुनीत आयोजन से सभी वृद्ध लोगो चेहरे पर गजब का सुंदर भाव था,होम परिसर में माहौल काफी भाउक जैसा रहा। सभी उपस्थित वृद्ध जनों ने एक स्वर से मां अक्लेश के परिवार जनों को खूब आशीर्वाद व् साधु वाद दिया। तत्पश्चात बाबु जी श्री दुर्गा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि एक समाज सेविका के रूप में ममता मयी मां अकलेश की भूमिका सदा याद रखा जाएगा।



वधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन स्थित महिला विधायकों के लिए विश्राम कक्ष का किया उद्घाटन

## रोजगार मेला का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को कौशलपरक प्रशिक्षण प्रदान कर हुनरमंद बनाया जा रहा है। हुनरमंद युवाओं को वृहद रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार देने की पहल और प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई तथा प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के सहयोग से जनपद गोरखपुर में 04 फरवरी, 2024 को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में वृहद् मण्डलस्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। कौशल विकास मंत्री ने बताया कि वृहद मण्डल स्तरीय रोजगार मेला का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जायेगा। मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार मेला में चयनित हुये कतिपय प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में लगभग 250 से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों एवं नियोक्ताओं जैसे आईबीएम-रीचा, एचसीएल, वेलस्पन, इत्यादि द्वारा अपनी रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया जा रहा है।

## योगेश पवार मुख्य अभियंता स्तर-1 (सिविल) के पद पर प्रोन्नत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता स्तर-2 (सिविल) के पद पर कार्यरत योगेश पवार को मुख्य अभियंता स्तर-1 (सिविल) के पद पर वेतनमान रुपये 37,400-67,000 एवं ग्रेड पे रुपये 10,000 (पे मैट्रिक-14) में नियमित प्रोन्नति प्रदान की है। योगेश पवार की तैनाती का आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे। विशेष सचिव, लोक निर्माण प्रभुनाथ की तरफ से आज योगेश पवार की प्रोन्नति से संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है।

## मुख्य अभियंता से प्रमुख अभियंता बने संजय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता स्तर-1 (सिविल) के पद पर कार्यरत संजय कुमार श्रीवास्तव को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रमुख अभियंता के पद पर वेतनमान रु0 67,000-79,000 (पे मैट्रिक्स लेवल-15) में प्रोन्नति प्रदान कर दी है। विशेष सचिव, लोक निर्माण प्रभुनाथ की तरफ से आज संजय कुमार श्रीवास्तव की प्रोन्नति से संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है।

## गांव चलो अभियान के तहत लखनऊ महानगर में मंडल कार्यशालाएं आयोजित

**लखनऊ।** महानगर के बूथ मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित 'गांव चलो' अभियान के तहत आज 24 मंडल कार्यशालाओं का अयोजन किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि महानगर के समग्र विकास के संकल्प को लेकर सभी बूथों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाएगा प्रत्येक बूथ के आम जनमानस को यह बताने की आवश्यकता है जो कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, सबका प्रयास के माध्यम से विकसित भारत के सपने को पूरा करना है। कार्यकर्ताओं का प्रवास नौ से 11 फरवरी तक रहेगा। अभियान संयोजक अभिषेक खरे ने बताया कि लखनऊ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के विभिन्न जगहों पर कार्यशालाएं आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित होकर अभियान की विस्तृत जानकारी ली। कार्यशाला में महानगर उपाध्यक्ष डॉ विवेक सिंह तोमर द्वारा इंदिरा नगर स्थित पारिजात पैलेस, उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने जायसवाल गेस्ट हाउस महानगर, महामंत्री विजय भुजी द्वारा बाबा ठाकुर दास स्कूल, महानगर उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर द्वारा गोमती नगर स्थित महामना मालवीय स्कूल प्रदेश, कार्यकारिणी सदस्य चेतन सिंह बिष्ट द्वारा कल्याणपुर स्थित मंगल कार्यालय, महानगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि द्वारा वायरलेस चौराहा स्थित शुभम गेस्ट हाउस।

# सी.एम.एस. छात्रों का 'स्मृति मार्च' आज

■ उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हजारों छात्र, शिक्षक व कार्यकर्ता कल 3 फ़रवरी, शनिवार को प्रातः 8.00 बजे से विशाल 'स्मृति मार्च' निकाल रहे हैं। सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल मार्च गोमती नगर स्थित 1090 चौराहा से प्रारम्भ होकर लोहिया पार्क तक जायेगा। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इस विशाल मार्च को झंडी दिखाकर 1090 चौराहे से रवाना करेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र व शिक्षक अपने आध्यात्मिक अभिभावक एवं सी.एम.एस. संस्थापक स्व. जगदीश गाँधी के एकता, शान्ति, सद्भाव व सौहार्द के विचारों को जन-जन तक पहुचाने एवं विश्व एकता व विश्व शान्ति स्थापना के उनके सपनों को साकार करने का संकल्प व्यक्त करने हेतु यह विशाल मार्च निकाल रहे हैं। शर्मा ने बताया कि विगत 22 जनवरी 2024 को प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डा. जगदीश गाँधी पंचतत्व में विलीन हुए। जिन्हें राजकीय सम्मान के साथ समाधि प्रदान की गई तथापि भारी संख्या में पक्ष-विपक्ष के जन-प्रतिनिधियों, मंत्रीगण, प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी, न्यायूमूर्ति, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सैन्य अधिकारी व अनेक गणमान्य नागरिकों ने डा. जगदीश गाँधी को श्रद्धान्जलि अर्पित की।

# उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह दो दिवसीय दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय बायर सेलर मीट का करेंगे शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

■ संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ग्रीस, नेपाल, बहरीन सहित 10 देशों के 40 से अधिक खरीदार किये गये आमंत्रित

■ फसल उत्पादन में आर्टीफिशयल इन्टेलीजेन्स के प्रयोग के बारे में किसानों को दी जायेगी जानकारी

■ उच्च कोटि की बागवानी फसलों के 40 से अधिक स्टाल प्रदर्शित

■ किसानों की जागरूकता हेतु विभिन्न तकनीकी सत्रों का किया जायेगा आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह 03 फरवरी 2024 को जे.पी. होटल, आगरा में उत्तर प्रदेश में आयोजित हो रहें दो दिवसीय दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय बायर सेलर मीट का शुभारम्भ करेंगे। इस आयोजन में प्रदेश के समस्त जनपदों के बागवानी से जुडे किसान तथा कृषक उत्पादक संगठन के लगभग 500 प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं। गुणवत्तायुक्त उत्पादन को विदेशों में निर्यात करने से उत्पादक कृषकों को अधिक आय हो सके। इसी उद्देश्य के साथ बायर सेलर मीट का आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। इस बायर सेलर मीट के आयोजन में कृषि एवं बागबानी से सम्बन्धित कृषकों के उत्पादों एवं कृषि क्षेत्र से सम्बन्धित प्रदर्शनी एवं उच्च कोटि की बागवानी फसलों के 40 से अधिक स्टाल लगाये गये हैं। निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में उत्पादित कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहे दो दर्जन से अधिक निर्यातकों द्वारा बायर सेलर मीट आयोजन में प्रतिभाग किया जायेगा। साथ ही संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ग्रीस, नेपाल, बहरीन सहित 10 देशों के 40 से अधिक खरीदार आमंत्रित किये गये हैं। इस आयोजन के तकनीकी सत्र में कृषि फसलों के निर्यात को कैसे बढ़ाया जाय, इस पर वर्ल्ड इकानामिक फोरम, इन्टरनेशनल फाइनेन्स कारपोरेशन तथा सेन्टर फोर फोर्थ इण्डस्ट्रियल रिव्ल्यूशन द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। कृषि क्षेत्र में डिजीटल तकनीकों को बढ़वा देने हेतु डिजीटल एग्रीकल्चर एण्ड एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल की बैठक का आयोजन भी किया जायेगा। कृषि में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वर्ल्ड रिसोर्स ग्रुप द्वारा उत्तर प्रदेश माइक्रोइरीगेशन प्रोग्राम की जानकारी भी कृषकों को उपलब्ध करायी जायेगी। कृषि क्षेत्र में किसानों को अधिक मुनाफा दिलाने हेतु आर्टीफिशयल इन्टेलीजेन्स के प्रयोग के बारे में भी कृषकों को अवगत कराया जायेगा।

## मन्नती कूण्डों की नज़्र आज

**लखनऊ।** छठे इमाम हजरत इमाम जाफर सादिक के नाम से इस्लामी महीने रजब की 22 तारीख को होने वाली मन्नती कूण्डों की नज़्र शनिवार को दिलाई जाएगी। सुबह की नमाज के बाद होने वाली नज़्र को लेकर शुक्रवार को पुराने लखनऊ के तमाम इलाकों में देर रात तक चहल-पहल रही। कूण्डों का नज़्र को लेकर अकीदतमंदों ने अपने घरों में तैयारियां की और नज़्र के लिए मीठी टिकियां बनाई। रजब की 22 तारीख को इमाम जाफरे सादिक के नाम से दिलाई जाने वाली नज़्र के लिए पुराने लखनऊ के मोहल्लों में मिट्टी से बने कूण्डों के साथ ही मिठाई की दुकानों पर मीठी टिकियों की बिक्री जोर-शोर से हुई। अकीदतमंदों ने शुक्रवार को अपने घरों में नज़्र के लिए मीठी टिकियों के साथ ही तरह-तरह के व्यंजन बनाए। वहीं मिठाई की दुकानों पर देर रात तक मीठी टिकियों की खरीदारी हुई। शनिवार को सुबह की नमाज के बाद मीठी टिकियों और व्यंजनों पर इमाम की नज़्र दिलाई जाएगी, जिसके बाद अकीदतमंद एक-दूसरे के घरों में जाकर नज़्र चख अपनी दुआएं मांगेंगे।

# कृषक घटतौली की दशा में 1800-121-3203 पर दें सूचना

■ पेराई सत्र 2023-24 में अब तक रू.14,200 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया, जो कुल देय का लगभग 82 प्रतिशत है

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा दिये गये आदेश के क्रम में प्रमुख सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास द्वारा गन्ना किसानों को त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान कराने तथा घटतौली पर प्रभावी अंकुश लगाने के सख़्त निर्देश दिये गये है। उन्होंने गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये हैं कि गन्ने की खेती में आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स के उपयोग को बढावा दिया जाय। जिससे प्रदेश के गन्ना किसानों को सम्भावित कीट हमलों का पूर्वानुमान, फसलों के स्वास्थ्य की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान, पेड़ी प्रबंधन, उचित जल संचरण, सिंचाई में स्वचालन तकनीक, ड्रोन, मिट्टी के नमूने, डेटा विश्लेषण और फसल रोपण सहित विभिन्न कार्यों में तकनीकी सहायता से गन्ना किसानों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। गन्ना विभाग के अधिकारियों द्वारा चीनी मिल गेटों एवं गन्ना क्रय केन्द्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाये। गन्ना किसान संस्थान में आयोजित समीक्षा बैठक में गन्ना आयुक्त द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान पर प्रमुख सचिव को जानकारी देते हुये अवगत कराया गया कि विगत साढे छह वर्षों में कुल रू.2,35,073 करोड़ का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश के किसानों का कराया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में अब तक रू.14,200 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है, जो कुल देय का लगभग 82 प्रतिशत है। प्रदेश की कुल संचालित 120 चीनी मिलों द्वारा लगभग 574 लाख टन गन्ने की पेराई करते हुये अब तक लगभग 58 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया है। पेराई सत्र 2016-17 में गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था। वर्तमान में 44.40 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 29.66 लाख हेक्टेयर हो गया है। पेराई सत्र 2016-17 में गन्ना उत्पादकता 72.38 टन प्रति हेक्टेयर थी। वर्तमान में 11.57 टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि के साथ गन्ना उत्पादकता 83.95 टन प्रति हेक्टेयर हुई। समीक्षा बैठक में पेराई क्षमता विस्तार पर अवगत कराया कि प्रदेश में मार्च,2017 से अब तक 03 नई चीनी मिलों की स्थापना, 05 चीनी मिलों के पुर्नसंचालन एवं 38 चीनी मिलों में पेराई क्षमता विस्तार से कुल 1,07,100 टी.सी.डी. की अतिरिक्त पेराई क्षमता के सृजन से लगभग 1,17,810 लोगों के लिये प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन हुआ है। इस बैठक में घटतौली पर अंकुश लगाने के लिये विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिये गये। ज्ञातव्य है कि वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 गतिमान है। चीनी मिल गेटों व गन्ना क्रय-केन्द्रों पर गन्ने की खरीद की जा रही है। गन्ना खरीद को सुगम एवं पारदर्शी बनाने तथा अवैध गन्ना खरीद पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये मिल गेट एवं गन्ना क्रय केन्द्रों पर औचक निरीक्षण अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। परिक्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि इस अभियान में संयुक्त टीम बनाकर घटतौली तथा अवैध गन्ना खरीद फरोख्त के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये। इसके साथ ही तौल हेतु प्रयुक्त हो रहे वेब्रिजों एवं सॉफ्टवेयर में छेड़-छाड़ करने वाली संस्थाओं पर भी पैनी निगाह रखते हुए तौल कांटों की शुद्धता, तौल लिपिकों के लाइसेंस, उनके पास पहचान पत्र की उपलब्धता तथा ई.आर.पी. के माध्यम से तौल लिपिकों के रैण्डम स्थानान्तरण आदि बिन्दुओं पर भी निरीक्षण किया जाये।

# पिछले 10 दिनों में अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन किये

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** धार्मिक पर्यटन ने उत्तर प्रदेश पर्यटन में सैलानियों को विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराए हैं। सरकार के प्रयासों से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या और काशी प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वर्ष 2023 में अयोध्या में लगभग 05.76 करोड़ और काशी में लगभग 08.55 करोड़ लोगों ने भ्रमण किया। यह संख्या वर्ष 2022 में आयोध्या में पहुंचे पर्यटकों से लगभग 03.36 करोड़ और काशी में पहुंचे पर्यटकों की संख्या से लगभग 01.42 करोड़ अधिक है। पिछले 10 दिनों में अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। धार्मिक पर्यटन बढ़ने से अयोध्या समेत प्रदेश के अन्य जनपदों के आर्थिक परिदृश्य में तेजी से बदलाव आ रहा है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि घरेलू पर्यटन के मामले में उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। वर्ष 2022 में प्रदेश में 31,85,62, 573 पर्यटक आए थे। यह संख्या वर्ष 2021 से लगभग 180 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ष 2022 में अयोध्या में कुल 2,39,10,479 पर्यटक आए थे। इसमें 2,39,09,014 घरेलू और 1,465 विदेशी थे। अयोध्या में वर्ष 2023 में 5,75,70,896 लोगों ने भ्रमण किया। इसमें 5,75,62,428 घरेलू और 8,468 विदेशी पर्यटक थे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि भगवान शिव की नगरी के रूप में विश्व विख्यात काशी में वर्ष 2022 में कुल 7,12,31,051 पर्यटक पहुंचे थे। इसमें 7,11,47,310 घरेलू और 83,741 विदेश से आने वाले सैलानी थे।

यहां वर्ष 2023 में कुल 8,54,73,633 पर्यटक पहुंचे, जिसमें 8,52,71,729 घरेलू और 2,01,904 विदेश से आने वाले पर्यटक थे। खास बात यह है कि घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ विदेश से आने में पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। काशी में वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में 1.18 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक बढ़े हैं। इसी तरह अयोध्या में वर्ष 2022 में 1,465 जबकि 2023 में 8,468 विदेशी पर्यटक आए थे। इस हिसाब से सात हजार पर्यटक बढ़ गए। जयवीर सिंह ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों का रेला उमड़ रहा है।

# हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की तरफ से प्रोसेसिंग फ़ीस का स्पष्टिकर्ण

अवधनामा संवाददाता



**नई दिल्ली।** हज 2022 तक सभी हज आवेदकों ( चाहे कुर्रा अंदाजी में चियन हो या न हो ) से 300 रुपये प्रोसेसिंग शुल्क लिया जाता रहा है। माननीय स्मृति जुबिन ईरानी ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का कार्यभार संभालते ही हज 2023 के प्रत्येक हज यात्री को निःशुल्क आवेदन करने की छूट दे दी। अब प्रोसेसिंग शुल्क केवल लॉटरी में चयनित हज यात्रियों से लिया जाता है। धियान रहे की 300 रुपया में से भी 200 रुपया राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की हज कमेटियों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए दे दिया जाता है। और ये सिलसिला सालों से चला आ रहा है। हज 2023 के अवसर पर मंत्री महोदया को एक प्रस्ताव दिया गया था कि विविध खर्च (राज्यों में दस्तावेज़ीकरण, स्टेशनरी और राज्यों में हज यात्रियों के प्रशिक्षण और राज्य हज भवन हेतू राशी सहित) 2000 रुपया लिए जाने का सुझाव दिया गया था, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने इस राशि को भी कम करते हुए हजयात्रियों से केवल 1500 रुपये लेने की अनुमति दी। और इतनी ही राशी हज 2024 में भी ली जा रही है। इसके अलावा भारतीये हज यात्रियों से और किसी प्रकार का अतरिक्त भुगतान नहीं लिया जाता है। भारतीय हज कमेटी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री लियाकत अली अफाकी ने हज यात्रियों से अनुरोध किया कि वे किसी भी जानकारी और समस्या के समाधान के लिए भारतीय हज कमेटी की वेबसाइट और राज्य हज कमेटियों के कार्यालयों से संपर्क करें या हज कमेटी के टोल फ्री नंबर 022-2210770 पर संपर्क करें।

## मन्नती कूंडों का पर्व आज,देर रात तक हुई खरीदारी

**लखनऊ।** हजरत इमाम जाफर सादिक (अ.स.) के नाम से होने वाले मन्नती कूंडों के पर्व (22 रजब) की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को पुराने शहर के तमाम इलाकों में देर रात तक चल-पहल रही। कूंडों का पर्व कल शनिवार को बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनाया जायेगा। जिसकी सभी तैयारियां मुकम्मल हो गयीं हैं। इस खुशी के मौके पर आज सुबह से ही लोगों ने नज्र के लिए जहां अपने घरों में टिकयों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाये वहीं बाजार से टिकयां व मिठाईयों की भी खरीदारी देर रात तक होती रही। पुराने शहर के हलवाइयों की दुकानों पर काफी भीड़ लगी रही। इसके अलावा टिकयों को रखने के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये मिट्टी के कूंडों की दुकानों पर भी काफी भीड़ नजर आयी। बाजार में बच्चों के लिए लोग कपड़ों और जूतो-चप्पलों की खरीदारी में लगे रहे। नज्र से सम्बंधित वस्तुओं की खरीदारियों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। नज्र का आयोजन कल शनिवार को सुबह की नमाज के बाद होगा।

# अजय राय ने राज्यपाल के अभिभाषण को बताया झूठा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण को झूठ, जुमलों और आत्मश्लाघा बताया। श्री राय ने कहा कि किसानों के हितों की बात करने वाली प्रदेश की योगी सरकार के राज में आज भी 5000 करोड़ रुपये से अधिक गन्ना किसानों का बकाया है। श्री राय ने राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के किसानों को फ्री बिजली का वादा किया गया था, लेकिन आज हालात यह हैं कि सख्ती के साथ बिल वसूला जा रहा है। इन्वेस्टर समिट तमाशे के अलावा कुछ नहीं रह गया। लम्बे-लम्बे एमओयू साइन होते हैं मगर निवेश 10 प्रतिशत से भी कम आया। राज्यपाल अभिभाषण में महिला सुरक्षा के मामले में सरकार की पीठ थपथपा रही हैं जबकि सच्चाई यह है कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 65743 मामले दर्ज हुए, जो देश के किसी भी राज्य का तुलना में सबसे अधिक हैं। अपराधियों को खोज लाने का दावा करने वाली सरकार 2021 तक लम्बित सारे मामलों की जांच तक नहीं करा पाई। योगी सरकार का अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन बना देने का दावा कोरे गप्प के सिवा कुछ भी नहीं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अगले 4 सालों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 32 प्रतिशत की विकास दर हासिल करना होगा, जो मौजूदा हालात में असंभव है। श्री राय ने एनएफएचएस 5 के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश स्वास्थ्य के कई मानकों को पूरा करने में फिसड्डी साबित हुआ है। हर मोर्चे पर फेल योगी सरकार राज्यपाल के अभिभाषण से लुभावने सपने बुन कर जनता को छलना चाह रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश की भाजपा सरकार के हर झूठ की पोल खोलने के लिए संकल्पबद्ध है।

## मंडलीय गोष्ठी का आयोजन

**आजमगढ़।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में कन्वर्जेंस विभागों के साथ मंडलीय गोष्ठी का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ परीक्षित खटाना, मुख्य विकास अधिकारी मऊ प्रशान्त नागर एवं मुख्य विकास अधिकारी बलिया श्री ओजस्वी राज द्वारा संयुक्त रूप से हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मऊ द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के 3 से 6 वर्ष के बच्चों की शालापूर्व शिक्षा पर विस्तार से जानकारी दी गयी। अपर निदेशक बेसिक शिक्षा मनोज सिंह ने बाल वाटिका व शाला पूर्व शिक्षा पर विशेष जोर दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी आजमगढ़ श्रीकांत दर्वे ने आंगनबाड़ी केंद्र के पेयजल व शौचालय तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आजमगढ़ हेमंत सिंह, बलिया केएम पांडे व मऊ अजीत सिंह ने विभागीय योजनाओं का पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक विवरण प्रस्तुत किया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत के लिये हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश में ऐतिहासिक स्वागत को लेकर शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 14 फरवरी को चन्दौली में यात्रा के प्रवेश करने पर भव्य स्वागत किये जाने को लेकर चर्चा कर रणनीति तय की गयी। पार्टी के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि यात्रा चन्दौली से प्रवेश कर वाराणसी, भदोही, प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़ हाथरस, आगरा होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी। बैठक में यात्रा की सफलता के लिए संगठनात्मक व्यवस्था, मीडिया, प्रचार-प्रसार के तरीकों पर विस्तार से चर्चा करने के साथ ही संगठनात्मक व्यवस्था के तहत अन्य कमेटियों के साथ हर जनपद से दो-तीन वरिष्ठ नेताओं को यात्रा का संयोजक बनाने का निर्णय लिया गया। श्री राय ने बताया कि मणिपुर में यात्रा शुरू होने के बाद अब तक यात्रा जिन प्रदेशों से गुजरी है, वहां भारी जनसमुदाय ने यात्रा में भागीदारी निभाई। समाज के सभी वर्गों ने राहुल गांधी के साथ अपने मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में विचार किया गया कि अन्य प्रदेशों की तरह उत्तर प्रदेश में भी भारी जनभागीदारी यात्रा में सुनिश्चित की जाए और समाज के विभिन्न तबकों के साथ संवाद की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में यात्रा के प्रदेश संयोजक पी.एल. पुनिया, सहसंयोजक नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना, वार रूम चेयरमैन विधायक वीरेन्द्र चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, वार रूम सदस्य संजय दीक्षित शामिल थे।

# टावरों से बैटरी चोरी करने वाले पांच शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के थाना टुंडला पुलिस टीम के द्वारा टावर से बैटरी चोरी करने वाले पांच अभियुक्तों को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है जिनके पास से चोरी की 15 बैटरी, एक कार, दो तमंचा, चार जिन्दा करतूस बरामद किए है थाना परिसर मे प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्राधिकारी टूंडला अनिवेश कुमार ने बताया कि मूखबिर की सूचना पर नगला महादेव के निकट पर पांच अभियुक्त एक कार में सवार खड़े हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उनसें पूछताछ की तो घबराकर कार भगाने लगे लेकिन पुलिस ने उनको पकड़ लिया जब उनकी कार की तलाशी ली तो 15 टावर की बैटरी, दो तमंचा, चार जिन्दा कारतूस बरामद किये उनको थाने लाया गया जहां पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम प्रेमप्रकाश गौतम पुत्र रामप्रकाश गौतम निवासी गांधी नगर सूर्या पार्क थाना हरिपर्वत जिला आगरा, अली भाई उर्फ बबलू पुत्र शाहबुददीन उर्फ शाबू खां निवासी पोईया थाना खंदौली जिला आगरा, रवि राठौर पुत्र भगवान सिंह राठौर निवासी बल्केश्वर अनुराग नगर न्यू आबादी थाना बल्केश्वर जनपद आगरा, निशु पाल पुत्र रमेश चन्द्र पाल निवासी नगर सरकारी स्कूल के पास थाना हरीपर्वत जिला आगरा, आकाश पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी वास अचलू पोईया थाना खंदौली जनपद आगरा बताया है उन्होंने बताया कि जो कार उनके पास है वह भी चोरी की है पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को चोरी के मामले में जेल भेजा है।

## एआईपीएमएम का सेमिनार कल, मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे मंत्री

**लखनऊ।** सामाजिक संगठन आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज का एक दिवसीय सेमिनार 4 फरवरी को ए-ब्लॉक सभागार दारुल शफा लखनऊ में दो चरणों में होगा। प्रथम चरण 11:00 से दोपहर 2:00 बजे में पसमांदा मुसलमानो का शैक्षणिक सशक्तिकरण जिसमें विषेश अथिति के रूप में डॉक्टर तारिक मंसूर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अनीस अंसारी पूर्व आईएएस, मसूद आलम फलाही शिक्षक एवं पसमांदा लेखक, शमीम अख्तर अंसारी, मजहर अंसारी आदि सम्मिलित होंगे। द्वितीय चरणः समय 3 बजे - 5 बजेः विषयः भारतीय मूल के पसमांदा मुस्लिम समाज का समुदायिक विकास एवम् सशक्तीकरण, मुख्य अथिति दानिश आज़ाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री, वक्फ एवं हज, विशिष्ट अतिथि शमीम अख्तर अंसारी डिप्टी लेबर शामिल होंगे।

# जागरूकता गोष्ठी एवं बर्डवाचिंग का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



■ वेटलैंड्स बाढ़ सुरक्षा, स्वच्छ जल, जैव विविधता व मनोरंजन के अवसरों में योगदान करती है

**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा रेंज भर्थना एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति इटावा के संयुक्त तत्वाधान में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों मे जागरूकता गोष्ठी एवं बर्डवाचिंग का आयोजन पक्षी व्याख्यान केंद्र सरसई नावर में प्रभागीय निदेशक अतुल कान्त शुक्ला ने सरस्वती माता को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं अपने उदबोधन मे बताया कि वर्ष 1971 में पहली बार रामसर कंजर्वेशन में प्राकृतिक जल स्रोतों जैसे नदी, तालाब, तलैया, पोखर आदि को बचाने की कवायद शुरू की गई और वर्ष 1997 में पहली बार सरकारी तौर पर भारत वर्ष में इनके प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नमभूमि दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण विद् महासचिव स्कॉन डॉ. राजीव चौहान ने पृथ्वी पर पाए जाने वाले झील तालाब पृथ्वी की किडनी की तरह काम करती हैं यह हमारे भूगर्भ जल के सबसे बड़े स्रोत हैं इसलिए हमे जल एवं पक्षियों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिएऔर दूसरों को भी इनके संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि वातावरण शुद्ध रह सके। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने बताया कि बर्ड वेटलैंड डे-2024 का विषय वेटलैंड्स एंड ह्यूमन वेलबीइंग है जो हमारे जीवन को बेहतर बनाने में वेटलैंड्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वेटलैंड्स बाढ़ सुरक्षा, स्वच्छ जल, जैव विविधता और मनोरंजन के अवसरों में योगदान करती हैं, जो सभी मानव स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए आवश्यक है। वन क्षेत्राधिकारी भरथना अमित कुमार सिंह ने वेटलैंड के प्रति समर्पित स्थानीय पचास व्यक्तियों एवं छात्र छात्राओं को वेटलैंड मित्र बनाया। ग्राम प्रधान सरसई नावर गंगाराम, हजारी महादेव मंदिर के महंत सियाराम दास, समाजसेवी तिलक सिंह, प्रधानाचार्य नेम सिंह यादव एवं समस्त क्षेत्र अधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन किला वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार ने किया लखना वन क्षेत्रधिकारी प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में दिए गए योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन क्षेत्र अधिकारी चकरनगर सत्यनारायण यादव, पी पी सिंह, सूर्यकांत शुक्ला, शिव प्रसाद, संदीप यादव, ताबिश अहमद, भानु प्रताप सिंह, अजीत पाल सिंह, ज्ञानेश कुमार, सुनील कुमार, राजपाल सिंह एवं सचिन कुमार आदि वन विभाग अधिकारी व कर्मचारी स्कूल स्टाफ क्षेत्रवासियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## असामाजिक तत्वो ने की खुलकर गुंडागर्दी



**गाजियाबाद।** गाज़ियाबाद में आज शाम करीब 6 बजे आर डी सी हिंट चौराहा पर राजनगर में कुछ असामाजिक तत्व जो सभी युवा हैं और उन्होने खुल कर गुंडागर्दी की, ओर तो ओर दो लड़को की पिटाई लाटी डंडो से किया, पीड़ित के सर पर चोट पहुंचा कर भाग खड़े हुऐ। उसमे से एक लड़का पब्लिक ने दबोचा जिसे कवि नगर पुलिस थाने ले गई।

# साप्ताहिक बंदी का मखौल उड़ा रहे हैं संबंधित अधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे में साप्ताहिक बन्दी का कोई असर नहीं रहता हैं शुक्रवार को सप्ताहिक बंदी के होने के बावजूद सुबह से देर शाम तक दुकानें खुली देखी जा सकती है। प्रत्येक शुक्रवार को दुकाने खुली होने के कारण श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन दिखाई पड़ता है। सप्ताहिकी बंदी को लेकर जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी की जा रही है। शुक्रवार को कस्बे में सप्ताहिक बंदी होती है लेकिन बिलग्राम कस्बे के मुख्य बाजार और बड़े चौराहा आदि अन्य जगहों पर सप्ताहिक बंदी का कोई असर नहीं दिखाई पड़ता है। लगातार साप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकानें खुली देखी जाती है। दुकानदार अपनी बिक्री करने में मशगुल वहीं पर दुकानों में लगे वर्कर भी पूरे सप्ताह परिश्रम करते देखे जा सकते है। जिसके चलते श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन दिखाई पड़ता है।कस्बे के सदर बाजार सहित अधिकांश स्थानों पर दुकाने सप्ताहिक बंदी शुक्रवार को भी खुली रहती है।

### क्या कहते क्षेत्र के छोटे दुकानदार

इस संबंध में क्षेत्र के छोटे दुकानदारों से बात साझा की गई बताया कि जब अधिकारी कड़ाई नहीं करते तो दुकानदार दुकानें खोलेंगे ही उसने बताया कि एक दुकान खुलती है तो उसके देखते दूसरे दुकान खुलती है। इस तरह धीरे-धीरे कर पूरे कस्बे की दुकानें खुल जाती है। इसी तरह साप्ताहिक बन्दी वाले दिन शुक्रवार को भी बाजार के दिन जैसा माहौल दिखाई देता है। वही एक ग्राहक ने कहा कि अन्य दिनों की तरह शुक्रवार को भी पूरा सामान दुकानों में मिलता है। हालाकि सप्ताहिक बंदी शुक्रवार को पूरी तरह से दुकानें बंद होनी चाहिए। जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते दुकानें खुली देखी जाती है। सप्ताह बंदी के दिन दुकानों का खुलना दर्शाता है श्रम विभाग की धमक व्यापारियों तक नहीं पहुंच पाती। जहां श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन दिखाई पड़ता है।

# डीएम, एस एस पी ने भारी पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त

वहाज अली निहाल



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने शासन के निर्देशानुसार जनपद के सभी भीड़ भाड़ वाली जगह जैसे बस स्टैंड रेलवे स्टेशन चौराहा आदि में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु शास्त्री चौराहा से रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड का पैदल गस्त किया। उन्होंने शहर की भीड़ भाड़ वाली जगह पर भ्रमण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बस स्टैंड पर उपस्थित ऋरूको साफ सफाई एवं बसों का समय से आने जाने हेतु निर्देशित किया तथा प्रतिदिन बस स्टैंड एवं बसों की चेकिंग किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर बसों का एक समय निश्चित कर इनका आवागमन किया जाए जिससे कि अनावश्यक लोगों की भीड़भाड़ ना हो। जिलाधिकारी ने जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद वासियों से अपील की। उन्होंने कहा कि इस समय बच्चों के एग्जाम आदि चल रहे हैं ऐसी जगह पर यातायात के अलावा अनावश्यक भीड़भाड़ नहीं होनी चाहिए, जिससे उन्हें यातायात संबंधी कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह , उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विशाल वर्मा को अर्चना मैमोरियल परिवार ने किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सत्र 2011 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र विशाल वर्मा ने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर एसडीएम के पद पर नियुक्ति प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या असरा अहमद ने विशाल वर्मा को सम्मानित किया। विशाल वर्मा ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जैसे सामान्य ज्ञान की भारत जानो प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करता था। उन्होंने बताया कि आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उत्तर पुस्तिका में लेखन एवं शीर्षक को स्पष्ट लिखने तथा विषय की तैयारी के साथ साथ उसकी पुनरावृत्ति भी अत्यन्त आवश्यक है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी प्रशासनिक प्रतियोगिता से सम्बन्धित प्रश्न पूछे। उन्होंने बताया कि वह भी स्वंय भी हिन्दी मीडियम के छात्र रहे हैं यदि हिन्दी माध्यम के छात्र-छात्राओं को सही दिशा निर्देशन दिया जाए तो वह आईएएस और पीसीएस की परीक्षा में उत्कृट प्रदर्शन कर सकते हैं। निरन्तर अभ्यास, पुनरावृत्ति एवं लेखन पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा हर विषय वर्ग के छात्र-छात्राओं को नीट एवं आई आई टी के अलावा प्रशासनिक परीक्षाओं में भी अवसर तलाशने को प्रेरित किया। यह भी बताया कि अपने माता-पिता एवं शिक्षक का हमेशा सम्मान करना और जीवन में अनुशासित रहना जरूरी है। विद्यालय के चेयरमैन विवेक यादव एवं प्रधानाचार्या असरा अहमद ने सभी शिक्षकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई, बच्चों को आगे इसी प्रकार और अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर विद्यालय में प्रमोद कुमार, विवेक गुप्ता, कुशल पाठक, राहुल प्रताप, फैजान खान, गौतम प्रकाश शुक्ला, पी आर श्रीवास्तव, ताजीम खान, राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

# हमारा कर्म और धर्म सब सेवा होना चाहिए: मुफ़्ती कासिम रज़ी

अवधनामा संवाददाता

■ हमारा मक़सद सिर्फ़ 1 बच्चों को खादिम बनानाः आमिल

■ जमीअत यूथ क्लब फीरोजाबाद के क़स्बा फरिहा का तीन दिवसीय कैंप का समापन



**फिरोजाबाद।** मदरसा नूरूल उलूम तंजीमुल मकातिब, फीरोजाबाद में विगत 3 दिनों से भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जमीयत यूथ क्लब के तहत चल रहे तीन दिवसीय प्रवेश कैंप का समापन हुआ जिसमें 28 स्काउट्स एवं 6 रोवर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर मदरसा नूरूल उलूम तंजीमुल मकातिब के मैदान में समापन समारोह का आयोजन किया गया। जबकि उद्घाटन समारोह में जनाब मौलाना नूरूल बशर ने अपने भाषण में स्काउटिंग के अहम अहम चीजों को बतलाया। इस प्रोग्राम की अध्यक्षता जमीयत उलमा तहसील जसराना के अध्यक्ष जनाब मौलाना आमिल ने की और जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती क़ासिम रज़ी और मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । जमीयत यूथ क्लब बनारस के ष्ठह्रष्ट मौलाना नूरूल बशर और ष्ठह्रष्ट बागपत मौलाना फुरकान ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह का प्रारंभ तिलावत कुरान से हुआ उसके बाद नात शरीफ़ हुई उसके बाद भारत स्काउट्स एंड गाइड के ध्वज का ध्वजारोहण एवं प्रार्थना हुई। उसके बाद मौलाना नूरूल बशर और मौलाना फुरकान के द्वारा अतिथियों सम्मान किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने इन तीन दिनों में सीखे गए अपने कौशल एवं प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जिसमें नाटक और , भिन्न भिन्न प्रकार के पिरामिड एवं फर्स्ट एड शामिल थे। जमियत उलमा फीरोजाबाद के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती क़ासिम रज़ी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि जमीयत यूथ क्लब का उद्देश्य अल्लाह की रज़ा के लिए नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की तालीमात की रोशनी में इंसानियत की खिदमत करना है। मौलाना आमिल ने कहा कि अल्लाह की बारगाह में वही बंदा महबूब है जो दूसरों के लिए फायदेमंद हो।

इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष मौलाना आमिल ने इस कैंप के ट्रेनर मौलाना फुरकान और मौलाना नूरूल बशर को जमीयत यूथ क्लब जसराना ज़िला फीरोजाबाद की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। और फर्स्ट सेकंड और थर्ड रैंक लाने वालों को शील्ड से सम्मानित किया। अपने विषेश संबोधन में, मौलाना आमिल ने कहा कि युवाओं में नैतिक मूल्यों का पतन एक बड़ी समस्या है, नैतिक मूल्यों के विकास के बिना आदर्श समाज के स्थापना असंभव है। इस अवसर पर जमीयत उलमा ज़िला फीरोजाबाद के जनरल सेक्रेट्री मुफ्ती क़ासिम रज़ी के अलावा कारी आकिल जनरल सेक्रेटरी तहसील जसराना, मौलाना इलियास ,मौलाना वसीम मुकर्रम, हाफिज आस मोहम्मद, हाफिज शकील, जनाब अतिकुर्रहमान, मौलाना अफ़ज़ल, अब्दुल जब्बार कारी मुईनुद्दीन, हाफिज ताहिर मौलाना, आदिल फारूक, मौलाना राशिद इकबाल, हाफिज आफताब आलम, अब्दुल कबीर, शाहिद सिद्दीकी, परवेज़ कुरैशी, हाफिज आसिफ़, जनाब नूरुद्दीन पिलक्तर ,मोहम्मद आसिफ अंसारी, बच्चों के भाई वालिद और इलाक़े के मुअज़्ज़ज़ अफराद

# एसएसपी ने परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण

**डॉग स्कॉयड व फील्ड यूनिट को घटनास्थल पर पहुँचकर विधिवत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया**

■ शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़

■ अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाई गयी ड्रिल की कार्यवाही

■ जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बल्वा ड्रिल का किया गया पूर्वाभ्यास

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन फिरोजाबाद में शुक्रवार परेड़ की सलामी लेकर परेड़ में उपस्थित समस्त कर्मचारीगण का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। साथ ही जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से बल्वा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया जिसमें समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक / बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न विधवित तरीकों का पूर्वाभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार / लाठी चार्ज / आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले / एंटी राइट गन / रबर बुलेट गन / टीयर गैस गन / हैंड ग्रेनेड / मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया। परेड के पश्चात महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द एवं पुलिसकर्मियों के बैरक, बाथरुम, शौचालय का निरीक्षक किया गया एवं साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। साथ ही महोदय द्वारा पुलिस लाइन भोजनालय, आटाचक्की, बारबर शॉप, कैंटीन, व्यायामशाला आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# चोरी के सामान के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**थाना सरायमीर,आजमगढ़।** कल को वादी मुकदमा निजाय अहमद पुत्र स्व0 मुस्तफा ग्राम कोरौली खुर्द थाना सरायमीर जनपद द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया कि वादी की आटा पीसने की चक्की से चावल, गेहूँ, तेल व 700/ रु0 विपक्षी एहतेशाम उर्फसोनू पुत्र स्व0 अव्वल,, ओबैदु र्रहमान पुत्र स्व0 रईश समस्त निवासी चकिया इब्राहिमपुर थाना सरायमीर ने चोरी किया है जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 47/2024 धारा 380/457 भादवि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ किया गया। आज उ0नि0श्री मुन्नालाल मय हमराह के द्वारा मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त एहतेशाम उर्फ सोनू पुत्र अव्वल ग्राम चकिया इब्राहिमपुर थाना सरायमीर उम्र करीब 26 वर्ष,ओवैदुर्रहमान पुत्र स्व0 रईस ग्राम चकिया इब्राहिमपुर थाना सरायमीर उम्र करीब 30 वर्ष को गेहूं 45 किलो 500 ग्राम तथा चावल 29 किलो 400 ग्राम पाया गया। तथा पिपिया में रखा सरसो का तेल 04 किलो 200 ग्राम तथा 700 रुपया के साथ पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त ओवैदुर्रहमान के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से चोरी गये सामानो की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### चालीस परिवारों को दिए गए निशुल्क कनेक्शन

**फिरोजाबाद।** ग्राम कपावली में श्रीराम गैस सर्विस द्वारा कैंप लगाकर चालीस लाभार्थियों को गैस चूल्हा पाईप रेगुलेटर सहित कनेक्शन प्रदान किए गए प्रमुख समाजसेवी पंडित अखिलेश शर्मा ने प्रथम कनेक्शन लाभार्थी को प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उन्होंने कहा की सरकार की हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचना हम सबका कर्तव्य है। श्रीराम गैस सर्विस के संचालक सुधीर शर्मा ने कहा हम लोग लगातार इस योजना के माध्यम से सरकार की इस कल्याणकारी योजना का लाभ आम नागरिक तक पहुंचाने की कोसिस करते है इस मौके पर थाना प्रभारी नारखी इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय एवम थाना प्रभारी रामगढ़ ने ग्रामीण अंचल से आई महिलाओं को घरेलू हिंसा एवम सायबर क्राइम से अचेत रहने और बचाव के उपाय भी बताए कार्यक्रम में अमित उपाध्याय एवम शंकर शर्मा। ने अभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### भू माफिया के आतंक से महिला परेशान

**आजमगढ़।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के सुराही गांव का मामला है इस्बतुन्निसा पत्नी मुंसफी द्वारा निजामाबाद उप जिलाधिकारी को लिखित तहरीर देते हुए कहा की हमारे गांव निवासी सलामुद्दीन पुत्र कमालुद्दीन दबंग व भू माफिया है जो हमारी संपति पर कब्जा कर लिया है। जिसका हमने मुकदमा लखनऊ बोर्ड में किया है। जहां पर मोकदम्मा विचारा धीन चल रहा है।उसके बाद भी अपनी दबंगई गुंडई से मेरी विवादित जमीन पर घर का निर्माण करवा रहा है।हम ने कई बार 112 नंबर बुलवा कर काम रुकवाया है जिससे नाराज होकर सलामुद्दीन ने मेरे इकलौते लड़के तैयब, व पति मुंसफी की हत्या कराने की धमकी दे रहा है इस वजह हमारा पूरा परिवार डरा व शहमा हुआ है।

### ब्लॉक अध्यक्ष की माता का निधन संगठन के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**आजमगढ़।** ब्लॉक अध्यक्ष नंदलाल चौहान माता का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उनके पैतृक आवास ग्राम पंचायत चक चकखैरूल्लाह निकट ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते दी श्रद्धांजलि। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष सीपी यादव ने बताया कि हार्ट की बिमारी थी जिसकी वजह से 29 जनवरी को दिन सोमवार को उनका देहांत हो गया। गुलाब चौरसिया ने कहा हम ऊपर वाले से प्रार्थना है कि अपने चरणों में स्थान दें। हम सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व जिला महामंत्री नवीन कुमार चतुर्वेदी जी पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया करते। जनपद के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष सीपी यादव जिला महामंत्री ओंकारनाथ पूर्व जिला महामंत्री नवीन कुमार चतुर्वेदी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया जिला संगठन मंत्री अखिलेश कुमार यादव शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष यादव ब्लॉक अध्यक्ष राकेश यादव मेहनगर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन कुमार विपिन कुमार विपिन चौबे कन्हैया चौहान महेंद्र चौरसिया राहुल चौहान कमलेश कुमार राजबहादुर विजय बहादुर आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

# जीडी ग्लोबल स्कूल में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम मनाया गया । फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के इस कार्यक्रम में जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 ए एन तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यालय के प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल, निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका सारस्वत पाण्डेय ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के माध्यम से बच्चो को फाइलेरिया के रोकथाम तथा बचाव हेतु जागरूक किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़-नाटक, पोस्टर, श्लोगन आदि के माध्यम से देश को फाइलेरिया मुक्त बनाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि, मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि राज्य के 15 जनपदों को चिन्हित किया गया है, जहां 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। 27 फरवरी को राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस है। 28 फरवरी को इस अभियान का समापन किया जाएगा। इसके तहत सार्वजनिक दवा सेवन (एम.डी.ए.) किया जाता है, जिसमें डी.ई.सी. दवा की एक खुराक साल में एक बार खिलाई जाती है।

# दलित मुस्लिम साथ आएंगे कांग्रेस का राज लाएंगे: शिब्ली

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश टारगेट 41 अभियान 2 फरवरी से 12 फरवरी 2024 तक प्रतिदिन भारत रत्न बाबा भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अभियान का शुभारंभ करते हुए दलित। मौहल्लो और बस्तियों में बैनर लगाकर पर्चा वितरित और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा। अरशद अली ने आगे बताया इस अभियान के लिए जय जवाहर, जय भीम कांग्रेस लाओ, संविधान बचाओ नारा उद्घोषित किया जायेगा। अभियान के अंतिम दिन 12 फरवरी 2024 को 50 दलित और मुस्लिम लोगो को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शिब्ली मंजूर ने कहा उत्तर प्रदेश में मुस्लिम 20 प्रतिशत है और दलित 21 प्रतिशत जो कुल मिलाकर 41प्रतिशत है। इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी ने कहा सरकार बनाने के लिए 272 सीटे चाहिए। 2019 में भाजपा को 303 सीट मिली थी। और उनके घटक दलों को 50 सीटे मिली थी। ये घटक दल बहुमत के करीब पहुंचाने वाली किसी पार्टी के साथ जाते हैं। शिव सेना अब भाजपा को छोड़कर इंडिया गठबंधन में आ गई है। यानी भाजपा अगर 30 सीट भी हारती है तो उनकी सरकार नही बन पाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष मुनताज सिद्दीकी ने कहा दलित और मुस्लिम समुदाय की एकता ही लोकतंत्र और संविधान को बचाने शर्त है दोनो समुदाय को मिलकर इस जिम्मेदारी को निभायेगे और देश को आगे बढ़ाएंगे। इस मौके पर शहर उपाध्यक्ष परवेज सिद्दीकी, पिछड़ा वर्ग के शहर अध्यक्ष मो हसीन, तबरेज अहमद, तालिब अहमद, महफूज अहमद, शकील अहमद, मो मोबिन, हाजी सरताज, मो जाहिद नेता, कामेश्वर सोनकर, मुख्तार अहमद,गुलाम वारिस, मो फाजिल रचित नेगी आदि मौजूद रहे।

# वेट लॉस से लेकर पाचन तक में फायदेमंद है चीकू, रोजाना खाने से मिलेंगे कई गजब के फायदे




वेट कंट्रोल करने के लिए एक्सरसाइज के साथ ही हेल्दी डाइट लेना जरूरी होता है। क्योंकि हेल्दी डाइट लेने से आपका वजन कम होने के साथ बैली फैट भी कम होता है। ऐसे में आप चीकू का सेवन कर सकते हैं, यह शरीर के लिए फायदेमंद माना जाता है।

आज के समय में मोटापा एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है। मोटापे के कारण व्यक्ति कई तरह की बीमारियों से घिर जाता है। जहां बहुत सारे लोग वजन को कंट्रोल करने के लिए घंटो जिम में पसीना बहाते हैं, तो वहीं कुछ लोग डाइट फॉलो करते हैं। लेकिन कई जतन करने के बाद भी वजन कम होने का नाम ही नहीं लेता है। तो आपको बता दें कि वेट कंट्रोल करने के लिए एक्सरसाइज के साथ ही हेल्दी डाइट लेना जरूरी होता है। क्योंकि हेल्दी डाइट लेने से आपका वजन कम होने के साथ बैली फैट भी कम होता है। क्या आप जानते हैं कि वेट लॉस के लिए आप चीकू का सेवन कर सकते हैं। चीकू कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। चीकू में कैल्शियम, विटामिन बी, सी, पोटेशियम, प्रोटीन, आयरन और फाइबर पाया जाता हैं। इस फल के सेवन से न सिर्फ वजन कम हो सकता है, बल्कि आप कई मौसमी बीमारियों से भी खुद को बचा सकते हैं। वहीं इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट वेट कम करने में सहायक होता है। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वजन घटाने के लिए चीकू खाने के कई फायदों के बारे में आपको बताने जा रहे हैं।

### *वेट लॉस*

आपको बता दें कि वेट लॉस के लिए चीकू का सेवन किया जाता है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जिसके कारण आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है और आप कम खाते हैं। इससे वेट लॉस में काफी मदद मिलती है। वहीं इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म तेज होता है।

### *एनर्जी*

चीकू एनर्जी से भी भरपूर होता है। क्योंकि इसमें कार्बोहाइड्रेट भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो आपके शरीर को एनर्जी देता है और थकावट दूर करने में सहायक होता है। क्योंकि वेट लॉस की जर्नी में बहुत लोगों की एनर्जी काफी लो हो जाती है। ऐसे में अगर आप चीकू का सेवन करते हैं, तो आपके शरीर को भरपूर एनर्जी मिलती है।

### *पाचन-तंत्र के लिए लाभकारी*

पोषक तत्वों से भरपूर चीकू सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। वहीं इसमें मौजूद फाइबर गैस, कब्ज और एसिडिटी की समस्या से राहत दिलाता है। चीकू में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है, जो खाने के अच्छे से पचाने के साथ मल को मुलायम बनाता है। साथ ही कब्ज आदि की समस्या से भी निजात मिलती है।

### *बूस्ट होगी इम्यूनिटी*

चीकू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को मजबूत करने के साथ मौसमी बीमारियों को भी दूर रखता हैं। चीकू में मौजूद एंटीऑक्सीड्ेट्स शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं। सर्दी में चीकू के सेवन से सर्दी, खांसी और जुकाम से राहत मिलती है।

### *ग्लोइंग स्किन*

वजन कम करने के दौरान स्किन का ग्लो काफी कम होता है। ऐसे में चीकू के सेवन से स्किन पर ग्लो आता है और स्किन की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं। इसके सेवन से रंगत में सुधार होने के साथ दाग-धब्बे भी दूर होते हैं। वजन घटाने के लिए चीकू खाने से कई तरह के फायदे मिलते हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या हैं, तो डॉक्टर से पूछकर ही इसका सेवन करें।

# खाने के बाद भूल से भी ना खाएं खट्टे फल, सेहत को होंगे ये नुकसान

खाने के बाद अगर आप खट्टे फलों का सेवन करते हैं तो इससे आपको पेट खराब होने या फिर पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। खासतौर से, अगर आपका पेट सेंसेटिव है या फिर आपको अक्सर डाइजेशन से जुड़ी शिकायत रहती हैं तो इसकी संभावना काफी बढ़ जाती है। ठंड के मौसम में हम सभी खट्टे फलों का सेवन जरूर करते हैं। इस मौसम में मार्केट में भी कई तरह के मौसमी खट्टे फल मिलते हैं। ये हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और कोल्ड व फ्लू जैसी बीमारियों से बचाते हैं। लेकिन इन फलों को खाने का भी एक सही समय होता है। जब आप इनका सेवन गलत समय पर करते हैं तो इससे सेहत को फायदा कम और नुकसान अधिक होता है। अधिकतर लोग खाने के बाद खट्टे फल खाना पसंद करते हैं। जबकि इस समय इन्हें खाना पूरी



तरह से अवॉयड करना चाहिए। तो चलिए जानते हैं कि खाने के बाद खट्टे फल खाने से आपकी सेहत को क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं। खट्टे फल आमतौर एसिडिक होते हैं और जब भोजन के बाद इनका सेवन किया जाता है तो कुछ लोगों को जीईआरडी यानी गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिसीज के लक्षण नजर आ सकते हैं। खट्टे फलों के एसिडिक होने के कारण आपको हार्ट बर्न या फिर एसिड रिफ्लक्स की शिकायत हो सकती है। इसलिए खाने के बाइ इस तरह के फलों को खाने से बचना चाहिए।

### *पेट खराब होना*

खाने के बाद अगर आप खट्टे फलों का सेवन करते हैं तो इससे आपको पेट खराब होने या फिर पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। खासतौर से, अगर आपका पेट सेंसेटिव है या फिर आपको अक्सर डाइजेशन से जुड़ी शिकायत रहती हैं तो इसकी संभावना काफी बढ़ जाती है।

### *आयरन अब्जार्बशन में समस्या*

अगर आप खाने के बाद खट्टे फल खाते हैं तो आपका पेट तो भर जाता है, लेकिन आपको खाने के पोशक तत्व नहीं मिल पाते हैं। दरअसल, खट्टे फलों में ऐसे कंपाउंड होते हैं जो आपके भोजन से नॉन-हीम आयरन के अवशोषण में बाधा पैदा कर सकते हैं। नॉन-हीम आयरन प्लांट बेस्ड फूड में पाया जाने वाला आयरन का एक टाइप है। अगर आपको पहले से ही आयरन की कमी की शिकायत है तो ऐसे में आपकी स्थिति बद से बदतर हो सकती है।

# शरीर में बायोटिन की कमी होने से सेहत पर पड़ सकता है बुरा असर, फौरन खाना शुरू कर दें ये फूड्स

शरीर में बायोटिन की कमी से नाखून, आंख और बाल आदि प्रभावित होते हैं। वहीं यदि आप बायोटिन युक्त फूड्स का सेवन करते हैं, तो यह हमारी स्किन, आंखों, बालों और मस्तिष्क के लिए काफी हेल्दी होता है। बायोटिन को विटामिन बी7 के तौर पर भी जाना जाता है। यदि शरीर में बायोटिन की कमी होती है, तो इसका सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। इसकी कमी से नाखून, आंख और बाल आदि प्रभावित होते हैं। वहीं यदि आप बायोटिन युक्त फूड्स का सेवन करते हैं, तो यह हमारी स्किन, आंखों, बालों और मस्तिष्क के लिए काफी हेल्दी होता है। इसके अलावा यह हमारे लिवर के लिए भी बहुत जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बायोटिन युक्त फूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको खाने से शरीर में विटामिन बी7 की कमी को पूरा करता है। तो आइए जानते हैं इन शाकाहारी बायोटिन युक्त फूड्स के बारे में।

### *नट्स और सीड्स*

आपको बता दें कि नट्स और सीड्स बायोटिन का एक समृद्ध स्त्रोत होता है। आप भूने हुए सूरजमुखी के बीज, बादाम या तिल से बने डिशेज खा सकते हैं।



### *शकरकंद*

शकरकंद में मिनरल्स, फाइबर, विटामिन्स और कैरीटाइनॉयड एंटी ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। शकरकंद बायोटिन का बहुत ही अच्छा ऑप्शन है। आप इसको रोस्ट या फिर बॉयल कर खा सकते हैं।

### *बाजरा*

बाजरा फाइबर, खनिज और अमीनो एसिड जैसे पोषक तत्वों से भरपूर सुपरफूड है। बाजरे में मौजूद बायोटिन बालों के लिए काफी ज्यादा जरूरी होता है।

### *पालक*

पालक भी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन, खनिज, फाइबर, आयरन और क्लोरोफिल पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। पालक के सेवन से आप बायोटिन की कमी को दूर कर सकते हैं।

### *केला*

केला में कार्ब्स, फाइबर, बायोटिन, पोटैशियम, विटामिन्स और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो हमारे शरीर के लिए काफी जरूरी होते हैं। ऐसे में आप इसके सेवन से भी बायोटिन की कमी को पूरा कर सकते हैं।

### *मशरूम*

इसके अलावा मशरूम बायोटिन की कमी को दूर करने का एक अच्छा ऑप्शन है। आप मशरूम को रोस्ट कर या फिर सब्जी के तौर पर भी खा सकते हैं।

# सर्दियों में इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के लिए डाइट में शामिल करें ये फूड्स, बार-बार नहीं होंगे बीमार



सर्दियों में बीमारियों से बचने के लिए इम्यूनिटी को बूस्ट करने पर ध्यान देना चाहिए। ताकि आप शारीरिक समस्याओं से बच सकें। ऐसे में बच्चों व बुजुर्गों का सर्दियों में मौसम में खास ख्याल रखना पड़ता है।

सर्दियों का मौसम अपने साथ कई परेशानियों व चुनौतियों को साथ लेकर आता है। इस मौसम में जरा सी लापरवाही आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती है। वहीं कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को सर्दियों में अपना खास ख्याल रखना पड़ता है। इस मौसम में बीमारियों से बचने के लिए इम्यूनिटी को बूस्ट करने पर ध्यान देना चाहिए। ताकि आप शारीरिक समस्याओं से बच सकें। ऐसे में बच्चों व बुजुर्गों का सर्दियों में मौसम में खास ख्याल रखना पड़ता है। ऐसे में आज हम आपके साथ कुछ ऐसे टिप्स शेयर करने जा रहे हैं। जिनको अपनाने से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है।

### *जानिए कैसे काम करता है इम्यून सिस्टम*

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि इम्यून सिस्टम कैसे काम करता है। तो आपको बता दें कि इम्यून सिस्टम हमारे शरीर का रक्षा तंत्र है। जो बाहरी संक्रमण और रोगाणुओं के शरीर में जाने से साथ सक्रिय हो जाता है। साथ ही उससे लड़ने का प्रयास करता है। ऐसे में अगर आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, तो यह शरीर की रक्षा कर लेता है। लेकिन अगर इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, तो यह संक्रमण से आपके शरीर की रक्षा नहीं कर पाता है। जिसके कारण व्यक्ति आसानी से बीमारी व संक्रमण का शिकार हो जाता है। वहीं बच्चों व बुजुर्गों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। जिसकी वजह से उन्हें जल्द बीमारियां घेर लेती हैं।

### *ऐसे मजबूत करें इम्यून सिस्टम*

अगर आपको भी सर्दियों के मौसम में अपना इम्यून सिस्टम मजबूत करना है, तो आपको अपनी लाइफस्टाइल, डाइट और नींद का विशेष ध्यान रखना होगा। क्योंकि यह सारी चीजें आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करने का काम करती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि आप कैसे अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत कर सकते हैं।

### *एंटीऑक्सीडेंट*

शरीर की रक्षा प्रणाली यानी कि इम्यून सिस्टम में एंटीऑक्सीडेंट महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शरीर को बाहरी संक्रमण से बचाने में मदद करता है। ऐसे में जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनको एंटीऑक्सीडेंट खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। हरी सब्जियों और सिट्रस फलों में पर्याप्त मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होता है। जो शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का काम करता है।

### *देसी मसाले*

वहीं देसी मसालों का सेवन भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी हद तक सहायक होते हैं। देसी मसालों में जैसे-दालचीनी, लौंग, इलाइची, हल्दी और काली मिर्च आदि एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होते हैं। ऐसे में इनका सेवन करने से आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। आप इन मसालों का सेवन काढ़े या चाय आदि में कर सकते हैं।

### *गर्म पानी*

आपको बता दें कि सर्दियों में गर्म पानी का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए गर्म पानी के सेवन की सलाह दी जाती है। वहीं जिन लोगों को खांसी-जुकाम या सर्दी आदि की समस्या होती है, उनको खासतौर पर गर्म पानी पीना चाहिए।

### *मोटे अनाज का सेवन*

मोटे अनाज जैसे- बाजरा, रोगी और मक्का आदि में विटामिन, फाइबर, आयरन आदि कई तरह के खनिज से भरपूर होते हैं। ऐसे में इन अनाज का सेवन करने से शरीर को पर्याप्त पोषण मिलने के साथ ही यह शरीर को गर्म रखने में भी मददगार होते हैं। इसलिए सर्दियों में मक्का, रागी और बाजरा जैसे मोटे अनाज का सेवन करना चाहिए।

### *योग और ध्यान*

सर्दियों में स्वस्थ बने रहने के लिए नियमित तौर पर योग और ध्यान करना चाहिए। इसके लिए आप रोजाना अधोमुख सर्वासन, बालासन, सुखासन, ताड़ासन और त्रिकोणासन का अभ्यास कर सकते हैं।

# विटामिन डी की कमी से कमजोर हो सकती हैं बच्चों की हड्डियां, समग्र विकास पर पड़ सकता है प्रभाव



शिशु और बच्चों के लिए विटामिन डी विशेष रूप से जरूरी होती है। क्योंकि विटामिन डी स्केलेटल सिस्टम की वृद्धि और विकास में अहम भूमिका निभाता है। यह हड्डियों के स्वास्थ्य और स्वस्थ मांसपेशियों के लिए काफी जरूरी होता है। हमारे शरीर के लिए विटामिन डी काफी जरूरी होता है। विटामिन डी को सनशाइन विटामिन भी कहा जाता है। जो हड्डियों के स्वास्थ्य और विकास से भी जुड़ा होता है। लेकिन आज भी इस विटामिन को नजरअंदाज किया जाता है। वहीं शिशु और बच्चों के लिए विटामिन डी विशेष रूप से जरूरी होती है। क्योंकि विटामिन डी स्केलेटल सिस्टम की वृद्धि और विकास में अहम भूमिका निभाता है।

### *क्यों जरूरी है विटामिन डी*

सरल शब्दों में कहा जाए, तो शरीर में फास्फोरेस और कैल्शियम को अच्छे से अवशोषित और विनियमित करने में विटामिन डी मदद करता है। यह हड्डियों के स्वास्थ्य और स्वस्थ मांसपेशियों के लिए काफी जरूरी होता है। इसके अलावा विटामिन डी इम्यून सिस्टम को मजबूत करने और इंफ्लेमेटरी प्रोटीन के प्रोडक्शन में भी सहायक होता है।

### *विटामिन डी का लेवल कम होना*

जब शरीर में विटामिन डी का लेवल कम होता है। तो कैल्शियम के स्तर को सामान्य सीमा के भीतर बनाए रखने के लिए ग्रंथियां रक्त में हड्डियों से कैल्शियम लेती हैं। जिसके कारण हड्डियों का घनत्व कम होने के साथ हड्डियों कमजोर हो जाती हैं। विटामिन डी की कमी से हड्डियों के प्रभावित होने का जोखिम सबसे अधिक होता है। इस विटामिन की कमी से हड्डियां नाजुक व कमजोर हो सकती हैं और आसानी से टूट सकती हैं। इस कारण व्यक्ति रिकेट्स का भी शिकार हो सकता है। विटामिन डी की कमी न सिर्फ बच्चों की इम्यूनिटी बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है। यहां तक की यह किशोर गठिया की भी वजह बन सकती है।

### *कहां से मिलता है विटामिन डी*

विटामिन डी का सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत सूर्य का प्रकाश होता है। यह हर उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद होता है। जब हमारी स्किन सूर्य की रोशनी के संपर्क में आती है, तो सूर्य की ड्ढ्ढ किरणें त्वचा की कोशिकाओं में कोलेस्ट्रॉल पर पड़ती हैं। इससे विटामिन डी का संश्लेषण होता है। शरीर का सूर्य की रोशनी के संपर्क में आने से उत्पादित विटामिन डी की मात्रा कई कारकों पर निर्भर होती है। इनमें मौसम, दिन, समय, त्वचा का रंग, बादल और वायु प्रदूषण आदि शामिल है। सूर्य की रोशनी के अलावा भी विटामिन डी के कई स्त्रोत हैं। रेड मीट, लीवर, रेनबो ट्राउट, वसायुक्त मछली, अंडे का पीला भाग और मशरूम 1 आदि में भी विटामिन डी पाया जाता है। वहीं दूध, संतरा, अनार आदि में भी विटामिन डी पाया जाता है। आमतौर पर बच्चों के आहार में ये सभी खाद्य पदार्थ ज्यादा प्रभावी नहीं होते हैं। इस वजह से नियमित रूप से पोषक तत्व की पर्याप्त मात्रा प्राप्त करना काफी मुश्किल होता है।

### *बच्चों में विटामिन डी की कमी का कारण*

दुनिया भर में देखा गया है कि शिशुओं में विटामिन डी की कमी होना आम है। इसकी व्यापकता दर 2.7 से 45.2 तक पाई गई है। वहीं 2 साल के बच्चों में विटामिन डी कमी के विकसित होने का खतरा अधिक होता है। क्योंकि अन्य लोगों की तुलना यह धूप के संपर्क में कम आते हैं। वहीं 1 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों में विटामिन डी की व्यापकता दर 15, किशोरों और 3 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों में व्यापकता दर 14 फीसदी है। आइए जानते हैं बच्चों में विटामिन डी की कमी कब पाई जाती है।

*बच्चों में कब होती है विटामिन डी की कमी*

*बच्चों की स्किन डार्क होना*

*बच्चे का अधिकतर समय घर के अंदर रहना और धूप में कम निकलना*

*त्वचा को पूरी तरह से ढककर रखना*

*ठंडी जलवायु में रहना*

*जो बच्चा स्तनपान करता हो और मां में विटामिन डी की कमी होना*

*शाकाहारी भोजन करना*

*विटामिन डी के लेवल को प्रभावित करने वाली बीमारी-लिवर रोग, किडनी की बीमारी और सीलिएक रोग या सिस्टिक फाइब्रोसिस*

*बच्चे द्वारा ऐसी दवा लेना जो विटामिन डी के स्तर को प्रभावित कर सकती है।*

### *बच्चों में विटामिन डी की कमी का प्रभाव*

बच्चों में विटामिन डी की कमी से उनकी हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, जिसके कारण रिकेट्स की स्थिति बन सकती है। बता दें कि रिकेट्स की स्थिति होने से विकलांगता, हड्डियों में दर्द औप फैक्चर की संभावना बढ़ सकती है। वहीं इस विटामिन की कमी से मांसपेशियों की ताकत व सहनशक्ति भी कम हो सकती है। शरीर की मांसपेशियां तब अच्छे से काम करती हैं, जब शरीर में पर्याप्स मात्रा में विटामिन डी पाया जाता है। वहीं बच्चे में विटामिन डी की कमी होने से मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं, जिसके कारण शारीरिक गतिविधियों में भी परेशानी महसूस हो सकती है।

वहीं विटामिन डी की कमी से बच्चे का विकास, चिड़चिड़ापन, विकास में देरी, कैल्शियम स्तर के कम होने से दौरे, भूख न लगना, सुस्ती और बार-बार श्वसन संक्रमण का भी कारण बन सकता है। युवा व किशोरों की तुलना में छोटे बच्चों में विटामिन डी की कमी अधिक देखी जाती है।

### *इन टिप्स को फॉलो करने से बच्चों में नहीं होगी विटामिन डी की कमी*

### *डाइट*

बच्चों की डाइट में विटामिन डी से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिव करें। उनकी डाइट में फोर्टिफाइड डेयरी उत्पाद, वसायुक्त मछली और अंडे का पीला भाग शामिल करें।

### *धूप में बिताएं समय*

सूर्य की रोशनी विटामिन डी का सबसे अच्छा स्त्रोत माना जाता है। ऐसे में बच्चे को बाहर धूप में खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। बता दें कि सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच सूर्य की ड्ढ्ढ किरणें सबसे ज्यादा होती हैं। जहां डार्क स्किन वाले बच्चे को 30-35 मिनट तो वहीं लाइट स्किन वाले बच्चे को 15 मिनट धूप में रहने की जरूरत होती है। हांलाकि बच्चे को सनबर्न से बचाने के लिए सन प्रोटेक्शन का भी उपाय करें।

### *शारीरिक गतिविधियां*

मांसपेशियों की मजबूती और ताकत के साथ ही बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए उनकी उम्र के हिसाब से शारीरिक गतिविधियां करवानी चाहिए।

### *कैल्शियम का सेवन*

जिन बच्चों व किशोरों में विटामिन डी की कमी पाई जाती है, उनको सप्लीमेंट या पर्याप्त कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ जैसे-दही, दूध, पनीर आदि का रोजाना सेवन करना चाहिए।

### *सप्लीमेंट*

विटामिन डी के स्तर को बढ़ाने के लिए सप्लीमेंट भी ली जा सकती है। लेकिन ध्यान रहे कि इसको डॉक्टर की सलाह पर ही लेना चाहिए।

### *डॉक्टर की निगरानी है जरूरी*

बच्चे की बाल रोग विशेषज्ञ से जांच करवाकर विटामिन डी के स्तर का पता लगा सकते हैं। वहीं डॉक्टर की सलाह पर इसकी कमी को फौरन दूर करने में सहायता भी मिल सकती है।

# आंखों को बार बार छूने या रगड़ने से हो सकती हैं कई समस्याएं, एक्सपर्ट्स से जानिए इसके नुकसान



क्या आप जानते हैं कि बार-बार छूने व रगड़ने से आपकी आंखों को कई तरह का नुकसान हो सकता है। कई बार आंखों में खुजली होने पर हाथों से आंखें छू लेते हैं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आंखों को बार-बार छूने या रगड़ने से क्या नुकसान हो सकते हैं। आंखें हमारे शरीर का सबसे सेंसिटिव हिस्सा माना जाता है। तो वहीं कुछ लोगों की आदत होती है कि वह हर समय आंखों को छूते रहते हैं और उनको रगड़ते रहते हैं। कई बार आंखों में खुजली होने पर हाथों से छू लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करने से आपकी आंखों को कई तरह का नुकसान हो सकता है।

ऐसे में अगर आप भी बार-बार अपनी आंखों को छूते व रगड़ते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आंखों को बार-बार छूने या रगड़ने से क्या नुकसान हो सकते हैं।

### कॉर्निया को हो सकता है नुकसान

आंखों को बार-बार रगड़ने से कॉर्निया को नुकसान पहुंचने की संभावना होती है। ऐसा करने पर कॉर्निया पर खरोंच भी आ सकती है। इससे आपको परमानेंट विजन प्रॉब्लम या स्कार टिशू के साथ अन्य कई समस्या हो सकती हैं। वहीं बार-बार आंखों को रगड़ने से आंखों में इंफेक्शन, एलर्जी या रेडनेस की समस्या हो सकती है। वहीं आंखों को रगड़ने पर अनचाहा दबाव पड़ने से वेगस नर्व भी एक्टिव हो सकती है। जो हार्ट की गति में भी कमी ला सकती है।

### *लाल हो सकती हैं आंखें*

कई बार आंखों को तेज से रगड़ने पर उनकी कैपिलरी टूट सकती है। जिसकी वजह से आपकी आंखें लाल हो सकती हैं और आंखों में लाल थक्का बन सकता है। वहीं आंखों को ज्यादा रगड़ने से डार्क सर्कल्स भी हो जाते हैं। इसके कारण आंखों के आसपास की त्वचा का रंग डार्क हो जाता है।

### *सूजन की समस्या*

आपको बता दें कि जो लोग दिनभर में कई बार आंखें रगड़ते हैं, उनको कंजक्टिवाइटिस नामक आंखों का रोग भी हो सकता है। क्योंकि आपके हाथ में कई सारे वायरस और बैक्टीरिया होते हैं। जो रगड़ने पर आंखों में चले जाते हैं। जिससे आंखों में सूजन हो सकती है और आंखें भी लाल हो सकती हैं। कंजक्टिवाइटिस की समस्या होने पर आंखों में दर्द हो सकता है और यह एक व्यक्ति से दूसरे में फैल सकता है।

इसलिए आपको बार-बार आंखों को छूने व रगड़ने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसा करने पर आंख संबंधी कई समस्या हो सकती हैं। इससे आपको धुंधलापन हो सकता है और साथ ही अधिक लाइट के प्रति आंखें संवेदनशील भी हो सकती हैं।

## सिग्निफाई के सोलर सिटी लाईटिंग प्रोजेक्ट ने अयोध्या को रोशन किया



**नई दिल्ली।** लाईटिंग में विश्व की अग्रणी कंपनी, सिग्निफाई ने अयोध्या सोलर सिटी लाईटिंग प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य अयोध्या को स्मार्ट सोलर लाईटिंग सिटी का प्रतीक बनाना है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत भगवान राम और मंदिरों के पवित्र शहर, सोलर सिटी, अयोध्या में 600 से ज्यादा फिलिप्स अर्बनस्पार्क सोलर वर्टिकल इंटीग्रेटेड पोल सॉल्यूशन स्ट्रीट लाईट स्थापित करने का रिकॉर्ड बनाया गया, क्योंकि यहाँ पर 2024 में लाखों श्रृद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश में रिन्युएबल एनर्जी की नोडल एजेंसी, उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्युएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, डिपार्टमेंट ऑफ एडिशनल सोर्स ऑफ एनर्जी, उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरूप किया गया यह क्रियान्यवन रिकॉर्ड समय में 600 से ज्यादा यूनिट्स का दुनिया का सबसे बड़ा क्रियान्वयन है। इसके लिए अयोध्या में सोलर वर्टिकल इंटीग्रेटेड पोल सॉल्यूशन के साथ फिलिप्स अर्बनस्पार्क और लीथियम-आयन बैटरी (6 मीटर पोल, 400डब्लूपी सोलर पैनल और 100 एंपियरघंटा एलआईएफईपीओ04 बैटरी, 44 वॉट सोलर स्ट्रीट लाईट) का उपयोग किया गया। इस प्रोजेक्ट के बारे में सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया के सीईओ, सुमित जोशी ने कहा, ''सिग्निफाई को विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अयोध्या में अत्याधुनिक स्मार्ट सोलर लाईटिंग समाधानों द्वारा शहर को रोशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर गर्व है। अयोध्या सोलर सिटी लाईटिंग प्रोजेक्ट सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन और गतिशील शहरी वातावरण का निर्माण करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# असम में भी लागू हो सकता है यूसीसी, सीएम सरमा ने दिए संकेत

**कानून**

**हिमंत ने कहा कि मैं उत्तराखंड के यूसीसी विधेयक को देखने का इंतजार कर रहा हूं। जब यह एक बार यह पूरा हो जाएगा, हम वही कानून असम में भी लाएंगे।**



**गुवाहाटी।** समान नागरिक संहिता को उत्तराखंड और गुजरात जैसे राज्यों में लागू करने के लिए काम जारी है। वहीं, इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो हम असम में भी समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हालांकि, इसमें कुछ बदलाव किए जाएंगे।असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हम असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक अधिनियम तैयार कर रहे हैं और राज्य का कानून विभाग इसकी जांच कर रहा है। हम उत्तराखंड के विकास पर भी करीब से नजर रख रहे हैं। यदि 5 फरवरी को उत्तराखंड में यूसीसी बिल रखा जाएगा तो क्या हम संपूर्ण यूसीसी लागू करने की स्थिति में होंगे, हम इसे भी देख रहे हैं। हमारा विधानसभा सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा, इसलिए हमारे पास अभी कुछ समय है। उन्होंने कहा कि हम देखने की कोशिश कर रहे हैं कि इसे पूर्वोत्तर राज्य में पूरी तरह से लागू किया जा सकता है या नहीं। उसके बाद हम कोई फैसला ले सकेंगे।

आपको बता दें कि उत्तराखंड की धामी सरकार के द्वारा गठित पांच सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपनी मसौदा रिपोर्ट सौंप दी है। इसके बाद ही असम सीएम सरमा की प्रतिक्रिया सामने आई है।

सरमा ने कहा कि उनकी सरकार असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक अधिनियम तैयार कर रही है। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार यूसीसी को लागू करेगी लेकिन आदिवासी आबादी को इसके दायरे से दूर रखेगी। उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड और गुजरात पहले यूसीसी लाएंगे और असम उन विधेयकों में कुछ नए बदलाव कर अपने राज्य में लागू करेगा। हिमंत ने कहा कि मैं उत्तराखंड के यूसीसी विधेयक को देखने का इंतजार कर रहा हूं। जब यह एक बार यह पूरा हो जाएगा, हम वही कानून असम में भी लाएंगे। चूंकि हम बाल विवाह और बहुविवाह के खिलाफ काम कर रहे हैं, इसलिए इसमें कुछ बदलाव होंगे। असम में आदिवासी समुदाय को छूट दी जाएगी। सरमा ने आगे कहा कि अगर यूसीसी विधेयक पर सार्वजनिक परामर्श 2-3 महीने में हो सकता है, तो इसे जल्द ही असम विधानसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सब कुछ उत्तराखंड और गुजरात विधेयकों पर निर्भर करेगा, लेकिन असम यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य होगा। उन्होंने कहा, हम विधेयक की निगरानी करेंगे और देखेंगे कि क्या हम इसे पूरी तरह से लागू कर सकते हैं। हमारे पास इसकी जांच करने और उसके अनुसार आगे बढ़ने का समय है।

## शार्क टैंक में पिज्ज़ा गैलेरिया की पिच गोहाना को भारत के पाककला नक्शे पर लेकर आई




**नई दिल्ली।** 2023 में ऑर्डरिंग ट्रेंड्ज़ की एक वार्षिक रिपोर्ट में, फूड डिलीवरी प्लेटफार्म पर पिज्ज़ा सबसे ज्यादा ऑर्डर की गई दूसरी डिश के तौर पर उभरा है। इन प्लेटफॉर्म पर पिज्ज़ा के 7.45 करोड़ ऑर्डर्स हुए थे। देशभर में कई दुकानें पिज्ज़ा की एक बड़ी वैरायटी परोस रही हैं। लेकिन प्रतिस्पर्द्धा के इस बाजार में इनमें से एक ब्राण्ड ना सिर्फ बरकरार रहा, बल्कि इसने लगातार विकास भी गया और उसका नाम है पिज्ज़ा गैलेरिया। 2015 में बी.टेक के एक ड्रॉपआउट संदीप जांगरा ने अपने होमटाउन गोहाना में इटैलियन पिज्ज़ा का असली स्वाद लाने की कोशिश शुरू की थी। आज के जमाने की तेजी के मुताबिक, पिज्ज़ा गैलेरिया के को-फाउंडर्स संदीप और ईशान चुघ शार्क टैंक इंडिया 3 के मंच पर आये हैं। अभी उनके 60 से ज्यादा सफल आउटलेट्स हैं और वे भारत में 500 से ज्यादा आउटलेट्स खोलने का एक बड़ा सपना लेकर चल रहे हैं। संदीप जांगरा ने कहा, ''शार्क टैंक में हमारा अनुभव बेहतरीन रहा! शार्क्स का फीडबैक सटीक और बड़ा ही कीमती था और उनसे मिली जानकारियों को लेकर हम पूरी तरह से सहमत हैं। हम उनके सुझावों पर काम करना शुरू भी कर चुके हैं और नतीजे में हमारी शानदार तरक्की हुई है। शो के प्रसारित होने के बाद से ही हमने अपने ग्राहकों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी है और गोहाना को गर्व महसूस कराया है। हमें काफी सहयोग मिला है और हम लगातार बेहतर बनने और ज्यादा से ज्यादा उपलब्धियां हासिल करने के लिये उत्साहित हैं।''

## रहस्य और रोमांच से भरपूर सीरीज़ बाघिन 8 फ़रवरी से अतरंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी स्ट्रीम

अनेरी वजानी स्टारर और रहस्य व रोमांच से भरपूर सीरीज़ बाघिन 8 फ़रवरी से अतरंगी नामक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर तमाम दर्शकों का अनूठे ढंग से मनोरंजन करने के लिए तैयार है उल्लेखनीय है कि शो में लीड भूमिका निभा रहीं अनेरी वजानी के अलावा इस शो में ज़ीशान ख़ान, अंश बागरी और कृप कपूर सूरी जैसे धाकड़ कलाकार भी अपने अभिनय का जलवा दिखाते नज़र आएंगे। अतरंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म के संस्थापक विभु अग्रवाल ने बाघिन के लॉन्च के मौके पर कहा, फ़िल्म बाघिन के ज़रिए हम अपने दर्शकों के सामने दिलचस्प किस्म के कंटेंट को अनूठे अंदाज़ में प्रस्तुत करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। साल 2024 में हमारे कई शोज़ दर्शकों के सामने होंगे और ऐसे में यह साल अतरंगी के लिए एक बेहद अहम साल साबित होने वाला है हमें इस बात का पूरा भरोसा है कि कहानी को पेश करने के लिहाज़ से बाघिन ओटीटी की दुनिया में एक नया मापदंड स्थापित करेगी।मेकर्स को इस बात का पूरा यकीन है कि बाघिन एक ऐसी सशक्त फ़िल्म साबित होगी जो ओटीटी पर मनोरंजन के मायने को पुनर्भाषित करेगी। बड़े सितारों के दमदार अभिनय और सशक्त कहानी को बयां करने वाली ये सीरीज़ यकीनन लोगों को बहुत पसंद आएगी। आप 8 फ़रवरी से एक्सक्लूसिव तौर पर अतरंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बाघिन को देखने का लुत्फ़ उठा सकते हैं। बदला लेने की अनूठी कहानी पर आधारित बाघिन एक मुनष्य और ख़ूंखार जानवर के बीच होने वाले संघर्ष की अनोखी दास्तां है ये एक ऐसी दिलचस्प कहानी है जिसे अब तक भारतीय ओटीटी स्पेस में एक्सप्लोर नहीं किया गया है इस शो की कहानी गौरी नामक लड़की के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है जिसे मशहूर टीवी अदाकारा अनेरी वजानी ने पुरज़ोर अंदाज़ में निभाया है गौरी एक साधारण सी लड़की है जिसे वीर (ज़ीशान ख़ान) नामक लड़के से प्यार हो जाता है मगर किसी परिहार्य कारणों से उसे वीर की बजाय उसके भाई देवा (अंश बागरी) से शादी करनी पड़ती है हालात कुछ ऐसे बनते हैं कि गौरी की हत्या हो जाती है और फिर उसमें एक बाघिन की आत्मा प्रवेश कर जाती है।




# कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत एक

**निंदा**

**कांग्रेस सांसद के अलग देश संबंधी बयान की निंदा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत एक है।**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्षी इंडी गठबंधन ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। विपक्ष ने झारखंड में चल रहे राजनीतिक हलचल पर केंद्र को घेरने का काम किया। गा। इसको लेकर सभी पार्टियों ने रणनीति भी बना ली है। झारखंड में नए सीएम के शपथ में हुई देरी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में नाराजगी जताई। खरगे ने कहा कि झारखंड में संविधान की धज्जियां उड़ाई गई है। उन्होंने कहा



कि बिहार में नीतीश कुमार एक ही दिन में इस्तीफा देते हैं और दोबारा सीएम पद की शपथ ले लेते हैं। वहीं, झारखंड में ऐसा नहीं होता है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के अलग देश की मांग करने के बयान पर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। जोशी ने कहा कि मैं सोनिया गांधी से माफी और कार्रवाई की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि एक सांसद के रूप में ये उनकी शपथ का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मैं आग्रह करता हूं कि मामला आचार समिति को भेजा जाए। कांग्रेस को कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वे नहीं मानेंगे तो देश मान लेगा कि आप भी देश के टुकड़े-टुकड़े करने की चाह में शामिल हैं।

## पीपीएल ने कानूनी लड़ाई में ऐतिहासिक जीत हासिल की

**लखनऊ/कानपुर।** एक उल्लेखनीय फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉपीराईट सोसाइटी के रूप में पंजीकरण की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए म्युज़िक लाइसेंसिंग के दिग्गजों फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल) और नोवेक्स कम्युनिकेशन्सल प्रा. लिमिटेड (नोवेक्स) के द्वारा कॉपीराईट मालिकों के रूप में लाइसेंस जारी करने के अधिकारों को स्पष्ट रूप से बरक़रार रखा है। 24 जनवरी 2024 को सुनाया गया यह ऐतिहासिक फैसला साइउण्ड रिकॉर्डिंग लाइसेंस के लिए मालिक के अधिकारों के दायरे पर लम्बे समय से चल रही बहस को हल करता है। इस कानूनी लड़ाई में पीपीएल की जीत, न सिर्फ हमारी बल्कि पूरे संगीत उद्योग की जीत हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला कॉपीराईट मालिकों एवं एक्सक्लुज़िव लाइसेंसियों के अधिकारों पर ज़ोर देते हुए पीपीएल को उल्लंघन से सुरक्षा के टूल्स प्रदान करता है जो असली म्युज़िक लेबल्स पर मेहनत से कमाए गए निवेश को कमज़ोर बनाते हैं। यह जीत संगीत उद्योग को संचालित करने वाले रचनात्मक प्रयासों के सम्मान और संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है, साथ ही ऐसे भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देती है जहां कॉपीराईट्स में निवेशकों, कलाकारों और उनकी रचनाओं को महत्व दिया जाएगा और सुरक्षित रखा जाएगा।'' जी.बी. अय्यर, एमडी एवं सीईओ, पीपीएल ने कहा।

## सुरक्षाबलों ने संवेदनशील इलाकों में चलाया तलाशी अभियान

**इम्फाल (मणिपुर)।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हिंसक झड़प लगातार जारी है। इस झड़प में अब तक कई लोगों की मौत की खबर भी सामने आई है।

वहीं, मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने राज्य के पहाड़ी और घाटी के जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है और हथियार जब्त किए हैं। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र पर कब्जा किया गया। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि एनएच-37 और एनएच-2 पर आवश्यक वस्तुओं के साथ क्रमशः 194 और 216 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है।

## फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में विमान हादसा, तीन घरों में लगी आग; हादसे में कई लोगों की मौत

**एपी, क्लियरवॉटर (यूएसए)।** फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को इस विमान हादसे में एक सवार शख्स और एक घर में कई लोगों की मौत हो गई। सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा ङ्क35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, ÷क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान ने एक घर को टक्कर मार दी और दुर्घटना में लगभग तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है।



एहलर ने कहा, ÷विमान एक संरचना में पाया गया था।÷ एहलर्स ने मारे गए लोगों की सटीक संख्या नहीं बताई, लेकिन कहा है कि विमान में सवार एक शख्स और एक घर में कई लोग मारे गए। एहलर ने कहा कि विमान के रनवे से लगभग 3 मील (5 किलोमीटर) उत्तर में रडार से गायब होने से कुछ समय पहले पायलट ने सेंट पीट-क्लियरवॉटर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति की सूचना दी थी। अधिकारियों ने कहा कि संघीय जांचकर्ता घटनास्थल की जांच करेंगे। वहीं, एक दूसरी घटना में अमेरिका के मध्य पेंसिल्वेनिया के पास गुरुवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोपहर के करीब 1.30 बजे वेस्ट कैलन में विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उन्होंने बताया कि कोट्सविले के चेस्टर काउंटी हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

## कनाडा में अब एक और खालिस्तान समर्थक पर हमला, आतंकी निज्जर के दोस्त के घर हुई गोलीबारी

**ओटावा।** कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर अब लगातार हमले के मामले सामने आ रहे हैं। अब एक और खालिस्तान समर्थक पर हमला हुआ है। पुलिस ने कहा है कि दक्षिण सरे के एक घर में रात भर गोलीबारी हुई है। पुलिस के अनुसार, गोलीबारी को लेकर जांच जारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय के सदस्यों का कहना है कि यह घर हाल ही में मारे गए खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के एक दोस्त का है।ॉब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घर सिमरनजीत सिंह का है, जो निज्जर का दोस्त था, जिसकी जून में सरे में हत्या हो गई थी। इस हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इलाके के पड़ोसियों और गवाहों से बात कर रहे हैं और गोलीबारी के बारे में और अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं।

# आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान में हुए बम और ग्रेनेड हमले, एक व्यक्ति की मौत

**बलूचिस्तान (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान में आम चुनाव होने वाले हैं। चुनावों से पहले पाकिस्तान के कई शहरों में बम विस्फोट की खबरें भी सामने आ रही हैं। वहीं, ताजा जानकारी के अनुसार, आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान में 10 बम और ग्रेनेड हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की

**ग्रेनेड**

**ताजा जानकारी के अनुसार, आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान में 10 बम और ग्रेनेड हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।**

पहचान नहीं हो पाई है।

इसके अलावा, द बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, क्वेटा में कंबरानी रोड पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) चुनाव कार्यालय और एक पुलिस ईगल फोर्स वाहन को निशाना बनाकर लगातार दो विस्फोट किए गए। कथित तौर पर, अज्ञात व्यक्तियों ने पीएमएल-एन कार्यालय पर हथगोले और ईगल फोर्सेज वाहन पर तात्कालिक



विस्फोटक उपकरणों का इस्तेमाल किया। हालाँकि, इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना सामने नहीं आई है, लेकिन ईगल फोर्सेज वाहन को गंभीर क्षति हुई है। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव उम्मीदवारों पर इन हमलों के बाद, पाकिस्तान चुनाव निकाय ने नोटिस लिया है और बलूचिस्तान के मुख्य सचिव और महानिरीक्षक से तत्काल रिपोर्ट का अनुरोध किया है। एक अन्य घटना में, अज्ञात बंदूकधारियों ने कलात के मंगोचर इलाके में कराची से क्वेटा तक एन-25 राजमार्ग पर पत्थर ले जा रहे एक ट्रॉलर पर हमला कर दिया, जो 24 घंटे के भीतर उसी राजमार्ग पर प्राकृतिक संसाधन अन्वेषण कंपनियों पर दूसरा हमला है। इसके अलावा, पाकिस्तान तटरक्षक कार्यालय के मुख्य द्वार पर एक हथगोला फेंका गया; हालाँकि, इसमें विस्फोट नहीं हुआ।

## अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में विमान दुर्घटनाग्रस्त, उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही हुआ हादसा

**वेस्ट कैलन।** अमेरिका के मध्य पेनसिल्वेनिया के पास गुरुवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि विमान दुर्घटना में कितने लोग हताहत हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोपहर के करीब 1.30 बजे वेस्ट कैलन में विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उन्होंने बताया कि कोट्सविले के चेस्टर काउंटी हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान में केवल एक पायलट ही सवार था। जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त विमान पेड़ों और घरों से टकराते हुए जमीन पर गिरा। हालांकि, हादसे में कोई भी घर क्षतिग्रस्त नहीं हुआ। साथ ही किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

# जॉर्जिया में मैकएचेर्न हाई स्कूल में हुई गोलीबारी घटना में दो लोग घायल, पुलिस कर रही मामले की जांच

**जॉर्जिया (यूएस)।** अमेरिका के जॉर्जिया में कोब काउंटी के मैकएचेर्न हाई स्कूल में गोलीबारी में दो लोगों को गैर-जानलेवा चोटें आई हैं। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। कॉब काउंटी पुलिस ने बताया कि पीड़ित वर्तमान मैकएचेर्न छात्र नहीं हैं। कॉब काउंटी पुलिस विभाग के नए अपडेट के अनुसार, कानून लागू करने वालों द्वारा व्यापक मूल्यांकन के बाद मैकएचेर्न हाई स्कूल अब सुरक्षित है। छात्रों को उनके परिवारों के पास वापस भेजने के लिए काम शुरू कर दिया गया है।

**अभिभावक**

**पुलिस ने कहा कि माता-पिता और अभिभावक अपने छात्रों को पुनर्मिलन स्थल पर ले जा सकते हैं।**

कॉब काउंटी पुलिस विभाग ने



एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में कहा, कानून प्रवर्तन द्वारा व्यापक मूल्यांकन के बाद मैकएचेर्न हाई स्कूल को अब सुरक्षित माना जाता है। छात्रों को उनके परिवारों के पास सुरक्षित लौटाने के लिए पुनर्मिलन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुलिस ने कहा कि यह घटना कैंपस के पार्किंग स्थल में हुई और गोलीबारी में मैकएचेर्न के किसी भी छात्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने आगे कहा, हम समुदाय को आश्वस्त करना चाहते हैं कि मैकएचेर्न के किसी भी छात्र को नुकसान नहीं पहुँचाया गया। यह स्थिति कैंपस के पार्किंग स्थल पर हुई और इसमें ऐसे लोग शामिल थे जो छात्र नहीं थे। कॉब काउंटी स्कूल के जिला प्रवक्ता ने भी पुष्टि की कि जिन दो व्यक्तियों को गोली मारी गई, वे वर्तमान मैकएचेर्न छात्र नहीं हैं। उन्होंने आगे बताया कि कॉब स्कूल पुलिस और कॉब काउंटी पुलिस ने परिसर को सुरक्षित कर लिया है और दोनों व्यक्तियों की पहचान और संबंधित परिस्थितियों की सक्रिय रूप से जांच कर रहे हैं।

यह कहते हुए कि परिसर कोड रेड में था, प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस परिसर में है, और छात्रों और कर्मचारियों दोनों की सुरक्षा के लिए, माता-पिता को परिसर में अनुमति नहीं दी जाएगी और कोड रेड हटाए जाने तक बसें नहीं चलेंगी। प्रवक्ता ने कहा, एक बार उपलब्ध होने पर हम जनता को अतिरिक्त अपडेट प्रदान करेंगे। पुलिस ने कहा कि माता-पिता और अभिभावक अपने छात्रों को पुनर्मिलन स्थल पर ले जा सकते हैं।

कोब काउंटी पुलिस विभाग ने एक्स पर पोस्ट किया, पता 2595 न्यू मैकलैंड रोड होगा, साथ ही, पुनर्मिलन स्थान लैटर-डे सेंट्स के जीसस क्राइस्ट का चर्च, 2595 न्यू मैकलैंड रोड होगा। कृपया रिचर्ड डी सेलर्स पॉकी से यात्रा करें क्योंकि मैकलैंड रोड पर न्यू मैकलैंड रोड बंद रहेगा।

इससे पहले, पुलिस विभाग ने कहा कि वे कैंपस पुलिस की सहायता के लिए मैकएचेर्न हाई स्कूल को जवाब दे रहे थे, साथ ही उन्हें सूचित किया कि वहां एक आश्रय स्थल है और न्यू मैकलैंड रोड पर सभी यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है और अगली सूचना तक बंद कर दिया गया है।

# टीटीपी को अलकायदा, अफगान तालिबान का समर्थन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम देने में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगान तालिबान, अलकायदा और अन्य आतंकी संगठनों से समर्थन मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की रिपोर्ट के हवाले से गुरुवार को यह दावा किया गया है।

डॉन न्यूज ने रिपोर्ट के हवाले से कहा कि यह जानकारी अलकायदा, तालिबान निगरानी टीम की ओर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति को सौंपी गई 33वीं रिपोर्ट से सामने आई है।

पाकिस्तान के विरुद्ध प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीटीपी को मिल रहे सहयोग में न केवल हथियार और उपकरण शामिल हैं, बल्कि उसे सक्रिय बुनियादी समर्थन भी मिल रहा है। पाकिस्तान में बड़े आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार टीटीपी के प्रति अफगान तालिबान के उदासीन रवैये को लेकर इस्लामाबाद निराशा व्यक्त कर चुका है। टीटीपी ने 2023 के मध्य में खैबर पख्तूनख्वा में एक नया अड्डा बनाया, जहां बड़ी संख्या में आत्मघाती हमलावरों को प्रशिक्षित किया गया।



## केन्या की राजधानी में गैस लीकेज केबाद भीषण विस्फोट

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में गैस लीकेज के कारण लगी आग से बड़ा हादसा हुआ है। आग लगने के बाद हुए विस्फोट से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और 165 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नैरोबी स्थित एक गैस रीफिलिंग कंपनी की इमारत में आग आधी रात को लगी थी। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मावौरा ने कहा कि यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

# बजट पर नेता व्यापारी की प्रतिक्रिया

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतिम बजट 2024- 25 का पेश किया। बजट पर सत्ता पक्ष के लोगों ने जमकर तारीफ की तो विपक्ष ने इस जुमले का बजट कहा इस बजट में किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं नेनो डीएपी का उपयोग, पशुओं के लिए नई योजनाएं, पीएम मस्त संपदा योजना ,महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना, सरकार ने इस बजट में सभी वर्गो का ध्यान रखा है वहीं विपक्ष ने इस बजट को सिर्फ छलवा बताया है इस सरकार का विदाई का बजट है।

## यह बजट आम लोगों के लिए निराशाजनक है: डॉ संतोष



डॉ संतोष मिश्रा राजा साहब ने बजट पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा। कि यह बजट देश के लिए निराशाजनक है। इस बजट से मध्यमवर्गीय लोगों का उत्थान नहीं होगा। उनके लिए जो मूलभूत सुविधा है उसे पर सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया है जैसे किसानों के लिए डाई ,युरिया ,पानी व बिजली सस्ती होनी चाहिए लेकिन सरकार ने इन सब मूलभूत सुविधाओं पर कोई दृष्टिकोण या अतिरिक्त बजट नहीं प्रस्तुत किया है। यह बजट सिर्फ पुंज पतियों के लिए है। जनता को बहकने के लिए इस बजट में पूरी कोशिश की गई है।

## महिला, किसान, गरीबों के लिए सर्वसमावेशी है बजट: सुषमा पटेल



पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने बजट पर अपनी प्रक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सर्व समावेशी बजट है ।इसमें महिला गरीब ,किसान , केंद्रित बजट है इस बजट में देश को आगे ले जाने की अहम भूमिका है। इसके साथ ही इस बजट में महिलाओं के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। जिसमें महिला लखपति दीदी योजना से 3 करोड़ महिलाएं लाभांतित होगी। इसके साथ-साथ मनरेगा आवंटन का बजट बढ़ाकर 86 हजार करोड़ कर दिया गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में विकास की गति तीव्र होगी। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी 20 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

## गरीबों व किसानों के लिए सर्वहितकारी है बजट: अशोक



भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष अशोक कुमार एडवोकेट ने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि इस बजट में नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप दिया गया है। खासकर इस बजट में किसानों के लिए नैनों डीएपी, महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना इसके साथ-साथ ही गरीबों के लिए आवास योजना नौजवानों छात्रों के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधा का विशेष ध्यान दिया गया है इस बजट में जो सभी के लिए हितकर है। इस अंतिम बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं।

## गांव चलो का प्रभाव लोकसभा चुनाव पर अवश्य पड़ेगा: अभिलाषा गुप्ता

**प्रयागराज।** डी.एल.सी कान्वेंट स्कूल, शास्त्रीनगर सदियापुर में मीरापुर मंडल से गांव चलो अभियान की मंडलों की कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यशाला में उन्होंने मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी जिले की हर गांव और बूथ तक पहुंचकर व्यापक जन संवाद का अभियान चलाएगी और विकसित भारत के विजन को लेकर हर गांव, गली, मोहल्ले और बूथो पर जाएंगे। इस अवसर पर मंडल के प्रभारी मुरारी लाल अग्रवाल, सह प्रभारी विक्रम जीत भदोरिया, लोकसभा विस्तारक प्रिंस गुप्ता जी, महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी, मंडल संयोजक ओ.पी द्विवेदी, मंडल के सभी पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल संयोजक, मंडल प्रवासी एवं मंडल के बूथ शक्ति केंद्र मोर्चा, प्रकोष्ठ प्रकल्प के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टी डी कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जनपद के प्रमुख शिक्षण संस्थान टी डी कॉलेज जौनपुर में पंचदिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन महाविद्यालय के क्रीड़ॉ क्षेत्र में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर रोवर्स रेंजर्स मुख्यायुक्त प्रोफेसर शंभू राम ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स का उद्देश्य शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें परस्पर प्रेम, सहयोग और अनुशासन की भावना को बढ़ाना है। पूर्व मुख्य आयुक्त प्रोफेसर समर बहादुर सिंह ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण द्वारा विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना उत्पन्न कर सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा। प्रो.सुधांशू सिन्हा ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स का आदर्श वाक्य सेवा करो को साकार करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहना चाहिए।

अतिथियों का स्वागत करते हुये रोवर्स रेंजर्स कमिश्नर प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने कहा कि स्काउट गाइड ,रोवर्स रेंजर्स का मुख्य उद्देश्य जीवन जीने की कला सीखाना है और समाज देश के प्रति उचित कर्तव्य निर्वहन करना है। के.एन. आई. सुल्तानपुर के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि समाज सेवा और कर्तव्य बोध कराने वाले एक महत्वपूर्ण संस्था है। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह ने कहा की यह उत्तम नागरिकता की अनुपम पाठशाला है और सभी को इस कार्यक्रम में अपने पूर्ण क्षमता के साथ बढ़-कर कर हिस्सा लेना चाहिए। महाविद्यालय रोवर्स रेंजर्स समिति की संयोजक प्रोफेसर श्रद्धा सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में रोवर्स और रेंजर्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों गणेश वंदना, संतोषी मां की आरती मेरे देश की धरती सोना उगले , के द्वारा उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया और मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरा मोती की थीम पर अद्भुत नृत्य किया।

रोवर्स रेंजर्स समिति के सदस्य डॉ माया सिंह ,डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉ गीता सिंह, डॉ विपिन कुमार सिंह, डॉक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में आए हुए अतिथियों ने रोवर रेंजर्स द्वारा बनाए हुए टेंट पुल रंगोली आदि का निरीक्षण किया प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक राकेश कुमार मिश्रा, ज्ञानचंद चौहान, खुशबू चौहान ,नितेश प्रजापति, निसार अहमद ,कीर्ति मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

# अफवाहों पर ध्यान न दें: थानाध्यक्ष जफराबाद

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जफराबाद थाना के प्रांगण में अफवाहों के माहौल को देखते हुए थाना अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह ने एक पीस मीटिंग का आयोजन किया जिसमें जफराबाद थाना क्षेत्र के तमाम हल्के के लोग आए, और थाना अध्यक्ष ने तमाम लोगों से अपील की की किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें अगर कोई अफ़वाह उड़ाता है तो उसे हमें बताएं हम उसपर तुरंत कार्रवाई करेंगे और जितने लोग आए हुए हैं आप सभी समाज के जागरूक व जिम्मेदार व्यक्ति आए हुए हैं और मैं चाहता हूं कि आप लोगों सहयोग हमें सहयोग प्रदान करें जिससे किसी भी प्रकार का क्राइम होने से पहले ही उसे रोका जा सके, इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी डॉक्टर सरफराज खान, और नगर पंचायत काजगांव के अध्यक्ष फिरोज खान, और आफताब आलम , अबुशाद खान शाह नेयाज़ अहमद, प्रेमचंद, आदि लोग की उपस्थित रहे।

## भू माफिया के आतंक से महिला परेशान

**आजमगढ़।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के सुराही गांव का मामला है इस्बतुन्ननिसा पत्नी मुंसफी द्वारा निजामाबाद उप जिलाधिकारी को लिखित तहरीर देते हुए कहा की हमारे गांव निवासी सलामुद्दीन पुत्र कमालुद्दीन दबंग व भू माफिया है जो हमारी संपति पर कब्जा कर लिया है। जिसका हमने मुकदमा लखनऊ बोर्ड में किया है। जहां पर मोकदम्मा विचारा धीन चल रहा है।उसके बाद भी अपनी दबंगई गुंडई से मेरी विवादित जमीन पर घर का निर्माण करवा रहा है।हम ने कई बार 112 नंबर बुलवा कर काम रुकवाया है जिससे नाराज होकर सलामुद्दीन ने मेरे इकलौते लड़के तैयब, व पति मुंसफी की हत्या कराने की धमकी दे रहा है इस वजह हमारा पूरा परिवार डरा व शहमा हुआ है।

# जन शिकायतों को दे प्राथमिकता: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जनपद के नवागत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड ने मॉ शीतला धाम चौकिया में पूजा अर्चना के उपरान्त जनपद के कोषागार में जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके उपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार का आवेदन लम्बित न रहे। समयार्न्तगत आवेदन का निस्तारण कर दिया जाए। शासन की जो भी प्राथमिकताएं है, जिनके आधार पर जिले की प्रगति का निर्धारण होता है उसमे सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि जनपद किसी भी बिंदु पर पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि लोक प्रशासन की जो भी जिम्मेदारियां है उसके प्रति गंभीर रहे। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस तथा जनसुनवाई में आए मामले का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन विवाद संबंधी मामलों का त्वरित निस्तारण कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की उपलब्धता सहित मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि अस्पतालों में डॉक्टर तथा उपकरणों की उपलब्धता रहे। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदन लंबित ना रहे, पात्र व्यक्तियों को सभी प्रकार के पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। परियोजना निदेशक से प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के संदर्भ में जानकारी ली सहित अन्य अधिकारियों से भी उनके विभाग से संबंधित जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों में साफ सफाई होनी चाहिए।

# आरएसएस आयोजित करेगी वैचारिक संगोष्ठी 'युवाओं में राम'

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाविद्यालयीन विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा 4 फरवरी 2024 को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एक भव्य वैचारिक संगोष्ठी का कार्यक्रम 'युवाओं में राम' होना सुनिश्चित हुआ है। जिसके तैयारियों के संदर्भ में बरसाना बैंक्वेट हॉल सिद्दीकपुर में संघ परिवार द्वारा एक बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रजत जी ने बताया कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात एक नये युग का आरम्भ हुआ है। उन्होंने आह्वान किया कि भारत के प्रत्येक युवा में भगवान राम हृदयांगन करें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि भारत के प्रत्येक युवा में प्रभु श्रीराम के गुणों का विकास हो। उन्होंने इस संगोष्ठी में अधिक से अधिक युवाओं को प्रतिभाग करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विशिष्ट लोगों में प्रान्त प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रमेश जी, प्रसिद्ध कथावाचक पूज्य शान्तनु जी महाराज, प्रयागराज से प्रो. आनन्द शंकर जी, संघ के प्रान्त बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डा. कुलदीप जी तथा जौनपुर विभाग के विभाग प्रचारक अजीत जी की उपस्थिति रहेगी। उक्त बैठक में जिला महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख कार्य विभाग डा. मनीष प्रताप सिंह, डा. नवीन, डा. दिनेश, डा. केदारनाथ, प्रो. वीडी शर्मा, डा. इन्द्रजीत, भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय, पंकज सिंह, राणा प्रताप, अमित निगम, अतुल जायसवाल, भास्कर, प्रिंस, गौरव आदि उपस्थित रहे।

# वैभवशाली अतीत को पर्यटन से जोड़कर नई पहचान दे रही है योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

- बौद्ध तीर्थ क्षेत्र स्थापना के लिए बुद्धा थीम पार्क का हो रहा है निर्माण
- 2359.55 लाख की लागत से पर्यटन विभाग कर रहा है विकास

**प्रयागराज।** प्राचीन भारत के 14 महाजनपदो में वत्स राज्य की समृद्ध राजधानी रही बौद्ध नगरी कौशाम्बी को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक नयी पहचान दे रही है। अपने अतीत में सभ्यता और समृद्धि का इतिहास समेटे इस स्थान को उत्तर प्रदेश का पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहा है। प्रयागराज के निकटवर्ती जिले कौशाम्बी की पहचान उसके अतीत के गौरव से रही है। भगवान बुद्ध के समय बौद्ध नगरी कौशांबी की गिनती भारत के 6 सबसे महत्वपूर्ण नगरों में होती थी। उत्तर प्रदेश सरकार इसे नई पहचान दे रही है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि कौशाम्बी के कोसम इनाम गाँव को पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहा है। इसे बौद्ध सर्किट से जोड़ने के लिए यहां पर 2359.55 लाख की लागत से बुद्धा थीम पार्क का विकास किया जा रहा है। पर्यटन विभाग को इसके लिए की पहली किश्त भी मिल चुकी है। इसके लिए इलाके में 11 हेक्टेयर की जमीन भी स्थानीय किसानो से अधिग्रहित की गई है। किसानों को उनका मुआवजा भी दिया जा चुका है। इस पार्क में ओपन एयर थियेटर, महात्मा बुद्ध के जीवन पर आधारित संग्रहालय, बुद्ध पर आधारित म्यूरल्स, थीमेटिक गेट, कैफेटेरिया और ठहरने के लिए गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। बौद्ध स्थलों के सतत विकास के लिए इसका व्यवस्थित ढंग से विकास और विस्तार होना भी आवश्यक है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक इस पूरे इलाके को बौद्ध संरक्षित क्षेत्र घोषित करने के लिए इसे प्राधिकरण क्षेत्र घोषित किये जाने की योजना है। पर्यटन विभाग ने शासन को इस क्षेत्र को प्राधिकरण क्षेत्र घोषित करने के लिए प्रस्ताव भी भेजा है। प्राधिकरण क्षेत्र घोषित होने के बाद यहाँ व्यवस्थित निर्माण की योजना लागू की जायेगी। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे। क्षेत्र में स्थानीय लोगो को अपने घरो में पेइंग गेस्ट की सुविधा का विकास करने के लिए प्रस्ताव दिया जाएगा जिससे स्थानीय लोगो को रोजगार मिलेगा।

## ईवीएम और वीवीपैट का मशीन लगाकर किया जा रहा मतदाता जागरूकता

**लालगंज, आजमगढ़।** आगामी लोकसभा 2024 चुनाव की तैयारी को लेकर जिला अधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर तहसील लालगंज में ई. वी. एम एवं वी. वी. पैट मशीन मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से लगायी गयी है। प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।उपजिलाधिकारी लालगंज सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तहसील लालगंज में आए फरियादी समस्या लेकर आते हैं उनकी समस्या के निदान के साथ-साथ उनका ई. वी. एम. और वी वी पैट मशीन के इस्तेमाल के बारे में भी लोगो को बताया जाता है, निर्वाचन आयोग की मंशा है कि निर्वाचन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जाए। जिसमे सबकी भागीदारी होना चाहिए। भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, चुनाव को संपन्न कराने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी लगती है। सभी का उद्देश्य है कि चुनाव को अच्छे तरीके से संपन्न कराया जाए।हमारे लोकतंत्र की भावना के अनुसार जो मतदाता है वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसलिए चुनाव आने पर समय-समय पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाता है,इसी तरह तहसील लालगंज में ई वी एम एवं वी वी पैट की मशीन जागरूकता उद्देश्य से लगाई गयी है। गांव के लोग अपनी समस्या को लेकर तहसील में आते हैं, प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा जो मतदाता है उन्हें वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट दिलाकर जागरूक किया जाता है।

# कैडर के सहारे लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे बसपाई



अवधनामा संवाददाता

- मायावती को प्रधानमंत्री बनाने के लिये सेक्टर स्तरीय कैडर बैठकें जोरो पर

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई प्रयागराज के तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र मेजा के सेक्टर दिघिया और सेक्टर मेजा रोड के बूथ नरवर उपरहार में विधानसभा अध्यक्ष शेषनाथ पासी की अध्यक्षता में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। कैडर बैठक के मुख्य अतिथि बसपा जिला कार्यकारिणी सदस्य उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम ने अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा के चुनाव में बहन मायावती के द्वारा दिए गए निर्देशों को बताते हुए तत्काल चुनाव की तैयारी हेतु जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा बहुजन समाज पार्टी एक मिशन है, जो बहुजन महापुरुषों के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है पार्टी के हित में हम सभी को ईमानदारी और मेहनत से पार्टी में काम करने की जरूरत है। जिला कार्यकारिणी के सदस्य गुलाब धैर्य व राकेश पासी बड़ा घराना ने बतौर विशिष्ट अतिथि अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें अपने महापुरुषों के विचारों को अमल करना होगा। उनके वैचारिक सिद्धांतों पर चलना होगा। बैठक में विधानसभा प्रभारियों में सुरेश चन्द्र गौतम, राजू राव, अवधेश कुमार, राम बाबू सिंह पटेल, हरिशंकर विद्यार्थी, शोभनाथ विश्वकर्मा, त्रिवेणी प्रसाद, वीरेन्द्र कुमार, आकाश यादव, राहुल गौतम, संजीव कुमार भारतीय, ओम प्रकाश भारतीय, देवेंद्र नाथ जैसल, संगम लाल, अमित गौतम, अभिजीत, विश्व नारायण, मैकू लाल, राम इकबाल बिन्द, विजय कुमार भारतीय, श्याम बिहारी बिन्द, संतोष कुमार, विमल गौतम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# भूमंडलीय गांव बहुसंस्कृतिवाद ही आज का यथार्थ: प्रो. पान्डेय

अवधनामा संवाददाता



- जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पीरियोडिकल लेक्चर्स सीरीज के क्रम में चतुर्थ व्याख्यान का आयोजन

**प्रयागराज।** दर्शनशास्त्र विभाग, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा प्रायोजित तथा नीतिशास्त्र के विविध पक्षों पर आधारित पीरियोडिकल लेक्चर्स सीरीज के क्रम में चतुर्थ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर दर्शनशास्त्र एवं धर्म विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 श्रीप्रकाश पाण्डेय आमंत्रित थे। आज के व्याख्यान का मुख्य शीर्षक वर्तमान चुनौतियां एवं सांस्कृतिक मूल्यबोध था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आशिमा घोष के द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। दर्शनशास्त्र विभाग की संयोजिका डॉ0 नीलिमा मिश्रा ने मुख्य अतिथि तथा विषय का परिचय कराया।

अपने वक्तव्य के प्रारंभ में प्रो0 पांडेय ने मानव संस्कृति, सभ्यता, परिवार समाज, धर्म एवं कानून इत्यादि के क्षेत्र में हो रहे अवमूल्यन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भूमंडलीय गांव बहुसंस्कृतिवाद ही आज का यथार्थ है। जिसकी आंधी में वर्तमान पीढ़ी आश्चर्यचकित है। प्रो0 पांडेय ने कहा कि मनुष्य वर्तमान में इस अवमूल्यन को एक पद्धति के रूप में स्वीकार कर चुका है। सत्य को असत्य सिद्ध करने की भी महत्वाकांक्षा अब मनुष्य में विकसित हो चुकी है। वर्तमान समय में मनुष्य ने उपभोग की कोई सीमा निश्चित नहीं की है और वह इसका निर्धारण करना भी नहीं चाहता है।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्यगण तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों में दर्शनशास्त्र विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के विभागाध्यक्ष प्रो0 ऋषि कांत पांडेय, डॉ0 संजय शुक्ला, ई0सी 0सी0, डॉ0 सुषमा श्रीवास्तव, डॉ0 मीनाश्री यादव, डॉ0 विजयलक्ष्मी, डॉ0 सुकृति मिश्रा, डॉ0 आशीष मिश्रा, डॉ0 अजिता ओझा, डॉ0 अंशुमाला मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दर्शनशास्त्र विभाग की पूर्व संयोजिका डॉ0 दीपशिखा बनर्जी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी अतिथियों, आचार्यगणों, छात्र-छात्राओं एवं विशेष रूप से भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

## डीएम को किया सम्मानित

**आजमगढ़।** वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संगठन की तरफ से जिला प्रशासन को आजमगढ़ खेल महोत्सव के आयोजन हेतु धन्यवाद दिया गया। प्रबंधक संगठन ने जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को साल मोमेंटो और बुके देकर इस खेल महोत्सव को आयोजित करने के लिए सम्मानित किया।

# जल जीवन मिशन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्मन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत फेज-2, फेज-3 एवं फेज-5 के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए एलसी इंफ्रा, जीए बाबा, विक्रान, इको प्रोटेक्शन इंजीनियर, गाजा को निर्देश दिये कि एफएचटीसी, ओवर हेड टैंक, पम्प लोवरिंग, डिस्ट्रीब्यूशन के कार्य जो लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक पूर्ण नही हुए हैं, उसे यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए ट्रायल करना शुरू करें। उन्होंने कहा कि कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को क्वालिटी व मैटेरियल में कहीं कोई समस्या आ रही है तो उससे तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत करायें, जिससे उसका तत्काल निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पाइप डालने के लिए जो भी सड़क काटी जा रही है, उसका पुनर्स्थापना युद्ध स्तर पर कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न की जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारी को निर्देश दिया कि जो भी कार्यदाई संस्था निर्धारित समय में कार्य को पूर्ण नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

# अतरौलिया थाना क्षेत्र में मिली अधजली लाश, फैली सनसनी

अवधनामा संवाददाता



**अतरौलिया।** अतरौलिया थाना क्षेत्र में अधजली लाश मिलने से सनसनी। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर छानबीन में जुटी, समाचार लिखे जाने तक नही हो सकी पहचान।

अतरौलिया थाना क्षेत्र की मदियापार गांव की सिवान में एक ट्यूबवेल के समीप रखें सरपट के झुंड में लगभग 25 वर्षी युवक का अधजली लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।शव देखने पर हत्या प्रतीत हो रहा है सूचना पाकर स्थानिय पुलिस व क्षेत्राधिकार किरण पाल सिंह मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई ।

बता दे की मदीयापार गांव के वीरेंद्र पांडे के ट्यूबवेल पे उनकी लड़की की शादी में मांडव छाने हेतु सरपत रखा गया था इस सरपट के झुंड में किसी ने 25 वर्षी युवक की हत्या कर शव को छुपा दिया था शाम को गांव की कुछ महिलाएं शौच लिए गांव के सिवान में गई तो सरपट के झुंड से उसका पांव दिख रहा था उत्सुकता बस महिलाएं सरपट के करीब आकर देखी तो मरे हुए व्यक्ति की शव पड़ी थी महिलाएं भाग कर अपने घर जाकर घटना को बताएं सूचना मिलते ही वीरेंद्र पांडे सहित तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना अतरौलिया थाना अध्यक्ष सविंद्र राय को दी, थाना अध्यक्ष द्वारा मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए शव को देखने पर प्रथम दृष्टि आई यही प्रतीत हो रहा है कि युवक की हत्या कर इसे जलाने का प्रयास किया गया शव का आधा चेहरा दोनों हाथ तथा पेट का कुछ हिस्सा जला हुआ मालूम पड़ रहा है, शल को सरपट में छुपाने की पूरी कोशिश की गई थी, सूचना पाकर मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव, शैलेश सिंह उर्फपिंकू, स्थानीय प्रधान लोग पहुंच गए, समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकीं।

# सभी पुरातन छात्रों को पोर्टल के माध्यम से जोड़ें: प्रो. सीमा

- मुविवि में पुरातन छात्र कल्याण परिषद के पोर्टल का कुलपति ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र कल्याण परिषद के पोर्टल का उद्घाटन शुक्रवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पुरातन छात्रों से विश्वविद्यालय के विकास के लिए उपयोगी सुझाव देने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही यह पोर्टल आकर्षक कलेवर में दिखाई पड़ेगा।

विश्वविद्यालय के कमेटी हॉल में आयोजित समारोह में पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने प्रारंभ में कुलपति प्रोफेसर सिंह का स्वागत किया तत्पश्चात विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने पोर्टल का अनावरण किया। इस वेब पोर्टल पर पुरातन छात्रों से संबंधित सभी ऑप्शन रखे गए हैं। जिससे वह विश्वविद्यालय से जुड़ सकते हैं ।

विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं तथा विश्वविद्यालय के कल्याण हेतु स्वेच्छा से अनुदान कर सकते हैं।

कुलपति प्रोफेसर सिंह ने सभी सभी पुरातन छात्रों को पोर्टल के थ्रू जोड़ने का आह्वान किया तथा सभी परिषद के सदस्यों से अपील की कि वह यथाशीघ्र सभी पुरातन छात्रों को प्रयास करके इस पोर्टल से जोड़ें तथा मार्च 2024 को आयोजित होने वाले पुरातन छात्र सम्मेलन से पहले यह प्रक्रिया पूर्ण कर लें । इस अवसर पर संचालन पुरातन छात्र कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्थान परिषद के संयुक्त सचिव डॉ सतीश चंद्र जैसल ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, प्रोफेसर एस कुमार, प्रोफेसर जेपी यादव तथा परिषद के अन्य सदस्य एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रैवल-टेक लीडर फ्लिक्सबस ने भारत में बस नेटवर्क लॉन्च की घोषणा की

**नई दिल्ली।** दुनिया के 42 देशों में सबसे बड़ा बस नेटवर्क ऑफर करने वाले एक ग्लोबल ट्रैवल-टेक लीडर फ्लिक्सबस ने भारत में अपने आने की घोषणा कर दी है। कंपनी वादा करती है कि वह दुनिया के दूसरे सबसे बड़े बस बाजार में सुविधाजनक यात्रा, प्रतिस्पर्धी मूल्य और सर्वोत्तम सुरक्षा मानकों के साथ इंटरसिटी ट्रैवल में क्रांति ला देगी। फ्लिक्सबस के इस देश में आते ही हजारों भारतीयों के लिए अब बहुत सारे सुविधा जनक, सुरक्षित और विश्वसनीय यात्रा विकल्प उपलब्ध हैं। इस सेवा में नईदिल्ली, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और उत्तरप्रदेश के बीच शहरों और रास्तों को जोड़ा गया है।




फ्लिक्सबस इंडिया के लिए टिकट आज से लोगों के लिए उपलब्ध हैं। इसके पहले रूट 6 फरवरी से 99 रुपये के एक स्पेशल लॉन्च प्राइस के साथ शुरू हो रहे हैं, जो दिल्ली को अयोध्या, चंडीगढ़, जयपुर, मनाली, हरिद्वार, ऋषिकेश, अजमेर, कटरा, देहरादून, गोरखपुर, वाराणसी, जोधपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अमृतसर से जोड़ते हैं। इन रास्तों पर 59 स्टॉप होंगे और 200 से भी ज्यादा कनेक्शन होंगे।

भारत में अपनी सर्विस लॉन्च करने पर फ्लिक्सबस के सीईओ। André Schwämmlein, ने कहा - हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम भारत में अपना बिजनेस फैला रहे हैं। यह एक बड़ा कदम है, जिसके तहत हम 43 वें देश में पहुंच चुके हैं, जो दुनिया में एक बड़ा बस मार्केट भी है। भारतीय बाजार में प्रवेश हमारे लिए एक बड़ा अवसर है, जो आकांक्षा और महत्वपूर्ण संभावना की मान्यता के साथ भरा हुआ है, जिसमें भारत में मोबिलिटी लैंडस्केप को बदलने की ताकत है। हमारा मिशन पूरी तरह से उन लक्ष्यों के साथ मेल खाता है जो भारत कोशिश कर रहा है- सभी के लिए सस्टेनेबल, सुरक्षित और किफायती ट्रैवल विकल्प। इस सेवा की भारत में बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए हम जिन भी जगहों पर ऑपरेट कर रहे हैं, वहां क्वालिटी और सुरक्षा के साथ ग्राहकों को शानदार अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एसबीआई लाइफ ने अयोध्या में किया शाखा का उद्घाटन



**अयोध्या।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस देश की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक ने उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय शहर, अयोध्या में अपनी शाखा के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है नई शाखा का पता है दूसरी मंजिल, 362 मौजा, ग्राम-रानोपाली, कॉलोनी-साकेतपुरी, द-सदर, जिला-अयोध्या, पिन कोड-224001, और यह एसबीआई लाइफ की देश के कोने-कोने में जीवन बीमा समाधानों को हर किसी के लिए सुलभ बनाने की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस शाखा का उद्घाटन, श्री अमित झिंगरन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के साथ-साथ जी. दुर्गादास अध्यक्ष जोन-ण्ण्, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और राहुल राही, क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ क्षेत्र, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में हुआ। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, अमित झिंगरन ने उद्घाटन के अवसर पर कहा अयोध्या में हम अपनी पहली शाखा का उद्घाटन कर रहे हैं और यह इस प्रतिष्ठित शहर के स्थानीय लोगों के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने की हमारी प्रतिज्ञा की पृष्ठभूमि बन गया है। हम न केवल भौतिक इकाई स्थापित कर रहे हैं, बल्कि अपने विभिन्न किस्म के बीमा समाधानों के जरिये शहर के लोगों को उनके प्रियजनों की जरूरतों और आकांक्षाओं को सुरक्षित कर अपने सपनों को हासिल करने के लिए आजाद करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि भी कर रहे हैं।

## दाल एवं अनाज मशीनरी की तीन दिवसीय एक्जीबिशन का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** ऑल इण्डिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वाधान में दाल एवं अनाज की नई-नई टेक्नालॉजी की आधुनिक मशीनरी की 3 दिवसीय एक्जीबिशन का शुभारंभ केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते और म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री कृष्णमुरारी मोघे के करकमलों से स्वामीनारायण मंदिर परिसर- नेमावर रोड़ चौराहा के पास, बायपास रोड़ (आगरा-बॉम्बे हाई-वे), मुंडला नायता, इंदौर (म.प्र)पर सम्पन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए ऑल इण्डिया दाल मिल एसोसिएशन के प्रबंध संचालक एवं अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी श्री सुभाष गुप्ता, श्री अनिल सुरेका, श्री मुन्नालाल बंसल, श्री दिनेश अग्रवाल और श्री विजय लाहोटी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दाल एवं अनाज की नई-नई टेक्नालॉजी की आधुनिक मशीनरी की 3 दिवसीय प्रदर्शनी इन्दौर में रखी गई है, जिसका शुभारंभ केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते और म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल के पूर्व अध्यक्ष कृष्णमुरारी मोघे के करकमलों से सम्पन्न हुआ । प्रारंभ में मुख्य अतिथि केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्रीफग्गनसिंह कुलस्ते और कृष्णमुरारी मोघे कास्वागत संस्था के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, मुन्नालाल बंसल, सुभाष गुप्ता एवं श्री अनिल गुप्ता ने पुष्पगुच्छ से किया। अतिथियों के स्वागत के उपरांत संस्था अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण मे माननीय मुख्यअतिथि श्री कुलस्तेजी से वर्तमान मे दाल उद्योगो की समस्याओ के निराकरण के लिए सरकार से पहल करने का अनुरोध किया । आपने बताया कि देश की केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों की सरकारे परंपरागत उद्योगो की ओर ध्यान ना देकर विभिन्न कॉर्पोरेट और मल्टी-नैशनल कंपनियों को विभिन्न सुविधाएं देकर उन्हे बढ़ावा दे रही है, जिससे देश के परंपरागत उद्योगों की उपेक्षा हो रही है, सरकार की नीतियों के कारण कई पुराने कृषि आधारित उद्योग धीरे-धीरे बंद होने की कगार पर है । सरकार को नए-नए उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ पुराने उद्योगों का भी ध्यान रखना चाहिए। साथ ही आपने माननीय कुलस्तेजी को अवगत कराया कि पूर्व मे मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के बाहर से दाल बनाने के लिए मंगाए जाने वाले दलहन - तुअर, उड़द, मूंग, मसूर, चना, मटर आदि पर मंडी शुल्क से छूट दी जाती थी, पिछले लगभग 04 वर्षों से यह छूट नहीं मिलने के कारण मध्यप्रदेश का कृषि आधारित दाल उद्योग पड़ोसी राज्यों गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ आदि के दाल उद्योगों से प्रतिस्पर्धा मे पिछड़ गया है, साथ ही दाल मिल कारखानों मे दालों का उत्पादन निरंतर गिरता जा रहा है और दो-दो शिफ्ट मे चलने वाले कारखाने मुश्किल से एक शिफ्ट मे ही चल पा रहे है।




## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आत्मनिर्भर भारत पहल के लिये प्रतिबद्धता की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में उन्नत हरित प्रौद्योगिकी उत्पाद श्रृंखला की अपनी आकर्षक रेंज और इसके स्थानीयकरण पहल को प्रदर्शित किया है। मंडप में प्रदर्शन इसके थीम पर केंद्रित है जो ग्रो इंडिया - ग्रो विद इंडिया (भारत को बढ़ाएं - भारत के साथ बढ़ें) है। एक उज्जवल और स्थायी भविष्य के लिए यह कई सारे रास्ते अपनाने के नजरिये मल्टीपल पाथवे दृष्टिकोण) से आत्मनिर्भर भारत, ऊर्जा सुरक्षा और कार्बन तटस्थता की प्रमुख राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

भारत में परिचालन के अपने गौरवशाली 25 वर्षों के दौरान टोयोटा ने खुद को विनिर्माण में स्थिरता और नवाचार के आधार के रूप में स्थापित किया है। 2.3 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं की गतिशीलता आवश्यकताओं को पूरा किया है और इस तरह भारतीय बाजार के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के पैवेलियन में विद्युतीकृत वाहन प्रौद्योगिकियों की पूरी श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। इनमें बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन, मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन, फुएल सेल व्हेकिल फ्लेक्स फुएल व्हेकिल स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हेकिलस तो हैं ही सभी में सीएनजी, आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहनों के अलावा सामान्य पावरट्रेन पार्ट्स हैं। रोमांचक प्रदर्शन निम्नलिखित हैं।

इनोवा हाईक्रॉस- मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कट बॉडी, जो सामान्य इलेक्ट्रिक पावरट्रेन भागों और भारत में इन्हें बनाने के लिए टीकेएम द्वारा किए गए प्रयासों को प्रदर्शित करती है। यह अत्याधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल गतिशीलता समाधानों के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है ।

मिराई- फुएल सेल इलेक्ट्रिक व्हेकिल जो हाइड्रोजन पर चलता है, पर्यावरण के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, ऊर्जा स्रोत के रूप में हाइड्रोजन का उपयोग करता है और अगली पीढ़ी, पर्यावरण के प्रति जागरूक वाहनों के लिए मानक स्थापित करता है, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित दुनिया का वादा करता है।

हाईक्रॉस इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फुएल व्हेकिल दुनिया का पहला बीएस 6 (स्टेज II) इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फुएल व्हेकिल का प्रोटोटाइप है। यह तकनीक विद्युतीकृत पावरट्रेन की सर्वोत्तम ईंधन दक्षता और फ्लेक्स फुएल इंजन के माध्यम से इथेनॉल द्वारा गैसोलीन के उच्च प्रतिस्थापन को एक करती है, जिससे किसी भी तकनीक के लिए वेल टू व्हील आधार पर सबसे कम कार्बन उत्सर्जन होता है। यह जीवाश्म ईंधन की खपत से दूर एक तीव्र, सुचारू ऊर्जा परिवर्तन प्रदान करने और सरल हरित ईंधन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की क्षमता का वादा करता है।

## रीजेंसी हेल्थकेयर ने गुर्दे के ट्यूमर को सर्जरी के जरिये हटाने में कीर्तिमान स्थापित किया




**हमीरपुर।** मेडिकल एक्सपर्टीज का शानदार परिचय देते हुए रीजेंसी हेल्थकेयर ने तीन घंटे से ज्यादा समय तक चली एक जटिल सर्जिकल प्रक्रिया में 25 वर्षीय मरीज के गुर्दे से 6 किलो के दुर्लभ ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालकर कीर्तिमान रच दिया। मरीज को चार दिन की पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल के बाद छुट्टी दे दी गई। नर्सिंग और सपोर्ट टीमों सहित अस्पताल के कर्मचारियों ने उनके ठीक होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीज शुरू में पेट दर्द और सूजन की शिकायत के साथ रीजेंसी हॉस्पिटल के ओपीडी में आया था। इसके बाद जांच करने पर चला कि उसके बाएं मूत्रवाहिनी में पथरी है और दाएं गुर्दे में बड़ा ट्यूमर है। मरीज की जांच रीजेंसी रीनल साइंसेज सेंटर में डॉ. पीयूष त्रिपाठी ,यूरोलॉजिस्ट कंसल्टेंट द्वारा किया गया । डॉ. पीयूष त्रिपाठी और डॉ. संजीव मेहरोत्रा ,सीनियर कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट की सर्जिकल टीम ने सामान्य एनेस्थीसिया के तहत सर्जरी प्रक्रिया पूरी की। ट्यूमर के आकार और उसके गुर्दे में होने और लीवर, आंतों और अन्य अंगों को दबाने के बावजूद सर्जिकल टीम ने बिना किसी समस्या के ट्यूमर को पूरी तरह से हटा दिया। ऐसे आकार के ट्यूमर की दुर्लभता और उन्हें पूरी तरह से निकालने से जुड़ी चुनौतियों को देखते हुए इसे सफलतापूर्वक अंजाम देना काफी सराहनीय है। इसके बारे में बताते हुए डॉ. पीयूष त्रिपाठी ने कहा, ÷ 6 किलो के गुर्दे वाले ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालना रीजेंसी हेल्थकेयर की पूरी मेडिकल टीम की काबिलियत और समर्पण का एक प्रमाण है। हम मरीज (सूरज 8 के ठीक होने से खुश हैं, और उनका केस विशेष रूप से जटिल मामलों में असाधारण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

## प्रीमियम ग्राहकों के लिए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की नई पेशकश

**मुंबई।** अग्रणी लघु वित्त बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन स्ध्नक्क) ने प्रीमियम ग्राहक वर्ग के लाभार्थ मैक्सिमा बचत खाता और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता आरंभ करने की घोषणा की है। इन नई पेशकशों के माध्यम से उज्जीवन ने विभिन्न प्रकार की सेवाएँ और लाभ प्रदान करके अपने नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को शानदार और और बेहतर बनाने का लक्ष्य बनाया है। इन उत्पादों को ग्राहकों को उनकी अलग-अलग वित्तीय और बैंकिंग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न लाभ, बेहतर सुविधाएँ और एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

मैक्सिमा बचत खाते पर वार्षिक ब्याज दर 7.5% तक है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है, और ग्राहक 1 लाख रुपये के साथ खाता खोल सकते हैं। ग्राहकों को मैक्सिमा बचत खाते की शेष राशि पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए सावधि जमा में 15 लाख रुपये या उससे अधिक राशि बनाए रखने की सुविधा भी दी गई है, एक ऐसा विकल्प, जो दूसरे मानक बचत खातों में नहीं मिलता। मैक्सिमा बचत खाते द्वारा दी जाने वाली अन्य रोमांचक सेवाओं में शामिल हैं उच्च लेनदेन सीमा, मुफ़्त चेक और डीडी जारी करना, सभी चैनलों पर मुफ़्त लेनदेन और किसी भी शाखा में असीमित नक़द जमा और निकासी। मैक्सिमा बचत खाते के साथ उपयुक्त ग्राहकों को एक मानार्थ हेल्थ प्राइम बेनेफिट (स्वास्थ्य प्रधान लाभ) प्रदान करने की भी सुविधा दी गई है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ इत्तिरा डेविस ने कहा, हम अपने मैक्सिमा सेविंग्स अकाउंट और बिजनेस मैक्सिमा करंट अकाउंट को पेश करते हुए खुशी का अनुभव कर रहे हैं, जिन्हें नए और मौजूदा दोनों तरह के मंझोले और बड़े व्यावसायिक संस्थाओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। सच तो यह है कि यहाँ उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में, हम असाधारण बैंकिंग अनुभव प्रदान करने में विश्वास करते हैं जो हमारे समझदार ग्राहकों की अनूठी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करता है। अपनी नवीनतम पेशकशों के साथ, हम प्रीमियम लाभ, वैयक्तिकृत सेवाओं और विशेष सौदों का एक सेट प्रदान करके बैंकिंग उत्कृष्टता के मानक को ऊपर उठाने का प्रयास कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि हमारे समाधान हमारे प्रीमियम ग्राहकों के लिए अत्यंत मूल्यवान साबित होंगे, और हम उनके साथ मज़बूत साझेदारी बनाने और उनकी वित्तीय सफलता का पोषण करने के लिए हर तरह से तैयार हैं।

बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता व्यवसायों और उद्यमियों को उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई सेवाओं के वास्ते एक व्यापक आधार प्रदान करता है। इसमें सुविधाजनक ऑनलाइन बैंकिंग, तत्काल फंड ट्रांसफर और नक़द प्रबंधन विकल्प शामिल हैं।

# एडवांटेक व्हील्स ने ऑटोमैकैनिका शो 2024 में भारत में निर्मित प्रीमियम फ्लो-फोर्ज्ड अलॉय व्हील्स का प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली।** कई सालों के गहन शोध एवं विकास, सटीकता सेकी गई इंजीनियरिंग और बेहतरीन डिजाइनें बनाने में परफेक्ट होने के बाद एडवांटेक व्हील्स अब अलॉय व्हील्स के आफ्टरमार्केट में बड़ा बदलाव लाने के लिये तैयार है। गौरतलब है कि एडवांटेक व्हील्स भारत के पहले और एकमात्र प्रीमियम, लेकिन किफायती अलॉय व्हील्स मैन्यूफैक्चरर्स हैं। एडवांटेक व्हील्स ग्राहकों के मुताबिक उत्पादों में नवाचार करता है और बिक्री पहलें लेकर आता है इससे ग्राहक को खुश करने और कार की सुरक्षा में नये मापदंड तय करने में मदद मिलेगी। इसके लिये नई खोज के और एआई से चलने वाले एक मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कर डिजाइनर विकल्प और बेहतर फिटमेंट मिलेगा। प्रगति मैदान में 1 से 3 फरवरी, 2024 को आयोजित ऑटोमैकैनिका 2024 में कोहिनूर, स्पाइडर और ब्लैक विडो जैसे प्रीमियम उत्पाद दिखाये जा रहे हैं। उत्पादों की यह नई रेंज भारत में निर्मित की गई है। मार्केटिंग एवं सेल्स के लिये महत्वपूर्ण रणनीतियों केबारे में एडवांटेक व्हील्स प्रा. लि. के को-फाउंडर श्री जसनीत सिंह ने कहा 50 प्रतिशत से ज्यादा आफ्टरमार्केट डिमांड को आयात से पूरा किया जा रहा है और ग्राहकों के पाससीमित विकल्प हैं। उद्योग की इस असमानता को दूर करने के लिये हम अपने वेबसाइट के माध्यम से प्रीमियम फ्लो-फोर्ज्ड अलॉय व्हील्स की रेंज ऑनलाइन पेश करेंगे। इसके लिये पूरे भारत में बी2बी वितरण का नेटवर्क भी होगा। इसमें हमारा अत्याधुनिक और यूजर के अनुकूल मोबाइल ऐप ऑगमेंटेड रियलिटी का इस्तेमाल करता है, ताकि खरीदार को कम मेहनत करनी पड़े। इसके द्वारा वह देख सकते हैं कि उन के वाहनों पर अलॉय व्हील फिटमेंट्स आखिरकार असल में कैसे दिखेंगे। इस तरह अपने स्मार्टफोन कैमरा को अपने वाहन के टायर के सामने रखकर वे अलॉय व्हील के डिजाइनों और फिनिश कीहमारी बड़ी रेंज में से अपनी जरूरतों के मुताबिक उत्पाद चुन सकते हैं।'' तरह-तरह के उत्पादों के बारे में समझाते हुए श्री सिंह ने कहा जम्मू में हमारी हाई-टेक और पूरी तरह से ऑटोमेटेड फैक्ट्री ने मानक को बढ़ाया है। कैलेंडर वर्ष 2024 के मध्य से बाजार में उपलब्ध हमारे अलॉय व्हील्स पूरी तरह से इन-हाउस इंजीनियर किये जाएंगे।

## पेटीएम ऐप काम कर रहा है, 29 फरवरी के बाद भी काम करता रहेगा

**नई दिल्ली।** पेटीएम के एसोसिएट बैंक को हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक से निर्देश प्राप्त हुए हैं जिनकी प्रतिक्रिया में पेटीएम के संस्थापक एवं सीईओ विजय शेखर शर्मा ने पेटीएम प्रयोक्ताओं को आश्वासन दिया है कि पेटीएम ऐप 29 फरवरी के बाद भी काम करता रहेगा। अपने ट्वीट में विजय शेखर शर्मा ने कहा है, ''पेटीएम के प्रत्येक प्रयोक्ता को, आपका पसंदीदा ऐप काम कर रहा है, 29 फरवरी के बाद भी इसी तरह काम करता रहेगा। मैं, प्रत्येक पेटीएम टीम सदस्य के साथ, आपके निरंतर सहयोग के लिए आपको सलाम करता हूं।''उन्होंने अपने ट्वीट में यह भी कहा, ''हर एक चुनौती का एक समाधान होता है और हम पूर्ण अनुपालन के साथ अपने राष्ट्र की सेवा हेतु गंभीरता से प्रतिबद्ध हैं। भुगतान नवाचार और वित्तीय सेवाओं के समावेशन में भारत वैश्विक पुरस्कार जीतता रहेगा - और 'पेटीएम करो' इस क्षेत्र का सबसे बड़ा चैम्पियन है।''

# अगले साल विकास दर सात फीसदी रहेगी, फिजूलखर्ची कम करने पर जोर



**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा कि सरकार ने कुल खर्च को काबू में रखने के लिए विवेकपूर्ण कदम उठाए हैं। गुरुवार को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश किया। जिसके बाद देशभर के लोगों ने इसपर प्रतिक्रिया दी हैं। इसी बीच, आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने शुक्रवार को कहा कि बजट प्रस्ताव गैर मुद्रास्फीतिकारी है। यह 2024-25 में लगातार चौथे वर्ष सात प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल करने में सहायक होगी।

2020-21 में 5.8 प्रतिशत की गिरावट के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अगले साल 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की थी। वहीं 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष में मामूली बढ़कर 7.3 प्रतिशत होने का अनुमान है। अंतरिम बजट 2024-25 में चालू वित्त वर्ष के 11 प्रतिशत के मुकाबले जीडीपी वृद्धि 10.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। अजय सेठ ने कहा कि हमने जो अनुमान लगाया है, वह 10.5 फीसदी है और हमें लगता है कि यह अगले साल के लिए सामान्य विकास दर का सही अनुमान है।

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा कि सरकार ने कुल खर्च को काबू में रखने के लिए विवेकपूर्ण कदम उठाए हैं। राजकोषीय घाटे के मुद्दे पर उन्होंने कहा अजय सेठ ने कहा कि यह इस वित्तीय वर्ष की शुरुआत में अनुमानित 5.9 से 10 आधार अंक कम है। कर उछाल और व्यय का सही अनुमान जीडीपी के 5.1 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के सही लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा।

## नकलची नारंगी नमक के खिलाफ टाटा नमक की मुहिम

भारत के नमक उद्योग में 40 साल से अग्रणी टाटा नमक नकलची नमक उत्पादों के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज़ करने के लिए चला रहा है हर नारंगी पैक टाटा नमक नहीं होता अभियान। उत्तर प्रदेश का नमक बाज़ार काफी असंगठित है और टाटा जैसे समान नाम और रंग वाले सस्ते नकलची ब्रांड बहुतायत में हैं। ऐसे में यह अभियान सर्वोत्तम गुणवत्ता ही नहीं अपितु उपभोक्ताओं के हित की रक्षा के लिए टाटा नमक की दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाता है। टाटा नमक का नारा हर नारंगी पैक टाटा नमक नहीं होता जागरूकता फैला रहा है कि टाटा नमक जैसे दिखने वाले नकलची नारंगी नमक के पैक से सतर्क रहें। वरन एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में सही मात्रा में आयोडीन युक्त टाटा नमक भारत के पोषण लक्ष्यों में अपना योगदान करता रहा है टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स की प्रेसिडेंट पैकेज्ड फूड्स-इंडिया सुश्री दीपिका भान ने पुष्टि की हाल ही में प्रयोगशाला परीक्षण में यह साबित हुआ कि टाटा नमक में देश भर के 100 नमकों की तुलना में है सबसे ज्यादा शुद्धता। उत्तर प्रदेश के उपभोक्ता टाटा साल्ट को पसंद करते हैं लेकिन समान नाम वाले और समान दिखने वाले नकली ब्रांड उन्हें अक्सर भ्रमित करते हैं। उपभोक्ताओं और उनके परिवार के स्वास्थ्य और भलाई के लिए यह एक खतरा है। हर नारंगी पैक टाटा नमक नहीं होता के साथ हम उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाना चाहते हैं कि हमारी प्रतिज्ञा मात्र शब्द नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के हर घर हर परिवार की भलाई के प्रति प्रतिबद्धता है। इस अभियान में हमारा लक्ष्य है उपभोक्ताओं को जागरूक करना और उन्हें नकली उत्पादों और असली टाटा नमक के बीच अंतर की जानकारी देकर सशक्त बनाना। समाज को सशक्त बनाने वाले शैक्षिक कार्यक्रमों से टाटा नमक जुड़ा रहा है टाटा नमक समय-समय पर उत्तर प्रदेश पुलिस को टाटा नमक जैसे नाम व रंग वाले नमक को बनाने और बेचने वाले लोगों पर रेड जैसी क़ानूनी कार्यवाही करने में सहयोग करता है जो नकलची उत्पादों से निपटने के लिए टाटा नमक के समर्पण को रेखांकित करता है। टाटा नमक उपभोक्ताओं और दुकानदारों से अपने इस अभियान में नकली नमक के खिलाफ हर नारंगी पैक टाटा नमक नहीं होता संदेश का समर्थन करने और एक खुशहाल उत्तर प्रदेश के लिए टाटा नमक को चुनने के लिए आगे आने का आवाहन कर रहा है।

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने ने म्युज़िक लाइसेंसिंग ऑथॉरिटी की पुष्टि की, पीपीएल ने कानूनी लड़ाई में ऐतिहासिक जीत हासिल की

**ग़ाज़ियाबाद।** एक उल्लेखनीय फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉपीराइट सोसाइटी के रूप में पंजीकरण की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए म्युज़िक लाइसेंसिंग के दिग्गजों फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल) और नोवेक्स कम्युनिकेशन्सल प्रा. लिमिटेड (नोवेक्स) के द्वारा कॉपीराइट मालिकों के रूप में लाइसेंस जारी करने के अधिकारों को स्पष्ट रूप से बरक़रार रखा है। 24 जनवरी 2024 को सुनाया गया यह ऐतिहासिक फैसला साइउण्ड रिकॉर्डिंग लाइसेंस के लिए मालिक के अधिकारों के दायरे पर लम्बे समय से चल रही बहस को हल करता है। इस कानूनी लड़ाई में पीपीएल की जीत, न सिर्फ हमारी बल्कि पूरे संगीत उद्योग की जीत हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला कॉपीराइट मालिकों एवं एक्सक्लुज़िव लाइसेंसियों के अधिकारों पर ज़ोर देते हुए पीपीएल को उल्लंघन से सुरक्षा के टूल्स प्रदान करता है जो असली म्युज़िक लेबल्स पर मेहनत से कमाए गए निवेश को कमज़ोर बनाते हैं। यह जीत संगीत उद्योग को संचालित करने वाले रचनात्मक प्रयासों के सम्मान और संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है, साथ ही ऐसे भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देती है जहां कॉपीराईट्स में निवेशकों, कलाकारों और उनकी रचनाओं को महत्व दिया जाएगा और सुरक्षित रखा जाएगा।'' जी.बी. अय्यर, एमडी एवं सीईओ, पीपीएल ने कहा। 1941 में स्थापित पीपीएल ने 200 से अधिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ़ कई मामलों में जीत हासिल की है, जिनमें जाने-माने नाम जैसे सोशल, फर्ज़ी कैफ़े तथा ओलिव बार एण्ड किचन शामिल हैं। कोर्ट के आदेश कॉपीराइट के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव लाकर म्युज़िक उद्योग पर दूरगामी प्रभाव उत्पन्न करेंगे। कोर्ट के फैसले में पीपीएल के लिए मालिक एवं एक्सक्लुज़िव लाइसेंसी के दर्जे की पुष्टि की गई है, जिसके पास धारा 30 के तहत लाइसेंस देने, असाइनमेन्ट डीड्स और एक्सक्लुज़िव लाइसेंस एग्रीमेन्ट्स को मान्य करने का अधिकार है। यह फैसला धारा 33(1) की व्याख्या मालिक के अधिकारों पर प्रतिबंध के रूप में नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा और सुविधा के साधनों के रूप में करता है।

## सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग 2024 की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर होने वाली है




**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म, जियो सिनेमा ने सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के अंतर्गत आयोजित हो रही सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग सीज़न 10 की लाइव-स्ट्रीमिंग केवल जियो सिनेमा पर की जाएगी। सीसीएल स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट को मिलाने वाली एक बेहतरीन स्पोर्टेनमेंट इवेंट है, जो भारत में अपनी तरह का एकमात्र आईपी है। इस लीग में चार वीकेंड्स तक 20 मनोरंजक मैचों का प्रसारण किया जाएगा, जिसमें क्रिकेट फ़ैंस के अलावा बड़ी संख्या में अन्य दर्शक भी आकर्षित होंगे। इस रोमांचक टूर्नामेंट की लाइव स्ट्रीमिंग 23 फरवरी 2024 से केवल जियो सिनेमा पर की जाएगी।

सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग का लॉन्च 2011 में किया गया था, जिसके बाद यह भारत में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला खेल और मनोरंजन कार्यक्रम बन गया। टीवी और डिजिटल की संयुक्त पहुँच के साथ, सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग का पिछला सीज़न देश में 250 मिलियन से ज्यादा दर्शकों द्वारा देखा गया।

## दिरियाह ई-प्री में निसान फॉर्मूला ई टीम ने पोल और पोडियम पोजिशन हासिल की

**नई दिल्ली/सऊदी अरब।** निसान फॉर्मूला ई टीम ने एबीबी एफआईए फॉर्मूला ई वर्ल्ड चैंपियनशिप के 10वें सीजन की शानदार शुरुआत की है। टीम ने दिरियाह में राउंड 3 में 26 पॉइंट्स का स्कोर किया है। शुक्रवार को टीम को निराशाजनक प्रदर्शन का सामना करना पड़ा था, जब ओलिवर रॉलैंड 13वें पायदान पर रहे और साशा फेनेस्ट्राज को डैमेज के चलते रिटायर होना पड़ा। हालांकि उसके बाद टीम ने डबलहेडर के सेकेंड इवेंट में बेहतरीन तरीके से वापसी की। फ्रैंको-अर्जेंटाइन फेनेस्ट्राज क्वालिफाइंग ग्रुप ए में शीर्ष पर रहे। ग्रुप बी में फास्टेस्ट टाइम सेट करते हुए रॉलैंड ने उनका पूरा साथ दिया। फेनेस्ट्राज को क्वार्टर फाइनल में नॉक आउट होना पड़ा था, लेकिन ब्रिटिश रेसर रॉलैंड ने सभी तीन डुएल्स में जीत हासिल की और हर स्टेज पर फास्टेस्ट टाइम सेट करते हुए जुलियस बेयर पोल पोजिशन के लिए तीन पॉइंट्स हासिल किए।

दिरियाह की लाइट्स के बीच 36-लैप रेस के दौरान अटैक मोड फेज में तीसरे स्थान पर खिसकने से पहले रॉलैंड ने एक स्पॉट ऑफ गंवा दिया था। इसके बावजूद उन्होंने अपनी गति बनाए रखी और बाद के स्टेज में दूसरे स्थान की दावेदारी पेश की। हालांकि रेस के अंत में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अपने प्रदर्शन के दम पर टीम में वापसी के बाद दूसरी वीकेंड रेस में ही वह पोडियम पोजिशन पर आने में सफल रहे। इस बीच, फेनेस्ट्राज ने मजबूती दिखाई और साथ वालों को चुनौती देते हुए फाइनल लैप्स में लीड पैक में जगह बनाई। इसी के साथ उन्होंने सीजन में अपने शुरुआती पॉइंट्स हासिल किए।



## ग्राहकों का इंतजार होगा ख़त्म आइकू नियो 9 प्रो की प्री-बुकिंग 8 फरवरी से होगी शुरू



**नई दिल्ली।** हाई-परफॉरमेंस स्मार्टफोन ब्रांड आइकू ने बहुप्रतीक्षित आइकू नियो 9 प्रो के लिए प्री-बुकिंग की शुरुआत की घोषणा की है। 22 फरवरी 2024 को इसके आधिकारिक लॉन्च से पहले, डिवाइस की प्री-बुकिंग का एक्सक्लूसिव ऑफर 8 फरवरी 2024, दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। फ़्लैगशिप स्तर के प्रदर्शन और शानदार क्राफ्टमैनशिप के साथ, यह स्मार्टफोन अपने सेगमेंट में एक नया मानदंड स्थापित करता है।ये लाभ लेने के लिए उपभोक्ता अमेज़न.द्बठ्ठ और आइकू.ष्श्रद्व पर आइकू नियो 9 प्रो को प्री-बुक कर सकते हैं- आइकू नियो 9 प्रो के ऑर्डर पर अतिरिक्त 1000 रुपये की छूट, 2 साल की वारंटी (12 महीने की एक्सटेंडेड वारंटी सहित) लॉन्च के दिन एक्सक्लूसिव ऑफर, जिसकी घोषणा 22 फरवरी को की जाएगी, लाभ प्राप्त करने के लिए कदम- प्री-बुकिंग 8 फरवरी 2024 को दोपहर 12 बजे से अमेज़न.इन और आइकू.कॉम पर शुरू होगी, प्री-बुकिंग स्टॉक लिमिटेड है और केवल पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगा, आप 1000 रुपये की रिफंडेबल राशि का भुगतान कर सकते हैं जिसे डिवाइस के आपके अंतिम भुगतान में एडजस्ट किया जाएगा। आइकू नियो 9 प्रो बिना किसी रुकावट के सीमलेस परफॉरमेंस और गेमिंग अनुभव प्रदान करने के लिए क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 मोबाइल प्लेटफॉर्म पर चलता है। 1.7 मिलियन+ से अधिक के,ठ्ठह्लह्व बेंचमार्क स्कोर वाला यह स्मार्टफोन दो वैरिएंट 8+256जीबी और 12+256जीबी में उपलब्ध होगा। गेमिंग के शौकीन आइकू के सुपरकंप्यूटिंग चिप क्यू1 के साथ एक शानदार गेमिंग अनुभव का आनंद ले सकते हैं, जो 144एफपीएस गेमिंग और 900 पिक्सल तक के सुपर रिज़ॉल्यूशन प्रदान करता है, जिससे एक स्मूथ और इमर्सिव गेमिंग सेशन का आनंद ले सकते हैं।

# शुद्ध पेयजल के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते बीडीओ रामकोला

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश व रामकोला ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां राजस्व चयनित गांवों के लोगों को शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक किया।

रामकोला विकास खंड के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में जल जागरूकता की समस्त टीमों की गाड़ियों को बीडीओ विजय सिंह, एडीओ मनोरंजन लाल, राजधारी प्रसाद, सचिव अभिषेक सिंह, मिर्जा राशिद, आशुतोष सिंह, सोमनाथ सिंह व जियाउल रहमान ने एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। वही इस मौके पर डीपीसी अंकुश सिंह, एडीपीसी मानवेंद्र सिंह, सहायक विक्की सिंह, विवेक सिंह, मनोज, चंद्रकेश, कमलेश, हरिओम, विक्की सिंह, रजत सिंह, शिवम, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में 72 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार, खिले चेहरे

**अवधनामा संवाददाता**

**हाटा, कुशीनगर।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला शुक्रवार को विकास खंड मोतीचक के झांगा बाजार स्थित शाक्य इण्टर प्राईजेज के परिसर में आयोजित किया गया। इस मौके पर 72 अभ्यर्थियों को रोजगार मिला। प्रमाण पत्र पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे के लिए उठे।

रोजगार मेले के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मोतीचक अर्चना सिंह द्वारा रोजगार मेला का शुभारम्भ किया गया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला को रोजगार आपके द्वार व युवाओं के लिए अत्यन्त ही लाभप्रद बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा रोजगार मेला में चयनित अभ्यर्थियों



चयनित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र देती प्रमुख मोतीचक अर्चना सिंह

को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किए तथा चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर अपने आकांक्षाओं को एक नई पंख दिए। रोजगार मेला में कुल 04 नियोक्ता कम्पनी क्रमशः टाटा मोटर, ई-कार्ट, डिसेट, पालिमेड ने प्रतिभाग किया है। उक्त रोजगार मेला में 248 अभ्यर्थियों ने विभिन्न नियोक्ता कंपनियों में साक्षात्कार दिए है। साक्षात्कार के माध्यम से कुल 72 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया है, जिन्हे ? 10000 से ? 21000 तक सैलरी प्राप्त होगा। उक्त रोजगार मेला में जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन दीपक कुमार यादव, नथुनी प्रसाद प्रजापति, प्रधानाचार्य राजकीय आई.टी.आई. नौरंगिया (मेला प्रभारी), पारस नाथ वर्मा वरिष्ठ कार्यदेशक, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह जिला कौशल प्रबन्धक, अभय श्रीवास्तव ब्लाक मिशन मैनेजर शेष मणि सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, अखिलेश गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश दास गुप्ता, सुरजीत, वीरेंद्र, विनय मिश्रा, सुनैना, निक्की, राधिका, नीतू सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पिकप की ठोकर से बाइक सवार दो घायल, एक गंभीर



**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर शुक्रवार अपरान्ह लगभग दो बजे पिकप की ठोकर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी ले जाया गया जहां दोनों की स्थति गंभीर देख डाक्टरों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी इरफान पुत्र स्व. हासिम खान उम्र 20 व अबूजर पुत्र हसमुद्दीन उम्र 19 वर्ष मथौली किसी काम से आए थे घर जाते समय में में चौराहे पर हाटा की तरफ जा रही एक पिकप ने ठोकर मार दिया। मौके पर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों के मदद से सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र मथौली ले जाया गया जहां दोनों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। उधर मौके देख पिकप सवार भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस छतिग्रस्त बाइक को चौकी ले आई। बताया जा रहा है कि मेडिकल कालेज में इरफान की हालत गंभीर है। उल्लेखनीय है कि इसी परिवार के दो माह पूर्व हरपुर बरवा में भीषण एक्सिडेंट में दो लोगों की जान चली गई थी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## विश्व आद्र दिवस व नैचर एंड बर्ड फेस्टिवल कार्यक्रम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विश्व आद्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल के अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी सचिव जिला गंगा समिति रणवीर मिश्र की उपस्थिति में विकास खण्ड-क्षेत्र गौरीगंज के ग्राम हरखपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को चदवां ताल आद्र भूमि का भ्रमण कराते हुए गोष्ठी व्याख्यान शपथ ग्रहण रैली व रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी लोगो में विभिन्न प्रकार के पक्षी व जैव विविधता को देखा व विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा पक्षी आद्रंभूमि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया जिसमे प्रभागीय वनाधिकारी के साथ साथ क्षेत्राधिकारी गौरीगंज वैन प्रभाग जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति अमेठी व विद्यालय के प्रधानाचार्य व अन्य सभी शिक्षकगण व संबंधित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सालाना उर्स में उमड़ी जायरीनों की भीड़



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर के चाणक्यपुरी मोहल्ले में शुक्रवार को सैयद यासीन शाह बाबा का सालाना उर्स मुबारक परम्परागत तरीके से आयोजित किया गया। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीनो की भीड़ जमा हुई। उर्स का कार्यक्रम निर्धारित समय पर प्रारंभ हुआ। जिसमें नात चादर गागर लंगर और कव्वाली का प्रोग्राम हुआ। खादिम मो याकूब की अगुवाई में हुए कार्यक्रम में दूरदराज के जायरीन शामिल हुये। उर्स के कार्यक्रम में आपसी सौहार्द और भाई चारा दिखाई पड़ा। विभिन्न प्रकार की सजी दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। बच्चों के मनोरंजन के लिए बगल में झूला भी लगाया गया था।

## तीन अभियुक्त व दो बाल अपचारी गिरफ्तार

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा चोरी के सामान के साथ 03 अभियुक्त व 02 बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दि0-02.02.2024 को थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर कडसरवा बुजुर्ग बहरा टोला से अभियुक्तगण संदीप प्रसाद पुत्र महात्म प्रसाद उम्र करीब 20 वर्ष नुरनवी पुत्र करामत अंसारी उम्र करीब 20 वर्ष व राहुल कुमार सिंह पुत्र दीनानाथ सिंह उम्र करीब 24 वर्ष साकिनान कडसरवा बुजुर्ग थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया तथा 02 बाल अपचारी को चोरी का सामान 01 अदद स्कीन टच येन्ड्रायड मोबाईल , 09 अदद की पैड मोबाईल, 04 अदद नेक वैण्ड, 01अदद स्मार्ट वाच, 01 अदद कम्पयूटर सीपीयू, दो अदद बडा टार्च, 01 अदद छोटा टार्च बरामद किया गया। चोरी के सामान के सम्बन्ध में पूछने पर सभी एक स्वर में बताये कि साहब ये हम लोगो के पास जो सामान है वह चोरी का है। हम सभी लोगो ने मिलकर उपेन्द्र कुशवाहा की पडरी बाजार में मोबाईल की दुकान का ताला तोडकर 3जनवरी की रात में सामानो की चोरी किये थे आज हम सभी लोग चोरी किये सामान का बटवारा कर राज्य बिहार जा रहे थे। पुलिस टीम द्वारा बरामद चोरी की सामानों को कब्जे में लेते हुए 03 अभियुक्तों तथा 02 बाल अपचारी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## किसके सह पर चल रहे है अवैध हॉस्पिटल अल्ट्रासाउंड सेंटर व जांच केंद्र

**अवधनामा संवाददाता**

**भाटपार रानी, देवरिया।** एक तरफ जहा सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार नई योजनाएँ ला रहे है और सरकारी अस्पतालों को हर सुविधा से लैश कर रहे है वही उनके ही मातहत उनको महत्वाकांक्षी योजनाओं को घरातल पर ठेंगा दिखा रहे है सूबे के स्वास्थ्य मंत्री व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा अवैध अस्पतालों के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान को जमीनी स्तर पर हकीकत शून्य है स्थानीय नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्र मे अवैध अस्पताल, अल्ट्रा साउंड केंद्र व जांच केंद्र धड़ल्ले से संचालित हो रहे है लेकिन इस पर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं देते है जिस की वजह से आये दिन मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बिना मेडिकल की डिग्री के जाँचकेंद्र से लेकर अल्ट्रा साउंड केंद्र चल रहे है। जब कि लीगल पर्सन ही जांचो की रिपोर्ट दे सकता है लेकिन जब कोई मरीज के साथ कोई घटना हो जाती है तब खानापूर्ति के लिए जिम्मेदार एक्टिव होते है फिर कुछ दिन बाद पहले जैसी व्यवस्था चालू हो जाति है। आखिर कब तक मरीजों के साथ धोखा होता रहेगा इसका जवाब किसी के पास नहीं है। सूत्रों के अनुसार सब पैसे का खेल है जिम्मेदारो को पैसा चाहिए वो उनको मिल जारहा है इस लिए इन बातो पर कोई कारवाही नहीं



होती है। कुल मिलाकर स्पष्ट रूप से यह कहा जा सकता है की उत्तर प्रदेश में इस वक्त अधिकारियों द्वारा जंगल राज स्थापित कर दिया गया है खुलेआम मनमानी जनता द्वारा शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं जनता त्रस्त अधिकारी मस्त की स्थिति इस वक्त हो गई है घटनाओं के बाद घटनाएं जनता के साथ आए दिन कभी यह हो रहा है कि इस अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन के दौरान मौत हो गया और अस्पताल के सारे कर्मचारी और डॉक्टर फरार आखिर यह बिना अधिकारियों के संरक्षण के संभव नहीं है अधिकारी को सारी जानकारी होने के बाद भी जिले के उच्च अधिकारी एवं तहसील क्षेत्र के उच्च अधिकारी कितने भी शिकायत करने के बाद कार्यवाही नहीं करते कार्यवाही क्यों नहीं करते इसका भी एक कारण है क्योंकि जो भ्रष्टाचार इस वक्त खुलेआम किया जा रहा है उन लोगों का कहना है की कोई भी कार्य हम लोग ऐसे ही नहीं करते इसकी कीमत उच्च अधिकारियों तक दी जाती है तभी तो हम लोग खुलेआम करते हैं।

## निर्णायक होगा गांव चलो अभियानः डॉ पवन

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्राध्यापक डॉ पवन कुमार राय ने कहा है कि 2024 लोक सभा चुनावों में भारी विजय दिलाने में पार्टी का गांव चलो अभियान निर्णायक होगा। डॉ राय भाटपार रानी के मदन मोहन मालवीय इंटरमीडिएट कॉलेज के सभागार में आयोजित भाजपा के बूथ संयोजकों ,मण्डल पदाधिकारियों एवम प्रवासी कार्यकर्ताओं के मण्डल स्तरीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि वर्ष 2024 का लोक सभा चुनाव बहुत ही महत्पूर्ण है तथा इस चुनाव में भाजपा अबकी बार, 400 पार के नारे के साथ जीत का हौसला लेकर अपनी मजबूत तैयारी कर रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रभावशाली नेतृत्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों के सहारे अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बल पर पार्टी इस लक्ष्य को जरूर प्राप्त करेगी। उन्होंने कार्यशाला में गांव चलो अभियान पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुये कहा कि इस अभियान में पार्टी द्वारा नियुक्त प्रवासी कार्यकर्ता बूथ समितियों की बैठक कर पन्ना प्रमुखों की सक्रियताओं बढाने के साथ साथ विभिन्न सामाजिक समूहों,व लाभार्थी समूहों से मिलकर प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट पार्टी को दिलाने की योजना रचना करेंगे।

# लिट्टी-मीट व अंडा के दुकान पर खुलेआम बिक रहा है अवैध शराब

- अवैध शराब के साथ गिरफ्तार दुकानदार को पुलिस ने निजी मुचलका पर छोड़ा
- सिधुआ बाजार पंजीकृत भट्ठी का बताया जा रहा है शराब



मौके से जांच करती आबकारी व पुलिस टीम



दुकान पर रखी गई अवैध शराब

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सिधुआ बाजार में लिटि-मीट व अंडा बेचने वाले दुकान पर खुलेआम अवैध रूप शराब बेची जा रही है। मजे की बात यह है कि यहां से पुलिस चौकी की दूरी महज डेढ सौ मीटर है। बताया जाता है कि पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर स्थित पंजीकृत शराब भट्ठी की शराब अवैध तरीके से यहां बेचा जा रहा। ऐसी चर्चा है कि यह अवैध कारोबार चौकी पुलिस और आबकारी विभाग के शह पर हो रहा है। यही वजह है कि न तो स्थानीय पुलिस इन शराब माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई करती है और न ही आबकारी विभाग।

जिले मे अवैध शराब की बिक्री व ओवर रेटिंग खुलेआम हो रही है। आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस इन कारोबारियों का संरक्षण बने हुए है। नतीजतन सिधुआ बाजार स्थित चौकी से मजह डेढ सौ मीटर की दूरी पर महेश वर्मा की लिट्टी, मीट व अड्डे की दुकान पर अवैध तरीके से देशी व अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। सूत्र की माने तो यह अवैध शराब सिधुआ बाजार स्थित लाइसेंसधारी शराब भट्ठी द्वारा दुकानदार को उपलब्ध कराया जाता है। ऐसा नही है कि लिट्टी- मीट व अड्डा बेचने वाले महेन्द्र वर्मा द्वारा खुलेआम अवैध शराब बेचने की



लिट्टी अंडे की दुकान जहां से मिला अवैध शराब

जानकारी सिधुआ पुलिस चौकी और आबकारी विभाग को नही है। सब कुछ जानते हुए विभाग व स्थानीय पुलिस धृतराष्ट्र बनी बैठी है। स्थानीय लोगों का दावा है आबकारी विभाग व पुलिस के मिली भगत से ही शराब का अवैध कारोबार सिधुआ बाजार में फलफूल रहा है। गुरुवार की शाम सूचना पाकर सिधुआ बाजार स्थित लिट्टी-मीट व अड्डा बेचने वाले महेंद्र वर्मा की दुकान पर जब मीडिया के लोग पहुंचे तो यहां का नजारा देख पांव तले जमीन खिसक गई। नजारा यह था कि महेंद्र वर्मा का पुत्र राज वर्मा दुकान पर मौजूद था और साठ रुपए लेकर लोगो को बंटी-बबली नाम की शराब दे रहा था। मीडिया ने जब राज से पूछा कि यह शराब कहा से लेकर आते हो इस राज ने बताया कि बगल में स्थित भट्ठी से वह शराब बेचने के लिए लाता है उसने कहा कि सेठ जी से बात कर लिजिए। इधर मीडिया के साथियों ने इसकी जानकारी सिधुआ पुलिस चौकी व आबकारी विभाग को दिया। इस दौरान राज ने भुवनेश्वर जायसवाल नामक किसी व्यक्ति के पास फोन मिलाकर मीडिया के लोगो से बात कराया। राज वर्मा के फोन से बात कर रहा व्यक्ति ने पत्रकार से कहा कि आप लोग वहा से हट जाए और हमसे आकर मिल लिजिएगा। तभी राज के फोन पर बात कर रहे पत्रकार ने पूछा कि आप कौन बोल रहे है अपना परिचय दीजिए तो फोन पर बात करने वाला व्यक्ति ने कहा कि मेरा परिचय जानकर क्या करेंगे आपको जो करना है कर लिजिए।

**मौके पर पहुंची चौकी व आबकारी पुलिसः** मीडिया की सूचना पर सिधुआ पुलिस चौकी व आबकारी विभाग की पुलिस मौके पर पहुंची जहां तलाशी के दरम्यान पुलिस ने शराब का एक गत्ता बरामद किया जिसमे बीस अदद बंटी-बबली शराब पाया गया।

**मुकदमा दर्ज कर मुचलका पर छोड़ा :** दुकान में अवैध शराब बरामद होने के बाद आबकारी पुलिस राज वर्मा पुत्र महेंद्र वर्मा को सिधुआ चौकी लेकर गई फिर वहा से कोतवाली लेकर पहुंची जहां आबकारी पुलिस ने कागजी औपचारिकता पुरी कर राज वर्मा के खिलाफ पडरौना कोतवाली मे 60 एक्सरसाइज एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया। बताया जाता है कि मुकदमा दर्ज करने के बाद कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले राज वर्मा को निजी मुचलका पर छोड़ दिया। मजे की बात यह है कि राज वर्मा शराब कहा से लाकर बेचता है और बरामद शराब पर किस दुकान का बारकोड है इसकी न तो किसी ने पूछताछ की और न ही कागजी कार्रवाई में कही लिखा-पढी किया गया जिसकी खूब चर्चा है।

## 10 से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फाइलेरिया मुक्ति अभियान राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि शासन द्वारा 10 से 28 फरवरी 2024 तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं इसके अंतर्गत जिला ब्लाक गांव समुदाय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए जन समुदाय को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जानी है।

उन्होंने बताया कि इस हेतु जनपद में 2216041 लाभार्थी चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनपद में 1783 टीमें लगाई गई है। अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं जिसमें बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को जागरूक करते हुए विद्यालय में ही फाइलेरिया रोग की औषधि टेबलेट एल्बेंडाजोल का सेवन कराना एवं निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन कराना जनपद के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के प्रत्येक कक्षा के अभिभावक एवं अध्यापक के व्हाट्सएप ग्रुप में फाइलेरिया से बचाव हेतु वीडियो एवं संदेश को साझा करना पंचायती राज विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम प्रधान एवं एमडीए एनडीडी कार्यक्रम का उद्घाटन आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मी के सामने दवा खाकर करेंगे अभियान की तारीख सभी ग्राम वासियों को खुली बैठक करके डुगडुगी पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम द्वारा बताएं एवं दीवार पर वॉल पेंटिंग कराएंगे। बाल विकास पुष्टाहार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रचार प्रसार सर्वे तथा एडमिनिस्ट्रेशन में सहयोग जागरूकता बैठकों का आयोजन कराना एवं अपने क्षेत्र वासियों के व्हाट्सएप ग्रुप में फाइलेरिया से बचाव हेतु वीडियो एवं संदेश को साझा करना स्कूल न जाने वाले बच्चों की जानकारी आशा से प्राप्त कर लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केंद्र पर बुलाकर दवा का सेवन कराना सुनिश्चित करेंगे खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा प्रत्येक कोटेदार फाइलेरिया से संबंधित पोस्टर एवं बैनर अपने गांव की आशा आंगनवाड़ी ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर से प्राप्त कर अपनी दुकान के नोटिस बोर्ड पर एमडीए एनडीडी की तारीख लिखेंगे नगर विकास विभाग द्वारा कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में फाइलेरिया से संबंधित ऑडियो मैसेज को चलाया जाएगा।

## 22 केंद्रों पर मदरसा बोर्ड की परीक्षा देंगे 5958 परीक्षार्थी

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मदरसा शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित मुंशी, मौलवी, अलीम, कामिल एवं फाजिल के परीक्षा की समय सारणी घोषित कर दी गई है। आगामी 13 फरवरी से शुरू होने वाली इस परीक्षा के लिए 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 5958 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को सफल बनाने की तैयारियों में विभाग जुटा है। परीक्षा केंद्रों पर सीसी टीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार/निरीक्षक की तरफ से जारी सूचना के अनुसार आगामी 13 से 21 फरवरी तक मुंशी, मौलवी, अलीम, कामिल एवं फाजिल की परीक्षा संपन्न होगी। कुशीनगर में सीसीटीवी कैमरा व अन्य मूलभूत सुविधाओं से संपन्न कुल 22 मदरसा विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां 2266 छात्र और 3692 छात्रा समेत कुल 5958 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिंह प्रताप देव ने बताया कि सुबह कि प्रथम पाली की परीक्षा आठ बजे से 11 बजे तक और शाम की पाली दिन के दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। सुबह की पाली में मुंशी, मौलवी (सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। द्वितीय पाली की परीक्षा में आलिम (सीनियर सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) कामिल एवं फाजिल की परीक्षा संपन्न होगी।

## डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से किया भ्रमण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** ज्ञानवापी प्रकरण से संबंधित मामले के



निर्णय की संवेदनशीलता के दृष्टिगत शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु शुक्रवार को जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक डा इलामारन जी द्वारा थानाक्षेत्र जायस का भ्रमण किया गया एवं ड्यूटी में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को किसी भी साम्प्रदायिक विवाद उपद्रवी तत्वों के जमावड़े तथा धार्मिक नारेबाजी आदि की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए तत्परतापूर्वक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा आमजनमानस व क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आपसी सौहार्द बनाये रखने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई।

# गांव चलो अभियान कई लक्ष्य साधेगाः राजेश

## गांव चलो अभियान पीएम मोदी का ड्रीम अभियानः सत्येन्द्र मणि

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा ने अपना अभियान तेज कर दिया है। अब भाजपा गांव के वोटरों को साधने के लिए *गांव चलो अभियान* की शुरुआत 4 फरवरी प्रारंभ करेगी, जो 11 फरवरी तक उत्तर प्रदेश में चलेगा। इसके जरिए भाजपा देवरिया में सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित करेगी।

इस अभियान में पार्टी के नेता इन सभी बूथों पर रात्रि विश्राम करेंगे। इस अभियान को सफल बनाने के क्रम में शुक्रवार को विकास खण्ड बैतालपुर के ब्लॉक सभागार में बैतालपुर मंडल की *गांव चलो अभियान* कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान के जिला संयोजक राजेश कुमार मिश्रा एवम विशिष्ट अथिति मंडल के नव नियुक्त मण्डल प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी रहे। कार्यशाला की शुरुआत पं.दीनदयाल



उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर, एवम दीप जलाकर किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में पार्टी के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने नव नियुक्त मंडल प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी का माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के तहत गांवों पर फोकस अधिक हो रहा है। पार्टी के अध्ययन में भी यह बात सामने आई की शहर और गांव के वोट प्रतिशत में भी काफी अंतर रहता है, इसलिए इस बार भाजपा का ध्यान गांवों पर अधिक है। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का 'गांव चलो' अभियान कई लक्ष्य साधेगा। इसमें पीएम मोदी के गांव के समग्र विकास के संकल्प को लेकर सभी गांवों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाएगा। विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि गांव चलो अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम अभियान है, गांव गरीब किसान, करना है सबका उत्थान के ध्येय से पार्टी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार के कार्यों की जानकारी पहुंचानी है अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से जुटने को कहा। प्रत्येक गांव एवं वार्डों में जाकर पीएम मोदी की गारंटी के संबंध में लोगों को बताना है साथ ही जिन व्यक्तियों को केन्द्र की ओर से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ नहीं प्राप्त हुआ है उन्हें मोदी गारंटी के तहत लाभ दिलाना है। नेता द्वय ने कार्यशाला में बूथों पर जिम्मेदारी निभा रहे कार्यकर्ताओं को करणीय बिंदुओं एवम कार्य पर चर्चा किया। कार्यशाला में जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, डॉ अभय मणि त्रिपाठी, अभय नाथ त्रिपाठी, गिरजेश मणि त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं संचालन विकास मणि त्रिपाठी ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में अमित रजक, प्रदीप जायसवाल, जयप्रकाश मणि, उग्रसेन सिंह, पंकज मणि त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष बच्चा सिंह, राघवेंद्र सिंह, जयहिंद पासवान, नीलरतन जायसवाल, अमित सिंह, राजन, सर्वेश नाथ त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# बी.एस.ए. अधिकारी ने 26 हेडमास्टर का रोका वेतन

अवधनामा संवाददाता



**सप्ताह भर में शत प्रतिशत यू डायस नहीं भरा गया तो विद्यालयों का मान्यता होगा प्रत्याहरण: बी.एस.ए**

**सुलतानपुर।** शासन की प्राथमिकता में शामिल स्कूल प्रोफाइल एंड फैसिलिटी माड्यूल की डाटा फीडिंग में लापरवाही बरतने वाले 26 प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक का वेतन रोक दिया गया है। उच्चाधिकारियों की समीक्षा में विभाग की किरकिरी होने के बाद बीएसए ने यह कार्रवाई की है। यूडाइस में अविलंब स्टूडेंट्स माड्यूल से संबंधित कार्य पूर्ण करते हुए रिपोर्ट मांगी गई है। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने बताया कि स्कूल प्रोफाइल एंड फैसिलिटी माड्यूल, टीचर एंड स्टूडेंट्स माड्यूल की डाटा इंट्री/प्रोगेशन का कार्य 31 जनवरी तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाना था। एक फरवरी को उच्चाधिकारियों की समीक्षा में 26 विद्यालयों का अद्यतन कार्य संतोषजनक नहीं रहा। जबकि, शासन के मुख्य बिंदुओं में यह कार्य शामिल किया गया है। ऐसे में इन विद्यालयों के हेडमास्टर का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका गया है। कंपोजिट विद्यालय बिही निदुरा, जूनियर हाईस्कूल पिपरी, प्राथमिक विद्यालय बघौना, प्रा.वि. छतौना डड़वा, प्रा.वि. लोहरिया, प्रा.वि. पूरे मैन पांडेय, प्रा.वि. तुलसीराम तिवारी, जूनियर हाईस्कूल समीगंज, प्रावि कुड़िया, प्रा.वि. त्रिलोकचंद्रपुर, जूनियर हाईकूल भवानीपुर, जू.हा. करमौली, जू.हा. सेमरौना, प्रा.वि. खुढ़वा, प्रा.वि. गोसैसिंहपुर, प्रा.वि गोसैसिंहपुर द्विवेदी, कंपोजित अमिलिया कला, जू.हा. देई, प्रा.वि. मल्हौटी, प्रा.वि. मोहम्मदीपुर, प्रा.वि. मलिकपुर, प्रा.वि. सोनारा द्वितीय, प्रा.वि. भरखरे, कंपोजित खैराबाद व प्रा.वि. हथियानाला इन सभी विद्यालयों की डाटा इंट्री अधूरी पाई गई है।

बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के साथ मान्यता प्राप्त विद्यालय मनमानी कर रहे है। कई बार आदेश निर्देश के बाद भी बड़ी संख्या में विद्यालयों की ओर से डाटा इंट्री के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। सभी विद्यालयों को पत्र जारी कर दिया गया है। एक सप्ताह में यदि शत प्रतिशत यू डायस नहीं भरा गया तो विद्यालयों का मान्यता प्रत्याहरण कर दिया जाएगा।

## अप्राकृतिक दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

**सुलतानपुर/अमेठी।** चार वर्षीय मासूम से अप्राकृतिक दुष्कर्म के दोषी आमिर खान को स्पेशल जज पवन कुमार शर्मा की अदालत ने सुनाई 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 56 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।कुकर्मी आमिर को करनी की सजा मिल गई,वह सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया।कुड़वार थाना क्षेत्र में वारदात को अंजाम दिया गया था।चार वर्षीय किशोर को आम खिलाने के बहाने बहलाकर अपने घर ले जाकर बहमरपुर-कुड़वार के रहने वाले आमिर ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया था।इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले बालक की माँ ने कुड़वार थाने में 16 जून 2021 की घटना बताते हुए आमिर खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# ड्रिंक एण्ड ड्राईव इज बैरी डेन्जरस

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस काफी संजीदा नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा शहर का लगातार भ्रमण करते हुये यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के लिए यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी को निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में सघन चैकिंग अभियान चलाने के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश और



एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को शहर भर में सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने जांच के दौरान स्टंट कर वाहन चलाने पर 13 चालकों के चालान किये। वहीं बिना हेलमेट लगाये वाहन चलाने पर 27 और मोटर साइकिल पर तीन सवारी को लेकर 16 चालान किये गये। शुक्रवार को चैकिंग के दौरान मुख्य रूप से शराब/मादक पदार्थों का सेवन करते हुये वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये ऐसे 8 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गयी। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि शहर के दुकानदारों से फुटपाथ पर स्थायी और अस्थाई अतिक्रमण को बढ़वा न देने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं वाहन चालकों से भी यातायात नियमों का पालन करते हुये वाहन चलाने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर यातायात को सुगमता से संचालित करने के लिए और सख्ती बरती जायेगी।

# गोल्डन कार्ड के लिए लगाए जाएंगें शिविर

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जन आरोग्य योजना गोल्डन कार्ड का लाभ देने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने शहरी क्षेत्र में शिविर लगाकर आमलोगों को लाभ दिलाने के लिए अधिनस्तों को निर्देशित किया है,डॉ.चौधरी ने शिविर में आए लोगों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने की बात कही है।दो फरवरी से नगर के छः स्थानों पर शिविर लगेगा। जिसमें लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा, लाभार्थी आधार कार्ड,अन्तोदय राशन कार्ड अथवा पात्र गृहस्थी कार्ड जिसमें छः या छः से अधिक सदस्यों वाले दस्तावेज लाना होगा।शिविर का स्थान जिला महिला चिकित्सालय, एएनएमटीसी/बीएसएल लैब पुलिस लाइन, जिला फाईलेरिया कार्यालय सीताकुंड, अर्बन पीएचसी करौंदिया, अर्बन पीएचसी कांशीराम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर शिविर का आयोजन होगा, लाभार्थी आवश्यक दस्तावेज लेकर शिविर में आए और लाभ उठाए।सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने कहाकि जिन कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है, उन्हें शिविर के कुशल संचालन के साथ आने वाले लोगों का सहयोग और योजना का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। लापरवाही और शिकायत बर्दास्त नही की जाएगी।

# भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने जनपद का किया भ्रमण

**सीएचसी कैसरगंज व 50 बेडेड एमसीएच विंग का किया निरीक्षण**

**कम्पोज़िट विद्यालय व हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का किया भ्रमण**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत इन्वेस्ट यूपी मित्र अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के एक दिवसीय भ्रमण पर आये वर्ष 2023 बैच के भारतीय विदेश सेवा के 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल में शामिल अरनव प्रताप सिंह, नमाशा केसरिया, मनन अग्रवाल, मोहित कुमार, अंकित यादव, श्वेतो त्यागी, असद जुबेरी, मनीष कंसल, रजत व प्रवीन कुमार निगम ने अन्य अधिकारियों के साथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज एवं 50 बेडेड मेटरनिटी विंग, कम्पोजित विद्यालय कुण्डासर, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर परसेण्डी का निरीक्षण किया तथा कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंट की तथा सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। संविलियन विद्यालय कुण्डासर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए पहुंचे प्रतिनिधि मण्डल स्कूली बच्चों ने स्वागतगीत, लोकगीत, बालगीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मेहमानों का स्वागत किया। मेहमान अधिकारियों ने बच्चों की मेहमान नवाज़ी का लुत्फ उठाते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक प्रोग्राम और स्वागत गीत की मुक्तकंठ से सराहना की। प्रतिनिधि मण्डल में शामिल अधिकारियों ने वन-टू-वन बच्चों से संवाद कर उनकी शिक्षा दीक्षा तथा अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए पूरी मेहनत के साथ शिक्षा के सफर को जारी रखने की सीख दी। विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से विदेश सेवा के अधिकारियों ने स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन, रसोई, शौचालय, पुस्तकालय, लैब, रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट के साथ-साथ कक्ष-कक्षों तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायज़ा लिया। स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षा की गुणवत्ता, पुस्कालय तथा लैब की विविधता पर अधिकारियों के दल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षण स्टाफ की सराहना की। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के बच्चों ने प्रतिनिधि मण्डल में शामिल अधिकारियों को विदाई दी। सामुदायिक स्वास्थ्य कैसरगंज तथा 50 बेडेड एमसीएच विंग के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने इमरजेन्सी, इंजेक्शन रूम, दवा वितरण काउण्टर, चिकित्सक कक्ष, एक्सरे रूम, न्यू बार्न सिंक यूनिट, परिवार कल्याण काउण्टर, अल्ट्रासाउण्ड, मिनी स्किल लैब, प्रसव कक्ष, ओ.टी. अत्यादि कक्षों का निरीक्षण कर चिकित्सालय की साफ-सफाई तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नही रहे बसपा के पूर्व सांसद जय भद्र सिंह



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी से पूर्व में सांसद रहे जय भद्र सिंह का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली निधन हो गया । उनका शव दिल्ली से सुल्तानपुर लाया गया है ।उनके परिजनों ने बताया कि आज शनिवार को विकास खंड धनपतगंज क्षेत्र के मायंग गांव में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### कानून व्यवस्था के मद्देनजर जनपद पुलिस सक्रिय



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस बल के साथ सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थानों द्वारा बैंकों ड्यूटी पर लगें कर्मचारियों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी।पुलिस अधिकारियों द्वारा सीसीटीवी कैमरे चेक किये गये। जनपद की पिकेट ड्यूटी तथा बार्डर ड्यूटी पर बैरियर लगा कर संदिग्ध व्यक्ति एंव वाहन को चेक किया गया। जनपद के मुख्यमार्गों, चौराहों आदि पर पैदल गश्त व जनपद की सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों एवं वस्तुओं की चेकिंग की गयी ।

### केएनआई के शिक्षक प्रो दिनेश प्रसाद प्राचार्य नियुक्त



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुल्तानपुर के शिक्षा संकाय के प्रो ड़ॉ दिनेश प्रसाद मिश्र को उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा चयन अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय के प्राचार्य पद पर विज्ञापन - 49 में हुआ। डॉ मिश्र को आयोग के चयन परिणाम पश्चात, उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा इंदिरा गाँधी पी जी कॉलेज गौरीगंज, अमेठी में प्राचार्य पद पर नियुक्ति किया गया है। वर्तमान में डॉ मिश्र, के एन आई सुल्तानपुर में वर्ष 2000 से शिक्षा संकाय में कार्यरत हैं। इसके पूर्व वर्ष 1996 से 2000 तक आयोग से चयनित होकर श्री बजरंग पी जी कॉलेज बलिया में भी अपनी सेवाएं दें चुके हैं। मिश्र जी ने अपनी शिक्षा -एम एड, एम फिल पी एच डी मेरठ विश्वविद्यालय मेरठ से प्राप्त किया है।

### बारात में मंदबुद्धि दूल्हा देखकर घराती हुए आक्रोशित

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली लंभुआ अंतर्गत दुबौली गांव में शादी के लिए आया दूल्हा मंदबुद्धि निकला।जिसे देखकर सुबह लड़की ने शादी से इनकार कर दिया।उक्त बारात थाना जयसिंहपुर क्षेत्र के गांव खेमाजितपुर से आई थी। दोनों पक्ष कोतवाली लंभुआ पहुंच गए।सुलह समझौते का प्रयास किया गया। लंभुआ कोतवाल शिवाकांत त्रिपाठी बोले, दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराई गई। आपसी तालमेल से समाधान निकालने का प्रयास तो किया गया,किंतु दूल्हे के मंदबुद्धि होने के चलते दुल्हन ने शादी करने से मना कर दिया ।दोनो पक्ष लेन देन में समझौता कर मामले को समाप्त कर लिया।

### अंतरिम बजट युवाओं के साथ धोखाः वरुण मिश्रा



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस नेता व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य वरुण मिश्र ने आज पेश हुए अंतरिम बजट को युवाओं के साथ धोखा बताया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि बजट से युवा निराश हुआ है। उसे उम्मीद थी कि सरकार इस चुनावी बजट में युवाओं के लिए कुछ लोक लुभावन संभावनाएं लाएगी और रोजगार से संबंधित बातों पर सरकार गौर करेगी। लेकिन जिस तरह से वित्तमंत्री ने सदन के भीतर एक रटा रटाया स्टेटमेंट दे दिया उससे देश के नौजवानों को निराशा हुई है। सरकार ने रोजगार की तो सदन में चर्चा ही नहीं की न ही महंगाई को लेकर अपना रुख स्पष्ट किया है। आज ही कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़े हैं जिसका असर जरूरी चीजों पर भी पड़ेगा खाने पीने की चीजों के दामों में भी वृद्धि होगी लेकिन सरकार ने बड़ी बेरहमी से जन भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। बीजेपी को लगता है कि वह धर्म के नाम पर लोगों को भड़काकर उनका वोट ले लेगी और चुनाव जीत जायेगी।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस 03 फरवरी को

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह फरवरी के प्रथम शनिवार 03 फरवरी 2024 को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

# रोज़गार मेले में 158 बेरोज़गार अभ्यर्थियों को मिला रोज़गार

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत वृहस्पतिवार को विकास खण्ड शिवपुर, मे विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 12 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और प्रतिभागी 250 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 158 से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा के प्रतिनिधि अमन वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। रोजगार मेले को सम्बोधित करते हुए श्री वर्मा ने अभ्यर्थियों का आहवान किया कि ऐसे अवसरों का भरपूर उठाकर अपने लिए रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करें। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर स्किल वर्कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जबकि प्रधानाचार्य आईटीआई श्रीमती स्मृति शर्मा ने आईटीआई व कौशल विकास मिशन अन्तर्गत प्रशिक्षित युवक-युवतियों का आहवान किया कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें। रोज़गार मेले का संचालन राजकीय आईटीआई बहराइच के अभय शर्मा ने किया। इस अवसर पर कौशल विकास मिशन के जिला प्रबन्धक रविशंकर पाठक व डीपीएम भानु प्रताप, पीयूष तिवारी, राहुल बाजपेई, अबुबकर, नदीम अहमद, अभय शर्मा, बृजेन्द्र मौर्या, पलटु राम, संदीप वर्मा, देवेन्द्र बाजपेई, उपेन्द्र कुमार, निरंजन लाल एवं सेवायोजन बहराइच अजमल उपस्थित रहें।

## एसडीएम सदर बने चन्द्रभूषण प्रताप

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने एडीएम नमामि गंगे लवकुश कुमार त्रिपाठी व एसडीएम सदर अमित भारतीय का स्थानान्तरण होने के बाद नवागत अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे हैं। शुक्रवार को आदेश जारी करते हुये जिलाधिकारी ने एसडीएम मड़ावरा चन्द्रभूषण प्रताप को एसडीएम सदर, अशोक कुमार चौधरी को एसडीएम न्यायिक ललितपुर से एसडीएम मड़ावरा, राजबहादुर को एसडीएम न्यायिक तालबेहट से एसडीएम तालबेहट, राघवेन्द्र शर्मा को एसडीएम न्यायिक मड़ावरा से एसडीएम न्यायिक ललितपुर व श्रीराम यादव को एसडीएम तालबेहट से अपर एसडीएम (प्रथम) ललितपुर नियुक्त किया है। इसके अलावा डीएम ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार को विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी सिंचाई के पदीय दायित्वों का निर्वाह्न करने व अपर उप जिलाधिकारी प्रथम श्रीराम को प्रभारी अधिकारी वेतन व प्रभारी अधिकारी शस्त्र का कार्य भी सौंपा है।

# सीओ कार्यालय व सदर चौकी का एसपी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने चौकी सदर थाना कोतवाली व क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण चौकी, क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया। साथ ही सम्पूर्ण परिसर में साफ- सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया गया। लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व चौकी क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा चौकी पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही की जाये एवं हाइवे पर अवैध कट के संबंध में आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुये प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय पर उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से समस्याओं के बारे में जानकारी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# बजट निराशा जनक

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** गुरुवार को प्रस्तुत केन्द्रीय बजट पर बात करते हुए राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि बजट 2024 में जनभावनाओं का आदर नहीं किया गया है । इससे न तो मंहगाई कम होते दिख रही है और न ही बेरोज़गारी । लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस बजट से कर्मचारी, व्यापारी, बेरोजगार , ग्रामीण आदि काफी आशान्वित थे पर सभी आशायें फलीभूत नहीं हुई। हालांकि इस बजट से उम्मीद की किरणें जरूर फूटी हैं जो भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होंगी।

ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि दुनिया की टाप फाईव इकोनॉमी में भारत शिक्षा पर सबसे कम खर्च करने वाला देश है। इस बार के बजट में भी शिक्षा पर ज्यादा फोकस नहीं है।

ज्ञानेन्द्र ने कहा कि साहित्य संस्कृति और कला के क्षेत्र में कोई विशेष बजट न होने से निराशा हुई है। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं होने से देश के करोड़ों नागरिक दुखी हैं। सोलर स्कीम तथा आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता को आयुष्मान योजना से जोड़ना बढ़ियां कदम है। प्रधानमंत्री आवास के तहत दो करोड़ घर दिये जाने और मध्यम वर्ग के लिए आवास की घोषणा जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** राजस्व कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा हेतु वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसीलों को निर्देश दिया कि लम्बे समय से चल रहे वादों को चिन्हित करें तथा अभियान संचालित कर उन्हें निस्तारित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि विभिन्न न्यायालयों पर प्रचलित सीलिंग से सम्बन्धित वादों में प्रभावी पैरवी कर उन्हें निस्तारित कराया जाय। पेंशनर्स से सम्बन्धित समस्याओं तथा विभागीय कार्यवाही की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि समयबद्धता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। आई.जी. आर.एस. से सम्बन्धित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रकरणों के निस्तारण में इस बात पर खास तवज्जों दी जाय कि फरियादी की गई कार्यवाही से संतुष्ट हो, जिससे असंतुष्ट प्रकरणों की संख्या में कमी आने से सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंक प्रभावित न हो। डीएम ने तहसीलों को निर्देश दिया कि जिले में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश के लिए प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय तथा अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय तथा खनन में संलिप्त वाहनों को सीज़ किया जाय। कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान डीएम ने कर-करेत्तर से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि माहवार निर्धारित लक्ष्य तथा गत वर्ष इस माह तक की गई राजस्व वसूली से कम वसूली नहीं होनी चाहिए। समीक्षा में पाया गया विभागों द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही मानक के अनुसार नहीं की जा रही है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि सभी विभाग मानक के अनुसार प्रवर्तन की कार्यवाही अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि मण्डल के अन्य जनपदों के सापेक्ष जिले की वसूली कम नहीं होनी चाहिए। तहसीलदारों को निर्देश दिये गये कि नियमित रूप से अमीनवार वसूली की समीक्षा करें। विशेषकर विभिन्न विभागों से प्राप्त हुई आर.सी. का मिलान कर वसूली की जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीएफओ कतर्नियाघाट बी शिव शंकर सहित अन्य अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, नानपारा के अजित परेश, मिहींपुरवा के संजय कुमार सहित कर-करेत्तर से सम्बन्धित अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जनपद में 29 फरवरी तक धारा 144

**बिना अनुमति के जुलूस, धरना प्रदर्शन करने पर होगी कार्यवाही**

**जनपद की सीमा के भीतर निवासरत तथा आने जाने वाले व्यक्तियों पर रहेगा**



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अंकुर श्रीवास्तव ने जनपद ललितपुर की सीमा के भीतर निवास करने वाले तथा आने जाने वाले सभी व्यक्तियों के लिये दिनांक 01 से 29 फरवरी 2024 तक धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत आदेश जारी किये हैं कि जनपद में संचारी रोगों में निरन्तर बढ़ोत्तरी को रोकने एवं माह फरवरी 2024 में होने वाली परीक्षाओं यथा पुलिस आरक्षी परीक्षा, हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट परीक्षाएं तथा माह में प्रस्तावित त्यौहारों जैसे वसंत पंचमी, सन्त रविदास जयन्ती के दृष्टिगत जनपद की शांति व्यवस्था के निमित्त असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। उन्होंने आदेश दिये हैं कि किसी भी स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, पार्टी अथवा संगठन किसी तरह का प्रदर्शन नहीं करेगें। कोई भी व्यक्ति उक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की अनुमति के विना लाउडस्पीकर (ध्वनि के यन्त्रों) तथा डी.जे. का प्रयोग नहीं करेगा। उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश विशेष परिस्थितियों में अपर जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली, मड़ावरा द्वारा अनुमति दिये जाने पर उस सीमा तक शिथिल होगे, जिस सीमा तक अनुमति दी जायेगी। यह आदेश तत्काल जारी किया जाना आवश्यक है। उक्त प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 भा.द.वि. के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी का स्थानांतरण

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी रहे श्यामेंद्र मोहन चौधरी का पूरा कार्यकाल विवादों से घिरा रहा।अपने कार्यकाल में पूर्व नपा अध्यक्ष बबिता जायसवाल व उनके पति अजय जयसवाल के साथ स्ट्रीट लाइट खरीद मामले में शिकायत के बाद शासन द्वारा निलंबित किए गए थे।15 वें वित से जबरन शहीदों के पार्क में निर्माण करने के आरोप भी लगे थे। जिलाधिकारी की रोक के बावजूद 11लाख 40 हजार नगर पालिका से भुगतान करने की जांच चल ही रही है। ई ओ ने आजादी के शहीदों की याद में बने शहीद झंडा चबूतरे को भी खत्म करने की साजिश रचाई थी। तत्कालीन सभासदों के विरोध के बाद वे आजादी के स्मारकों को मिटाने में हुए थे। उन पर शहर की कान्हा गौशाला से चोरी से गाय बेचने व भूख से गायों के मरने का भी आरोप लग चुके हैं।

# पेयजल योजना का कार्य फरवरी माह तक पूर्ण करें: डीएम

**धौर्रा-बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण**

**गुणवत्ता में कमी होने पर सम्बंधी की जिम्मेदारी तय की जाएगी**



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजनान्तर्गत धौर्रा-बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड में पेयजल की समस्या के दृष्टिगत शासन द्वारा घर-घर तक शुद्ध पेयजल की पहुंच हेतु इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारा गया है, योजना के पूर्ण होने से यहां के किसानों व आमजन के पास पर्याप्त जल की उपलब्धता होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल योजना के निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए, गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। फरवरी माह के अंत तक त्वरित गति से कार्य पूर्ण कराते हुए आपूर्ति प्रारंभ करायें। मौके पर बताया गया कि धौर्रा-बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य 2021 में प्रारंभ हुआ था। वर्तमान में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर 70 प्रतिशत व इंटेक वेल पर 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। प्लांट के पूर्ण होने से आसपास के 59 गांवों के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। निरीक्षण के समय जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन मिश्रा, अधिशाषी अभियंता जल निगम इंजी.अवनीश सिंह, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

CMYK



# अखिल भारतीय वालीबॉल प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ

**पहले दिन कुल 6 मुकाबले खेले गए जिनमें विजेता टीमों ने अगले राउंड के लिए बनाई बढ़त**

अवधानामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के परछा गांव में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय वालीबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को उद्घाटन के बाद विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के बाद मेहमान टीमों के बीच कुल 6 मुकाबले खेले गए जिनमें विजयी हुई टीमों के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। अवगत हो कि क्षेत्र के ग्राम परछा में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय वालीबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शब्बीर खान, साांई हास्टल के पूर्व मुख्य कोच तथा डिप्टी डायरेक्टर मो रज़ा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। वहीं टूर्नामेंट का पहला मुकाबला परछा तथा आगरा की टीम के बीच खेला गया जिसमें परछा की टीम ने 2-1 से मुकाबले को जीत लिया। इसी प्रकार स्वराज क्लब बांदा तथा गोयरा मुगली बी टीम के बीच खेले गए मुकाबले में स्वराज क्लब बांदा ने 2-0 से मुकाबला जीतकर अगले राउंड के लिए बढ़त बना ली है। वहीं टूर्नामेंट में कुल 6 मुकाबले खेले गए जिनमें विजेता टीमों ने अगले राउंड के लिए बढ़त बनाई है और खबर लिखे जाने तक मुकाबले खेले जा रहे थे। वहीं विजयी हुई टीमों का मैच आज सुबह से ही खेला जाएगा जो देर शाम तक चलेगा। खेले गए सभी मुकाबलों में रेफरी की भूमिका सद्दाम हुसैन, इरफान खान, हमीद खान ने निभाई तथा कमेंटेटर के रूप में प्रसिद्ध वक्ता अमित सचान पौथिया, समीर खान परछा ने बखूबी निभाई। कमेटी अध्यक्ष बाबू खान ने बताया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल तथा फाइनल मुकाबला आज सम्पन्न होगा जो बड़ा ही रोमांचक रहेगा।

# दवा की दुकानों का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी के आदेश पत्र संख्या अवैध मदिरा, टिचर औषधि जांच कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रयागराज के आदेश से सरीला क्षेत्राधिकारी आशीष कुमार यादव,आबकारी निरीक्षक सरीला कुलदीप सिंह व औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा ईआईवी, टिंचर औषधि जांच 2023 - 24/प्रयागराज 26 जनवरी 2024 द्वारा अल्कोहलयुक्त औषधियों एवं टिचर के शराब के रूप में दुरुपयोग पर प्रभावी नियन्त्रण लगाये जाने हेतु नेहा मेडिकल स्टोर सरीला, मयंक मेडिकल स्टोर सरीला, मां वैष्णो मेडिकल स्टोर सरीला, कुमार मेडिकल स्टोर सरीला, दीपांजलि मेडिकल स्टोर सरीला, हरिओम फार्मेसी सरीला व शिवहरे मेडिकल स्टोर सरीला में उक्त अभियान के क्रम में औषधि एवं प्रसाधन विभाग, पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र-4, (सरीला) में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। जहां टिचर अल्कोहल युक्त औषधि की उपलब्धता नहीं पाई गई।

# जनसूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत चाही गयी सूचनाओं का नही दिया जा रहा जवाब

अवधानामा संवाददाता

**कुछ तो ऐसा है जिसे छुपाने के उद्देश्य से नगर पंचायत सुमेरपुर द्वारा नही दिया जा रहा है जवाब**

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** देश में बढ़ रहे भष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए 2005 में भारत सरकार द्वारा जन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू किया गया था यह एक ऐसा कानून है जो हर नागरिक को किसी भी सरकारी कार्य की वास्तविक स्थिति जानने का बहुत ही आसान हथियार है लेकिन लगभग 19 वर्ष का लम्बा समय गुजर जानें के बाद आज भी जनपद में अनेक विभागों व अधिकारियों द्वारा जन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की खूब अवहेलना की जा रही है इस जगा जागता उदाहरण नगर पंचायत सुमेरपुर है जो अपनें भ्रष्ठाचार को छुपाने के लिए जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत चाही गयी सूचना का जवाब नही दे रहा है। सुमेरपुर कस्बा के नगर पंचायत में बड़े घोटालों की आशंका जताई जा रही है जिस को जानने के लिये कस्बा के थोक इमिलिया वार्ड न 9 के पूर्व सभासद व आर टी आई कार्य कर्ता नईम अख्तर ने सभी शर्तो को पूरा करते हुए कार्यालय नगर पंचायत सुमेरपुर के जन सूचना अधिकारी से 6 बिन्दुओ पर सूचना मांगी थी जो अभी तक नही दी गयी।सूचना मांगी गयी कि कार्यालय नगर पंचायत सुमेरपुर मे 1जून 2023 से लेकर 5 / 12/2023 तक किये गये कार्यो का भुगतान किस मद से किया गया है तथा किये गये भुगतान वाली फर्म का नाम व भुगतान की राशि व फर्म के ठेकेदारो का नाम व ठेकेदारो का रजिस्टेशन से सम्बंधित दस्ता वेजो की प्रमाणित छाया प्रति मांगी थी और नगर मे जो बड़ी स्ट्रीट लाइट लगायी गई है, स्ट्रीट लाइट लगाने वाली फर्म का नाम व उनका रजिस्ट्रेशन तथा स्ट्रीट लाइट की कीमत व भुगतान की रशिदो की प्रमाणित छाया प्रति इसी प्रकार से कार्यालय नगर पंचायत मे कार्यरत समस्त ठेका कर्मियों के नाम तथा कर्मचारियो के पद के नाम कार्य का स्थान व कर्मचारियो का वेतन एव कर्मी रखने वाले ठेकेदार का नाम व उसका भुगतान इसी प्रकार से कार्यालय नगर पंचायत मे वर्तमान रजिस्टर्ड ठेकेदारो के नाम व पता श्रेणी तथा उससे सम्बंधित दस्तवेजो की प्रमाणित फोटो कापी एव वर्तमान चेयर मेन धीरेन्द्र शिवहरे उर्फ धीरू ( एश्वर्य ) के शपथ ग्रहण समारोह मे खर्च का ब्योरा की प्रमाणित छाया प्रति मांगी थी मगर नगर पंचायत द्वारा सूचना न देकर सूचना मागने वाले को ही बरगलाया गया।

# विष्णु महायज्ञ में अंबाला पंजाब से पधारे श्रीराम कथा वाचक



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के बिलौटा व मंगलपुर गांव के बीच पिपराहा देव बाबा स्थान मे चल रही श्री विष्णु महायज्ञ में अंबाला पंजाब से पधारे श्रीराम कथा वाचक कैलाश स्वरूपा नंद महाराज जी के मुखारविंद से श्री राम चरित मानस कथा में श्री राम जन्म के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। राम कथा के प्रथम दिन दोनो गांव सहित आसपास के गांवों के लोग एकत्र हुए। ग्राम प्रधान मंगल पुर अरविंद निषाद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर रोहित निषाद, अटल निषाद,सुनील निषाद सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# सिसोलर सड़क के किनारे मिले शव की शिनाख्त

अवधनामा संवाददाता

**गांव के 4 लोगों पर हत्या कर लाश फेंकने का आरोप**

**हमीरपुर।** बीती 31 जनवरी को सिसोलर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त हो गई है। परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। अब पुलिस को उन चार आरोपियों की तलाश है।

मामला सिसोलर थाना क्षेत्र के टोलामाफ गांव के पास का था। यहां बीती 31 जनवरी को एक अज्ञात युवक का शव मिला था तब पुलिस ने हादसे में युवक की मौत होना बताकर शव को मोर्चरी में रखवाया गया था और शिनाख्त की कोशिश शुरू कर दी थी।

आज उस अज्ञात युवक की शिनाख्त छुटकू निषाद के रूप में हुई है। मृतक के भाई जयराम निषाद ने फोटो से भाई की शिनाख्त करते हुए बताया कि उसका भाई छोटकू निषाद जो की जसपुरा थाना क्षेत्र के बरेहटा गांव में रहता है। वह गांव के ही चार लोगों रामबरन, प्यारेलाल कोटेदार, संदीप और नन्हू के साथ सुमेरपुर गया था। सामान लेकर लौटते समय लापरवाही से ट्रैक्टर चढ़ाकर मेरे भाई को गिरा दिया गया जिसके शरीर पर पहिया चढ़ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई जयराम ने आरोप लगाया की शव को छिपाने की नियत से इन लोगों ने षड्यंत्र के तहत उसे टोलामाफ गांव के पास सुनसान इलाके में फेंक दिया और घर लौटकर छोटकु के कहीं चले जाने की बात कही थी। लेकिन अब फोटो के माध्यम से उन्होंने अपने भाई को शिनाख्त कर ली है और चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर 304 सहित अन्य धाराओं में चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चारों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# किसानों को वितरित किए गए वर्मीबैड और केचुआ कल्चर



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम खैरी में एक दिवसीय प्राकृतिक और जैविक कृषि पर किसान गोष्ठी एवं एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड बाएफ संस्था जनपद- हमीरपुर के आर्थिक सहयोग से किया गया। संस्था बुंदेलखंड नेचुरल्स की टीम द्वारा समेकित प्राकृतिक और जैविक खेती विषय पर किसानों के साथ अपने अनुभव साझा कर जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में बाएफ के आर्थिक सहयोग से हमीरपुर जनपद के 5 ग्राम खैरी, पढोरी, बम्हरौली, गहरौली खुर्द एवं पासुन के 105 जैविक किसानो को वर्मीबेड व केंचुआ कल्चर वितरित किया गया।तथा किसानों को वर्मीबेड फिलिंग करने व केंचुआ कल्चर करने आदि बिंदुओं का प्रायोगिक कार्य करके दिखाया गया। इसके साथ कार्यक्रम में जनपद के प्राकृतिक किसानों को प्राकृतिक समेकित जहरमुक्त कृषि के आदि विषयों पर भी चर्चा की गई।

## भक्ति योग वेदांत मानस संत सम्मेलन का आयोजन

**हमीरपुर** शुक्रवार को संत महापुरुषों का आगमन हुआ है और संतों द्वारा प्रवचन किए जाते हैं दिनांक 1 फरवरी 2024 गुरुवार से 3 फरवरी 2024 शनिवार तक आए हुए दूर दराज से महापुरुषों एवं संतों द्वारा अनेक प्रकार के प्रवचन किए जाते हैं।

# जिला अर्न्तविभागीय समन्वय बैठक का हुआ आयोजन

**अधिशाषी अधिकारी मौदहा के अनुपस्थित रहने पर जताई कड़ी नाराजगी**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत एम0डी0ए0 2023-24 अभियान के सफल संचालन हेतु दिनॉक 02 फरवरी स्थान कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अर्न्तविभागीय समन्वय बैठक का आयोजन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी मौदहा के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अग्रिम आदेशो तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मौदहा में दिनॉक 10 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक चलाया जाना है। जिसमें 02 वर्ष से ऊपर के बच्चों की आयु वर्ग को फाइलेरिया रोगी दवा डी0ई0सी0 एवं एल्बोन्डाजोल का डोज घर-घर आशा व ऑगनवाडी कार्यकत्री की टीमों द्वारा कराया जायेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को कार्ययोजना बनाकर समन्वय व सहयोग से कार्य करने के निर्देश दिए। उक्त जिला अर्न्तविभागीय बैठक में सहयोगी विभागों यथा पंचायतीराज, नगर विकास,शिक्षा विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार,पूर्ति विभाग, स्वयं सहायता समूह आदि विभागें प्रतिनिधि द्वारा 01 से 10 10 फरवरी मे जागरूकता अभियान माइकिंग, बैठको द्वारा करायी जाएँ, 10 से 28 फरवरी अभियान के दौरान प्रत्येक उन्मूलन दवा सेवन के डी0ए0 टीम द्वारा पहुँचाने की अपील की साथ ही ग्राम व वार्ड लेवल पर समीक्षा हेतु ग्राम प्रधान, सभासद, सचिव, की अध्यक्षता में अध्यापक,ऑगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा, एएनएम सीएमओ द्वारा प्रतिदिन करवाई जाये। ब्लाक 46 सबसेन्टर रेलवे बाजार सर्वजनिक स्थानों पर मोबाइल टीम बूथों के माध्यम से सभी लोगों को दवा खिलवाई जाये।

# ठग ठगे गए हास्य नाटक देख हंसी से लोटपोट हुये दर्शक

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** चार दिवसीय सम्भागीय नाट्य समारोह 2023-24 के दूसरे दिवस की कड़ी में मदर सेवा संस्थान, लखनऊ द्वारा प्रस्तुति का शीर्षक ÷ठग ठगे गए÷ था। जिसका निर्देशन महेश चन्द्र देवा ने किया तथा इस नाटक के लेखक सुशील कुमार सिंह ने गुरु और घंटोले के माध्यम से अंधविश्वास और पाप पुण्य के वर्तमान समय की समसामयिक स्थिति को हास्य तथा संगीत के रस से समाज में पिरोने की कोशिश किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली) थे। यह नाट्य समारोह उत्तर प्रदेश संगीत एवं नाटक अकादमी, लखनऊ एवं एनटीपीसी सिंगरौली, सोनभद्र के सहयोग द्वारा 31 जनवरी से 03 फरवरी 2024 तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से एनटीपीसी सिंगरौली के सरस्वती सभागार, कर्मचारी विकास केंद्र मे आयोजित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश की लोक कथा पर आधारित यह नाटक द्वारा नाट्य कलाकारों ने अंधविश्वास और पाप पुण्य का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले साधनों का भंडाफोड़ कर दिया। नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया की किस प्रकार धूर्त और मक्कार ठग आये दिन सीधे-सरल, भोले-भाले आम जनों को तरह तरह के अंधविश्वासों, पाप-पुण्य, स्वर्ग-नर्क के चक्करों में उलझा कर उन्हें लूटते हैं, और अपना उल्लू सीधा करतें हैंढ्ढ इस लोकनाट्य में गुरु और घंटोले नाम के दो धूर्त ठग जो गुरु और चेले के रूप में जंगल में एक कुएँ के पास अपना अड्डा जमाये हर आने जाने वाले राहगीरों को राहू केतू जैसे ग्रहों का भय दिखाकर तथा तरह तरह के शातिर हथकंडे अपना कर लोगों के धन, गहने ,जेवर आदि लूट लिया करते थे। लेकिन एक दिन एक बुद्धिमान बहू ने इन ठगों की करतूतों को भाँपकर उनसे न केवल अपने सास, पति और खुद को लुटने से बचाया बल्कि अन्य मुसाफ़िरों को भी इनके चंगुल में फँसने से बचाकर लूटेरों को भी लूट लिया।

# विश्व आर्द्र भूमि दिवस स्कूली छात्रो के साथ मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के अंतर्गत संचालित वानिकी महाविद्यालय के द्वारा शुक्रवार को मनाया गया। विश्व आर्द्र भूमि दिवस यह दिवस हर साल 2 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिवस के महत्ता यह है कि इस दिवस के माध्यम से पानी और उसका प्रदूषण कैसे रोका जाये और जीव-जन्तुओ और पौधों को भी पर्यावरण एवं वनों से कैसे जोड़कर रखता है इसका ज्ञान छात्र-छात्राओं में अधिष्ठाता वानिकी डा. संजीव कुमार के सम्बोधन के द्वारा जानकारी मुहैया करायी इसमें मुख्य तौर पर चित्रकूट जनपद के राजकीय विद्यालय से आये हुए शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं को विशेष तौर पर शारीरिक मानसिक और पर्यावरणीय आर्द्र भूमि के स्वास्थ्य से कैसे जुड़े हुए हैं, इसकी विशेषता बतायी गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता वानिकी डा. संजीव कुमार, अधिष्ठाता वानिकी एवं डा. अवनीश शर्मा, सहायक प्राध्यापक वन जीव एवं वृक्ष सुधार विभाग, डा. योगेश सुमठाणे सहायक प्राध्यापक वन उत्पाद एवं उपयोगिता विभाग ने अपने विभागीय कार्यो को छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया।

# जिले के सप्लाई के काम में अधिकारियों की मिली भगत से हो रहा है भ्रष्टाचार

अवधनामा ब्यूरो

**सरकार को कुछ अधिकारी जानबूझकर कर रहे हैं बदनाम**

**सप्लाई के कार्यो के सामग्री के आपूर्ति की जांच हो**

**शिक्षा विभाग का शिशु डेस्क समाज कल्याण सामग्री की आपूर्ति हो**



**सोनभद्र।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा कि जनपद में सप्लाई को के कार्यो में व्यापक रूप से धांधली करके टेंडर कराए जा रहे हैं टेंडर के बाद सैंपल की सामग्री कुछ और और सप्लाई की सामग्री कुछ और दी जा रही है बड़े पैमाने पर सप्लाई की जो सामग्री है वह बहुत घटिया किस्म की है शिक्षा विभाग में शिशु डेस्क का 40 लाख का टेंडर किया गया लेकिन जो शिशु डेस्क आपूर्ति की गई वह आज तक अपूर्ण है और वह बहुत घटिया किस्म की है इस फॉर्म द्वारा लाखों रुपए का घोटाला किया गया समाज कल्याण विभाग भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ है शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग सप्लाई के सामग्री में व्यापक रूप से बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है जनपद में सप्लाई होने वाली सामग्री चाहे वह किसी विभाग की हो एक उच्च स्तरीय टीम बनाकर अलग से जांच उसकी होनी चाहिए ताकि भ्रष्टाचार ना हो सके अधिकारियों और सप्लायरों की मिली भगत से सप्लाई की जाने वाली सामग्री घटिया देकर भुगतान लिया जा रहा है सोनभद्र में सोलर लाइटों के सप्लाई में बड़े पैमाने पर घटिया किस्म की सोलर लाइट लगाई जा रही है जिसमें कमीशन की मात्रा बहुत अधिक है हाई मास्क लाइटों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है जो सोलर लाइट मांगा जा रहा है वह सोलर लाइट ना देकर जो लोकल कंपनी की सामग्री की सोलर लाइट दी जा रही है जिसकी सप्लाई बहुत कम पैसे में जिले में हो रही है भाजपा की सरकार को जानबूझकर कुछ अधिकारी और सप्लायरों का गठ जोड़ बदनाम कर रहा है ऐसे लोगों पर नजर रखकर उनकी व्यापक रूप से जांच करानी चाहिए और उनकी संस्थाओं को ब्लैक लिस्टेड करना चाहिए जिलाधिकारी से आग्रह है कि जिले में होने वाले सामग्री की आपूर्ति चाहे वह किसी विभाग की हो इसकी उच्च स्तरीय जांच कर और दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई करें कुछ अधिकारियों ने कई जांच की है लेकिन उसकी जांच रिपोर्ट कभी भी सार्वजनिक नहीं किया बल्कि जांच के नाम पर पैसा लेकर उसे जांच को दबा दिए ऐसे अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिले के कुछ ऐसे अधिकारी चिन्हित हैं जिनको हर जांच दी जाती है लेकिन कार्रवाई के नाम पर शून्य रिजल्ट आता है सरकारी धन का पूर्ण रूप से दुरुपयोग हो रहा है ऐसे गंभीर मामलों में जिलाधिकारी महोदय को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि सरकार के मानसा के अनुसार काम हो सके।

# राजकीय महिला स्नातकोत्तर आयोजित हुई कार्यशाला



अवधनामा संवाददाता

**क्यू क्लब सिफ्सा के तत्वावधान में आयोजन**

**मनुष्य को हर हाल में प्रसन्न रहने की दी गई सलाह**

**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाँदा में क्यू क्लब (सिफ्सा) के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदीकरण विषय पर आयोजित हुई। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य, संरक्षक प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यशाला का संयोजन नोडल अधिकारी एवं क्यू क्लब प्रभारी डाक्टर सबीहा रहमानी के द्वारा किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम डाक्टर सबीहा रहमानी ने छात्राओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि जान है तो जहान है, उन्होंनें मनुष्य को हर हाल में प्रसन्न रहने की प्रेरणा प्रदान करते हुए एक शेर सुनाया कि चला जाता हूं हंसता खेलता मौजे हवादिस से, अगर आसानियां हो ज़िन्दगी दुश्वार हो जाए। उन्होंनें कहा कि हमें इस संसार के सर्वश्रेष्ठ प्राणी हैं। हमें हर हाल में सकारात्मक और आशावान रहकर जीवन को सुखमय बनाने का प्रयास करें। मानसिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से आई डाक्टर रिज़वाना हाशमी ने कहा कि हमें पुरातन मानसिकता एवं टेब्यूज़ छोड़कर मानसिक स्वास्थ्य के विषय में खुलकर बात करनी चाहिए। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित बीमारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला, सीज़ोफ्रेनिया, डिप्रेशन और अन्य मानसिक समस्याओं पर सविस्तार प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें तनाव और भग्नाशा जैसी मानसिक समस्याओं को समय रहते सुलझा लेना चाहिए। मास्टर ट्रेनर डॉक्टर अस्तुति वर्मा ने पोषणयुक्त भोजन और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावशील व्याख्यान व पीपीटी प्रजटेंशन दिया। डाक्टर अस्तुति वर्मा मास्टर ट्रेनर के द्वारा छात्राओं को मानसिक संवेदीकरण पर एक डाक्यूमेंट्री मूवी भी दिखाई गई। अंत में छात्राओं का पोस्ट टेस्ट हुआ और उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# नगवा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की नगवा ब्लाक में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता नगवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामविलास पनिका ने की, न्याय पंचायत खलियारी, ओईनी, आमडीह, नवडीहा, रामपुर, चेरूई, के न्याय पंचायत अध्यक्ष गणों ने अपनी बाते रखी, जमुना सिंह यादव ने बताया कि नगमा ब्लॉक में मूल वसींदों को कृषि के लिए सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है सपा बसपा भाजपा सरकारों में सिंचाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जिससे नगमा ब्लॉक पूरी तरीके से भुखमरी के कगार पर है मनरेगा का काम पूरी तरीके से बंद है जिससे मजदूरों को रोजगार के अवसर नहीं प्राप्त हो रहे हैं जिससे कि उसके आधार पंचायत और भूत अध्यक्षों में एक स्वर से गठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामराज सिंह मोड अध्यक्ष लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ रामावतार जोशी प्रदेश सचिव कमलेश ओझा पीसीसी सदस्य बेबी सिंह शशि उपाध्याय (चकिया), प्रदीप मिश्रा, विशिष्ट कुमार चौबे ब्लॉक उपाध्यक्ष राममोहन रामजी पासवान रामलाल राही रामनाथ पासवान विमलेश कुमार विजय भारती, संजय जॉन, लक्ष्मण प्रसाद, कार्यक्रम का संचालन अवनीश राजपूत गंगा ने किया।

# सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक हुई कार्यालय पर संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सहकारित प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर/सोनभद्र के चेयरमैन जगदीश सिंह पटेल जी मौजूद रहे बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक की अध्यक्षता सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी/जिला महामंत्री अमरनाथ पटेल व संचालन जिला मंत्री भाजपा /रावटसगंज की विक्रय सरकारी समिति के अध्यक्ष शंभू नारायण सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि जगदीश सिंह पटेल ने कहा कि हमारे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री है जो लगातार देश के 142 करोड लोगो के उत्थान के लिए दिन रात कार्य कर रहे है जिसमे उन्होने सबसे महत्वपूर्ण किसानो को आय को दुगना करने के लिए हर संभव योजना को सीधे किसानो से जोड रहे है हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का संकल्प है कि कतार मे खडे अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाना सभी समितियों के अध्यक्षों का आह्वान करते हुए मुख्यअतिथि ने कहा कि आपके समिति के जो भी किसान बन्धु सदस्य है समिति द्वारा दिये जा रहे लाभ से अवगत कराना और समिति से ज्यादे से ज्यादे किसानों को जोड़ना यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए हमारी सरकार से पूर्व की सरकारो ने सहकारिता को भ्रष्टाचार का एक अड्डा बना दिया था लेकिन हमारी सरकार आने के बाद अमित शाह जी के नेतृत्व मे सभी समितियों का कंप्यूटराईजेशन किया गया जिससे काफी हद तक कार्य को पारदर्शिता से किया जा रहा है।

सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से देश की जीडीपी मे 40 प्रतिशत योगदान का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए हम सबकी भूमिका इस लक्ष्य को प्राप्त करने मे अति आवश्यक है हम सभी सहकारिता के माध्यम से देश के विकास मे योगदान करके मोदी जी के सपने ''2047'' तक विकसित भारत को पूर्ण कर सकते है। 15 फरवरी के बाद भाजपा का एक बडा कार्यक्रम सहकारिता का होने वाला है जिसमें जिले से 647 अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभी संचालक मण्डल सदस्य उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला महामंत्री/ प्रभारी अमरनाथ पटेल ने आये हुये सभी समितियों के अध्यक्ष उपाध्यक्षों का आदर अभिवादन करते हुए आभार प्रकट व धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर जिला संयोजक सहकारिता रामेश्वर राय, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, बैंक के डायरेक्टर बलदेव सिंह, संतोष बैसवार, शंम्भू नारायण सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, आलोपी अग्रवाल, कमलेश पटेल, विकाश पटेल, रामसेवक मौर्या, सोनिका श्रीवास्तव, प्रदीप चौबे, विद्या पटेल, राघो पटेल, परशुराम शुक्ला, गोरखनाथ बैसवार, महेन्द्र प्रताप सिंह, शिवमुनी पटेल सहित सभी अध्यक्ष उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

CMYK

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ द्वारा अयोजित

# स्मृति प्रार्थना सभा



## स्वर्गीय डॉ. जगदीश गाँधी जी

10 नवम्बर 1936 – 22 जनवरी 2024

**आध्यात्मवादी एवं मानवता के विनम्र सेवक**

के निधन के 13वें दिन उनकी याद में श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आप सादर आमंत्रित हैं।

आइये, हम सभी मिलकर प्रसिद्ध शिक्षाविद्, दूरदर्शी और विश्व एकता एवं शांति के अग्रदूत डॉ जगदीश गाँधी जी की याद में आयोजित इस 'स्मृति प्रार्थना सभा' में शामिल होकर उनको अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करें।

स्थान: वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस, लखनऊ

दिनाँक एवं समय: रविवार, 4 फरवरी 2024, प्रातः 11.00 बजे

**डॉ भारती गाँधी**
संस्थापिका- निदेशिका
सिटी मोन्टेसरी स्कूल

**प्रोफेसर गीता गाँधी किंगडन**
अध्यक्षा एवं प्रबंधक, सी.एम.एस.
मोबाइलः 9415015030

प्रबंधतंत्र
एवं सी.एम.एस के
समस्त कार्यकर्ता

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL